महानगर नई दिल्ली बुधवार 9 अक्तूबर, 2019, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

बुराई पर वार विजयदशमी पर रावण वध के लिए तीर चलाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। प्रधानमंत्री मंगलवार को नई दिल्ली के द्वारका में आयोजित दशहरा समारोह में शामिल हुए। (खबर पेज 8 पर)

तीर और तेजस

करतब भारतीय वायुसेना की स्थापना की 87वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को हिंडन एयरबेस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान करतब दिखाता 'तेजस' विमान। (खबर पेज 4 पर)

फ्रांस में लड़ाकू जहाज हासिल करने के मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा

रफाल विमान से वायु क्षेत्र में बढ़ेगी भारत की ताकत

मेरिनियाक (फ्रांस), 8 अक्तूबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्रांस से खरीदे गए 36 रफाल लड़ाकू विमानों की श्रृंखला में प्रथम विमान यहां मंगलवार को औपचारिक रूप से प्राप्त किया। फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम स्थित मेरिनियाक में रफाल लड़ाकू विमान सौंपे जाने के लिए आयोजित समारोह में सिंह अपनी फ्रांसीसी समकक्ष फ्लोरेंस पार्ले के साथ शरीक हुए। इस समारोह का आयोजन रफाल विमान निर्माता दसौ एविएशन के प्रतिष्ठान में हुआ।

सिंह ने रफाल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने से ठीक पहले नए विमान पर शस्त्र पूजन किया और उस पर 'ओम' तिलक लगाया और पुष्प व एक नारियल चढ़ाया। उनके साथ भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी थे।

सिंह ने उपस्थित लोगों से कहा, 'हमारी वायुसेना दुनिया में चौथी सबसे बड़ी वायुसेना है और मेरा मानना बाकी पेज 8 पर

रक्षा मंत्री ने विमान पर 'ओम' तिलक लगाया और पुष्प व एक नारियल चढ़ाया।

रफाल में उड़ान भरने के बाद राजनाथ ने इसे आरामदेह व सुगम बताया।

59,000 करोड़ रुपए के सौदे के तहत भारत ने सितंबर 2016 में फ्रांस से 36 लड़ाकू विमान खरीद का आर्डर दिया था।

भारत किसी अन्य देश को धमकाने के लिए हथियार नहीं खरीदता है।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री
(विमान में करीब 25 मिनट उड़ान भरने के बाद)

फ्रांस के मेरिनियाक में भारत को दिए गए पहले रफाल की शस्त्र पूजा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

भारत का अहम रणनीतिक साझेदार है फ्रांस : सिंह

पेरिस, 8 अक्तूबर (भाषा)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों से मुलाकात की और दोनों देशों के रक्षा व रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने के बारे में चर्चा की।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एलिसी पैलेस में उनसे मुलाकात के दौरान सिंह ने फ्रांस को भारत का 'महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार' बताया। फ्रांस बाकी पेज 8 पर

विजयदशमी पर संघ प्रमुख भागवत बोले

'भीड़ हत्या' पश्चिमी तरीका, भारत को बदनाम न करें

नागपुर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां कहा कि 'भीड़ हत्या' (लिंचिंग) पश्चिमी तरीका है और भारत को बदनाम करने के लिए इसका इस्तेमाल कतई नहीं किया जाना चाहिए।

विजयदशमी के मौके पर यहां के रेशमीबाग मैदान में 'शस्त्र पूजा' के बाद स्वयंसेवकों से भागवत ने कहा कि लिंचिंग शब्द की उत्पत्ति भारतीय लोकाचार से नहीं हुई, ऐसे शब्द को भारतीयों पर ना थोपें। उन्होंने कहा कि भीड़ हत्या (लिंचिंग) पश्चिमी तरीका है और देश को बदनाम करने के लिए भारत के संदर्भ में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर भागवत ने कहा कि संघ अपने इस नजरिए पर अडिग है कि 'भारत एक हिंदू राष्ट्र' है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि संघ अपने इस नजरिए पर अडिग है कि 'भारत एक हिंदू राष्ट्र' है और हिंदू अगर चाहते हैं कि दुनिया उनकी बात सुने बाकी पेज 8 पर

नागपुर में मंगलवार को विजयदशमी उत्सव को संबोधित करते संघ प्रमुख मोहन भागवत।

भागवत ने कहा कि संघ अपने इस नजरिए पर अडिग है कि 'भारत एक हिंदू राष्ट्र' है और हिंदू अगर चाहते हैं कि दुनिया उनकी बात सुने तो उन्हें एकजुट होने की जरूरत है।

संबंधित खबरें पेज 8 पर

पंजाब में सीमा क्षेत्र में उड़ते देखे गए दो ड्रोन

फिरोजपुर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पंजाब के हुसैनीवाला सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने काफी ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोनों को देखा। इससे पहले पुलिस ने राज्य के सीमा क्षेत्रों में हथियार और आयुध गिराने वाले दो ड्रोन बरामद किए थे।

बीएसएफ के जवान ने पाकिस्तान की तरफ चार बार ड्रोन देखा और उनमें से एक बार तो वह ड्रोन करीब एक किलोमीटर अंदर तक भारतीय क्षेत्र में उड़ता हुआ देखा गया।

हालांकि यह ड्रोन तुरंत ही वहां से ओझल भी हो गया। सैनिकों को कड़ी निगरानी रखने को कहा गया है। वही सीमा की सुरक्षा में लगे जवानों ने सीमा क्षेत्र में रहनेवाले लोगों को भी ड्रोन के बारे में जानकारी दी है और कहा है कि अगर वह जीरो लाइन पर कुछ भी असामान्य देखते हैं तो उसकी सूचना सैनिकों को दें। सितंबर में तरन तारन और अमृतसर से दो ड्रोन बरामद हुए थे।

शी 11 और 12 अक्तूबर को भारत दौरे पर

नई दिल्ली/बेजिंग, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के मंगलवार को चीन पहुंचने के बाद और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा से पहले चीन ने महत्त्वपूर्ण बयान में कहा कि कश्मीर के मुद्दे का समाधान भारत और पाकिस्तान को आपसी बातचीत से निकालना होगा।

चीन ने संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अपने हालिया संदर्भों को छोड़ते हुए यह बात कही।

भारत और चीन दुनिया के प्रमुख विकासशील देश हैं और प्रमुख उभरते बाजार हैं। वुहान अनौपचारिक शिखर सम्मेलन (पिछले साल) के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में अच्छी गति आई है।
-गेंग शुआंग, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने पत्रकारों के साथ बातचीत में शी की भारत यात्रा के बारे में सुनिश्चित करते हुए कहा कि 11 और 12 अक्तूबर को चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग भारत के दौरे पर रहेंगे। इस बाबत पिछले 24 घंटे में चीन के साथ बाकी पेज 8 पर

भारतीय उपमहाद्वीप का अलकायदा प्रमुख ढेर



काबुल, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

अमेरिका और अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान में अल कायदा की दक्षिण एशिया शाखा के सरगना को पिछले महीने ढेर कर दिया है। अफगान अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। अलकायदा इन इंडियन बाकी पेज 8 पर

सीमा पर फिर सक्रिय 20 आतंकवादी शिविर

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में सर्दियों से पहले आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए नियंत्रण रेखा के पास 20 आतंकी प्रशिक्षण शिविर और 20 आतंकी अड्डे (लॉन्च पैड) को सक्रिय किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी बाकी पेज 8 पर

सोनिया, राहुल करेंगे सभाएं तो रोड शो में शामिल होंगी प्रियंका

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

हरियाणा विधानसभा के कड़े चुनावी मुकाबले में भाजपा हुकूमत को चलता कर सत्ता में वापसी का दम भर रही कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाने के लिए पार्टी के स्टार प्रचारकों की फौज जल्दी ही जोर आजमाइश करेगी। पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सूबे के अलग अलग इलाकों में कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों व अन्य वरिष्ठ नेताओं की चुनावी सभाएं भी प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी लंबे समय बाद किसी चुनावी जलसे में नजर आएंगी। अपनी खराब सेहत की वजह से उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान खुद को चुनाव प्रचार से दूर रखा। लेकिन अब हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में उनकी कई सभाओं के आयोजन की तैयारी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़े पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष गांधी हरियाणा के अंबाला, सोनीपत तथा महेंद्रगढ़ हलकों में अलग अलग चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगी। इसी प्रकार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चुनावी सभा तथा रोड शो मेवात व सिरसा के बाकी पेज 8 पर

अंबाला, सोनीपत व महेंद्रगढ़ में सोनिया की जनसभाएं प्रस्तावित।

राहुल सिरसा व मेवात में करेंगे जनसभाओं को संबोधित।

प्रियंका फरीदाबाद, रोहतक व कुरुक्षेत्र में रोड शो व सभाओं में होंगी शामिल।

इनेलो के दो पूर्व सांसद कांग्रेस में गए

चंडीगढ़, 8 अक्तूबर (भाषा)।

हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंगलवार को इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) को झटका देते हुए पार्टी के दो पूर्व सांसद कांग्रेस में शामिल हो गए। सिरसा में पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी और सुशील कुमार इंदोरा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हुए।

दरअसल

पीड़ा

पीड़ितों से किए वादे अभी भी पूरे नहीं

मृतक-सूची में नाम दर्ज कराने की भागदौड़ जारी

एक साल बाद भी नहीं भरे अमृतसर हादसे के घाव

अमृतसर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

शहर के लोगों के लिए यह दशहरा पिछले साल के हादसे की खौफनाक यादें ले कर आया है जब रेलवे पटरियों पर खड़े होकर रावण दहन देख रहे 61 लोगों को एक ट्रेन कुचलती चली गई थी और देखते ही देखते कई परिवारों में मातम पसर गया था। इस हादसे का असर आज भी कई परिवारों पर साफ नजर आता है, जो एक जद्दोजहद के साथ जिंदगी गुजार रहे हैं।

19 अक्तूबर, 2018 की शाम अमृतसर के जोड़ा फाटक के पास एक डीएमयू (डीजल मल्टीपल यूनिट) रेलवे लाइन पर खड़ी भीड़ को कुचलती चली गई थी। हादसे के पीड़ित राजेश कुमार ने कहा, 'मेरे पिता बलदेव कुमार की हादसे में गंभीर रुप से घायल होने के पांच माह बाद मृत्यु हो गई थी। हम आज भी उनका नाम हादसे के मृतकों की सूची में दर्ज कराने के लिए भाग-दौड़ कर रहे हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार या राज्य सरकार की तरफ से उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला।

इस साल पटरियों के पास दशहरा आयोजन की अनुमति नहीं।

19 के बजाय 10 जगहों पर रावण दहन की अनुमति।

पति की मौत के बाद दो वक्त का भोजन मिलना भी मुश्किल हो गया है। जो भी बचत हमने कर रखी थी, वह सब पति के इलाज में खर्च हो गई और अब हम असहाय महसूस कर रहे हैं।
-कांता रानी, मृतक बलदेव कुमार की पत्नी

मृतक बलदेव कुमार की पत्नी कांता रानी का कहना है, 'पति की मौत के बाद दो वक्त का भोजन मिलना भी मुश्किल हो गया है।' उन्होंने कहा कि पंजाब के पूर्व मंत्री और स्थानीय विधायक नवजोत सिंह सिद्धू और उनका परिवार भी हमारी पीड़ा नहीं सुन रहे। 'जो भी बचत हमने कर रखी थी, वह सब पति के इलाज में खर्च हो गई और अब हम असहाय महसूस कर रहे हैं।'

हादसे में पति दिनेश (32) और बेटे अभिषेक(9) को खो चुकी प्रीति रोते हुए कहती हैं, 'मुआवजा हमारे लिए पर्याप्त नहीं था। मुझे एक सरकारी नौकरी चाहिए और गुनहगारों को सजा मिलनी चाहिए। अन्यथा मेरा पूरा जीवन ऐसे ही बदहवास गुजर जाएगा।' हादसे में अपने 15 वर्षीय बेटे सचिन को खो चुके नवजीत कहते हैं, 'कोई मेरे बेटे को वापस नहीं ला सकता। कम से कम हमारी सरकार को इन रेल दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी लेनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसे हादसे न हों। गुनहगारों को कड़ी सजा मिलेगी तभी ऐसे हादसे रुकेंगे।' प्रशासन का कहना है कि इस बार हमने दशहरा आयोजनों के लिए अनुमति देने में बाकी पेज 8 पर

जनसत्ता

क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,Ravinder Bansal,S/O-Shri Surinder Kumar Bansal R/O Flat no-37,Vasundhra Apartment, Sector-9, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Ravinder Kumar Bansal. 0040515292-6

I,Priyanka Malik,W/O-Ganesh Kapoor,R/O-H-2/11-12,Sector-16, Rohini Delhi-110089, have changed my name from Priyanka Malik to Priyanka Kapoor and after my re-maariage,my husband's name will be known as Ganesh Kapoor in future. 0040515292-7

I,Priyanka Kapoor,W/O-Ganesh Kapoor,R/O-H-2/11-12,Sector-16,Rohini,Delhi-110089,have changed my minor son name from Neal Malik to Neal Kapoor and his father name will known Ganesh Kapoor in.Future. 0040515338-1

I,Priyanka Kapoor,W/O-Ganesh Kapoor,R/O-H-2/11-12,Sector-16,Rohini,Delhi-110089,have changed my minor daughter name from Reet Malik to Reet Kapoor and her father name will known Ganesh Kapoor in.Future. 0040515338-2

I, Shivam Roda S/O Sushil Roda born on 04/10/1997 residing at C-108,Sushant Lok-1, have changed my name to Shivam R Roda vide affidavit dated 30/09/2019 at Gurugram 0050156408-1

I, Rakesh Jain S/o Telu Tam Jain, A-3/38, Sector-18, Rohini,Delhi-110089, have changed my name to Rakesh Kumar for all purposes. 0040515338-3

I, Mohammad Ismaeel Dehlavi S/o Allah Diya R/o Flat No.A-1/5 DDA Flats Sarai Khalil Sadar Bazar Delhi-110006 have changed my name to MD ISMAIL for all purposes. 0040515017-1

खोया+पाया

Lost my original Property document GPA CONDIDERATION AND SALE DEED LR. No-1687295/2019, from C-33, Ram Gall Basti, Nanak Chand, Kotla, Mubarkpur, Delhi-110003, finder pls contact above address Bimla Devi D/O Shri Mool Chand. 0040515292-5

PUBLIC NOTICE

Be it known to all public in General that my client Sh. Surinder Singh S/o Karam Singh R/o NA-62, Gali No. 5, Near. Gurudwara Mandir, Vishnu Garden, New Delhi-110018, have severed all relations with his Son Gurdeep Singh and debar him from all his moveable and immoveable properties. Anybody dealing with him in any manner shall do so at his/their own risk and responsibility/consequences. My client & his family members shall not be responsible for his acts & deeds.
Mohinder Dhawan (Advocate)
D-643/97 (R), Bar Room No. 3, Tis Hazari Courts, Delhi-110054

PUBLIC NOTICE

My Client Sh. Niranjan Singh, Aged about 60 years, S/o Sh. Ram Chandra and Smt Omwati Devi W/o Sh. Niranjan Singh R/o A-291, A-Block, H.No. A-223 to 325, Madhu Vihar, New Delhi-110059, have no relations with their son (1) Mr. Manish Kumar, aged about 27 years and his wife Mrs Jyoti Kumari aged about 27 years from today. Above mentioned persons are not under control and supervision of my client, on account of the same, my clients disowned and debarred from his/her movable and immovable property. If anybody/persons deal with them, he will do so on his risk and consequences for any purpose, my client will have no responsibility/accountibility for any acts and transactions entered by these persons. My clients shall not be held responsible for the same in any manner whatsoever for past, present and future.
Ankush Gautam, Advocate
E.No.D/2411/15

PUBLIC NOTICE

NOITCE IS HEREBY GIVEN TO THE PUBLIC at large with the fact that Arvind Bhardwaj & Ashutosh Bhardwaj are the jointly owners in possession of the property bearing No.C-186, Sarvodaya Enclave, New Delhi (Property). That the original Perpetual Sub Lease Deed dated 05.10.1968 duly registered with the office of Sub Registrar III, Delhi bearing Reg.no. 249 Book-1, Vol. no. 2103 page No. 100 to 106 dated 11.01.1969 executed by DDA and Govt. Employees Sarvodaya Co-Operative House Building Society Ltd. in favour of Sh. Sh. Rameshwar Narain Bhardwaj of the aforesaid property has been lost somewhere. An FIR /NCR to that effect has been already lodged to Crime Branch, Delhi Police vide LR No: 1690202/2019 on 06/10/2019.
Any person(s) dealing in any way with the said property shall do so at his/her own peril as the same shall be considered legally null and void.
Anybody aware of any such persons claiming any right, interest, title based on the said Perpetual Sub Lease Deed, or being found in possession of the same, may please write to/contact Mr. Vishnu Kumar, Advocate, at his office-Chamber No.5, Ground Floor, Rohini court, Delhi and on his Mobile No.+91-9650267092 within 15 days from the date of publication of this notice.

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012355-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
VIJAY PAL
Notice to VIJAY PAL R/O H NO 27, TAJPUR TEH MILAK, RAMPUR UTTAR PARDESH-244901
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated, this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012360-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
MEHANDI HASAN
Notice to MEHANDI HASAN R/O H NO 689, AJEETPUR-4, RAMPUR-244901 UTTAR PARDESH
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012455-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
SHASHI PAL
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012366-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
NAJIM KESAR
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012368-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
MOHD ISLAM
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012361-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
NABI HUSSAIN
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-010758-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
AKAVAR ALI
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-011002-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
SOORYA HEIGHCON PVT LTD
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
DATED, THIS DAY OF 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012351-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
SATAVEER ROOPCHAND
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012353-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
SAJJAN BADALU
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana
Dated, this day of 24-09-2019

Court Notice
In the court of : Sh. Gurdarshan singh JMIC ludhiana
CNR No. PBLD03-012357-2017
Next Date: 08-11-2019
KOTAK MAHINDRA BANK
V/S
IKRAR AHAMAD
GURDARSHAN SINGH
JMIC,ludhiana

खाली पड़ी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए निजी एजंसी तैनात करेगा केंद्र

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय खाली पड़ी सरकारी जमीन, बंगलों और फ्लैट को कब्जे से बचाने के लिए निजी सुरक्षा एजंसी की सेवा लेगा।

मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रमुख निर्माण एजंसी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) को निजी सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने का काम सौंपा गया है। इन सुरक्षाकर्मियों में पूर्व सैनिकों को वरीयता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजंसियों को सुरक्षाकर्मियों की तैनाती से पहले उनका सत्यापन दिल्ली पुलिस से कराना होगा। उसके बाद ही उन्हें खाली पड़े सरकारी बंगलों, जमीन और फ्लैटों में तैनात किया जाएगा।

> सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बावजूद अगर अतिक्रमण होता है तो एजंसी को जमीन, बंगले या फ्लैट पर अनधिकृत कब्जा रहने तक हर दिन 1000 रुपए का जुर्माना देना होगा

सुरक्षा एजंसी को एक साल के लिए नियुक्त किया जाएगा और वह खाली पड़ी संपत्ति पर हर समय दो सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करेगी। दिल्ली में ऐसी हजारों खाली पड़ी संपत्ति हैं, जहां अक्सर अतिक्रमण की शिकायत मिलती है। उन्हें कब्जे से बचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। सूत्रों ने बताया, 'सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बावजूद अगर अतिक्रमण होता है तो एजंसी को जमीन, बंगले या फ्लैट पर अनधिकृत कब्जा रहने तक हर दिन 1000 रुपए का जुर्माना देना होगा।' सरकार के अनुमानों के मुताबिक सुरक्षा एजंसी की नियुक्ति के लिए 93 लाख रुपए की जरूरत होगी।

साठ विद्यार्थियों की मदद करेगा एचआरडी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय देश के 60 विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में ऊंचाई पर पहुंचने में सहायता करेगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नवोन्मेष शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 'ध्रुव' की शुरुआत की गई है।

नई दिल्ली में मंगलवार को दुर्गा पूजा के दौरान सिंदूर खेला में शामिल महिलाएं। फोटोः अरुण चोपड़ा

वैष्णो देवी के दर्शन किए 62.71 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने

जम्मू, 8 अक्तूबर (भाषा)।

इस वर्ष 62.71 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। इनमें से 3,64,643 श्रद्धालुओं ने नवरात्र में देवी के दर्शन किए। यह आंकड़ा पिछले कुछ वर्षों में सर्वाधिक है, अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि पांच अगस्त को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद से 15 लाख से अधिक श्रद्धालु वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके हैं। वैष्णो देवी तीर्थ स्थल जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित है। अनुच्छेद 370 के प्रावधान हटाने के बाद जम्मू संभाग में लगी पाबंदियों में एक सप्ताह के भीतर ढील दे दी गई थी।

माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की स्थापना 1986 में की गई थी तब से श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2012 में यह संख्या एक करोड़ तक पहुंच गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष जनवरी में श्रद्धालुओं की संख्या पांच लाख से अधिक पहुंच गई थी, जो फरवरी में गिर कर 2.69 लाख रह गई थी। पुलवामा हमले और उसके बाद के घटनाक्रम के कारण मार्च में केवल 4.62 लाख श्रद्धालुओं ने ही तीर्थ के दर्शन किए। सोमवार को जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने गृह विभाग द्वारा जारी परामर्श 10 अक्तूबर से वापस लेने का निर्देश दिया है।

वैष्णो देवी गुफा के प्रवेश स्थान पर हाल ही में स्वर्ण द्वार बनाया गया है, जिस पर देवी दुर्गा की नौ छवियां अंकित हैं। इसके अलावा हाल ही में शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन भी इस वर्ष नवरात्र के आकर्षण का केंद्र रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से कटरा तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को श्रद्धालुओं के लिए नवरात्र का तोहफा बताया। गृह मंत्री अमित शाह ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए बड़ा तोहफा बताया था।

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री चौबे ने कहा

महामारी के खतरे पर सचेत रहें अधिकारी

भागलपुर, 8 अक्तूबर (जनसत्ता)।

दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने दुर्गापूजा व मेले का मजा किरकिरा कर दिया। साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए आफत की बारिश बनी है। मंत्री, आलाधिकारियों के दौरों का दौर शुरू हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने भागलपुर आकर बाढ़ राहत शिविरों का मुआयना किया है। डॉक्टरों की टीम और यहां के जेएलएन भागलपुर मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक आरसी मंडल व डॉक्टरों के साथ बैठक की, जिसमें बाढ़ के बाद महामारी फैलने के खतरे पर सचेत रहने की हिदायत दी।

मगर राहत शिविरों की हालत खस्ता है। पशु चारे का घोर अभाव है। चारे की थोड़ी सी व्यवस्था कर खानापूरी की गई है। बाढ़ पीड़ित शंकरपुर दियारा के सुखदेव महतो बताते हैं कि जरूरत के मुताबिक चारा नहीं मिल रहा है। ये टीएनबी कॉलेजिएट स्कूल के शिविर में करीब पंद्रह दिनों से हैं। छोटे बच्चों को समय पर दूध और बड़ों को भोजन भी कम मात्रा में देने की शिकायत शिविरों में मिली। गंगा नदी का पानी धीमी गति से नीचे सरक रहा है। ऊपर से दो दिनों से हो रही बारिश इन पीड़ितों के लिए आसमान से आफत बरसा रही है।

असल में ये खुले में रहने की वजह से इनकी तबाही ज्यादा है। जिले के 16 प्रखंड के 122 पंचायत के 419 गांव की तकरीबन पांच लाख आबादी और एक लाख मवेशी बाढ़ से प्रभावित हैं। बिहार में पटना के बाद सबसे प्रभावित इलाका भागलपुर है। केंद्रीय जांच दल ने भी आकर शनिवार और इतवार को मुआयना किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद भी हवाई सर्वे कर गए हैं। जिलाधीश और यहां के दूसरे अधिकारी रोजाना इलाके व शिविर का निरीक्षण करने निकलते हैं। इन्हें फिक्र इस बात की है कि बड़े बांध कटाव की वजह से टूटे तो जिले में बड़ी बर्बादी का सबब बन जाएगी। पर आयुक्त को इन सब बातों से मतलब नहीं है। वे अभी तक केवल एक शिविर जाकर खानापूर्ति कर ली है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव व भागलपुर जिले के प्रभारी सचिव चंचल कुमार ने कटाव ग्रस्त और बाढ़ से घिरे इलाके का दौरा कर सभी महकमों के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक की। कहा कि पैसों की कमी नहीं है। बाढ़ पीड़ितों तक राहत हर हाल में पहुंचे। कोताही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पशु चारे की कमी नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य महकमा कैंप लगाकर जांच करे। जरूरी दवा का वितरण करे।

नागा संन्यासी अखाड़ों में मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र पूजन संपन्न

जनसत्ता संवाददाता
देहरादून, 8 अक्तूबर।

दशहरे के दिन आदि जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित दशनामी संन्यासी परंपरा के नागा संन्यासी अखाड़ों में शस्त्र पूजन का विधान है। पिछले 2500 वर्षों से दशनामी संन्यासी परंपरा से जुड़े नागा संन्यासी इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए अपने-अपने अखाड़ों में शस्त्र पूजन करते हैं। अखाड़ों में प्राचीन काल से रखे सूर्य प्रकाश और भैरव प्रकाश नामक भालों को देवता के रूप में पूजा जाता है।

वैदिक विधि-विधान के साथ दशनामी संन्यासी इन देवताओं रूपी भालों की पूजा करते हैं। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए दशहरे के दिन श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा, कनखल में भैरव प्रकाश और सूर्य प्रकाश नामक भाले देवता के रूप में पूजे गए। उन्हें दूध, दही, शहद, फल-फूल और नवरात्र के अवसर पर उगाए गए हरेले से पूजा गया। यह भैरव प्रकाश और सूर्य प्रकाश देवता रूपी भाले कुंभ मेले के अवसर पर अखाड़ों की पेशवाई के आगे चलते हैं और इन भालों रूपी देवताओं को कुंभ में शाही स्नानों में सबसे पहले गंगा स्नान कराया जाता है।

उसके बाद अखाड़ों के आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर जमात के श्री महंत और अन्य नागा साधु स्नान करते हैं।

इसीलिए विजयादशमी के अवसर पर अखाड़ों में शस्त्र पूजन का विशेष महत्त्व है। श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के सचिव श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि दशहरे के दिन हम अपने प्राचीन देवताओं और शस्त्रों की पूजा करते हैं, क्योंकि आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने राष्ट्र की रक्षा के लिए शास्त्र और शस्त्र की परंपरा की स्थापना की थी। धर्म रक्षा के लिए आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने नागा संन्यासियों के कारणों की स्थापना की और उन्हें मंत्र दिया। एक हाथ में भाला, एक हाथ में माला। यानी जो विद्वान संत होते हैं, वे शास्त्रों से दूसरे धर्मों के आचार्यों से संवाद करते हैं और जो बाहुबली होते हैं, वे अपने बाहुबल से धर्म की रक्षा करते हैं। मंगलवार को पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा में विद्वान पंडितों ने तीर्थ पुरोहित पंडित अवधेश शर्मा भगत के सानिध्य में मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र पूजन संपन्न कराया।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल प्रेम शंकर मिश्रा पुत्र स्व. राम किशन मिश्रा R/o RZ-C-105B, Dabri Ext., N.D.-45 ने अपने पुत्र पारुल मिश्रा, उसकी पत्नी रेनू मिश्रा एवं उनके बच्चे पलक और पार्थ को उनके गलत व्यवहार/आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल/वंचित कर दिया है। मेरे मुवक्किल का इनके किसी भी कार्य से कोई लेना-देना नहीं है।
गौरव सहदेव, एडवोकेट
बी-1सी/4ए, जनकपुरी, नई दिल्ली-58

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, AMAR SINGH PUNDIR S/O BACHAN SINGH residing at H NO.-RZ-26P/267, GALI NO-1, INDRA PARK, PALAM COLONY, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI-110045. Declare that name of mine and my wife has been wrongly written as AMAR SINGH and VISHAMBARI in my daughter ISHA age 9 years and the name of my wife has been wrongly written as BISA (BISHAMVARI DEVI) in my minor daughter RIDHI PUNDIR age 14 years in Their school records. The actual name of mine and my wife are AMAR SINGH PUNDIR and VISHAMBARI PUNDIR respectively which may be amended accordingly.

उपराष्ट्रपति नायडू कल से कोमोरोस और सिएरा लियोन के दौरे पर

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू अफ्रीकी देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की पहल को आगे बढ़ाने के लिए दस अक्तूबर से कोमोरोस और सिएरा लियोन के दौरे पर जाएंगे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिणपूर्वी तटीय क्षेत्र के इन दोनों देशों की भारत के किसी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की यह पहली यात्रा होगी। यात्रा के पहले चरण में नायडू कोमोरोस की राजधानी मोरोनी में वहां के राष्ट्रपति अजाली असोमनी से मुलाकात करेंगे। वह वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों को संबोधित भी करेंगे।

नायडू 11 अक्तूबर को कोमोरोस के राष्ट्रपति के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में शामिल होंगे और इसके बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में भारत और कोमोरोस के बीच विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस दौरान वह कोमोरोस की संसद को भी संबोधित करेंगे।

इसके बाद वह सिएरा लियोन की राजधानी फ्रीटाउन के लिए रवाना होंगे। नायडू सिएरा लियोन के विदेश मंत्री से मुलाकात के बाद 13 अक्तूबर को नायडू वहां के राष्ट्रपति जूलियस माडा बियो से मुलाकात करेंगे।

The Indian EXPRESS
Classifieds
FROM ANYTHING TO EVERYTHING
EXPRESS EDUCATION
BHARTI CONCEPT
MATHS
by S.S. Bharti
SSC-T1, T2, Banking, CSAT & PCS
& ALL GOVT. SERVICES
Batch Starts 10th Oct. 2019
At 11:30AM to 01:00PM
GS
Batch Starts 10th Oct. 2019
At 11:00AM to 12:30PM
DR. MUKHERJEE NAGAR, DELHI-9
9136335283, 09250291082
Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service
Ph.23276901, 23282028 (M): 9212008155, 9212665841.

पूनिया ने बड़ा जलसा कर राजस्थान भाजपा अध्यक्ष का पद संभाला

जनसत्ता ब्यूरो
जयपुर, 8 अक्तूबर।

राजस्थान भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने मंगलवार को यहां अपने पद का कामकाज संभाल लिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा दफ्तर पर बड़ी सभा का आयोजन हुआ और उसमें प्रदेश के हजारों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री और प्रदेश के चुनाव प्रभारी रहे प्रकाश जावडेकर समेत दिग्गज नेता मौजूद थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने पूनिया को पिछले महीने ही प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया था।

राज्य भाजपा में मंगलवार को नई शुरूआत हो गई। प्रदेश में तीन महीने से खाली चल रहे प्रदेश अध्यक्ष के पद का कामकाज सतीश पूनिया ने समारोहपूर्वक संभाला। पूनिया के पदभार ग्रहण समारोह में नेताओं ने केंद्र सरकार के कामकाज को आम जनता के बीच ले जाने की बात कही। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृह मंत्री अमित शाह का आभार जताया कि उन्होंने राजस्थान में संगठन की कमान एक युवा कार्यकर्ता को सौंपी है।

जावडेकर ने कहा कि पूनिया भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। पूनिया की कार्यकर्ता की छवि के चलते ही उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला केंद्रीय नेतृत्व ने किया है। प्रदेश में मदनलाल सैनी के निधन के बाद से ही अध्यक्ष पद रिक्त चल रहा था। पूनिया ने पद संभालने के बाद कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे कार्यकर्ताओं के सहयोग से निभाएंगे। पूनिया ने दावा किया कि राजस्थान में संगठन पहले से ही बहुत मजबूत है और अब इसे और मजबूती प्रदान की जाएगी।

उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन जैसे साधारण कार्यकर्ता का संगठन के सर्वोच्च पद पर पहुंचाना ही साबित करता है कि भाजपा में कार्यकर्ता ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर विफल करार देते हुए कहा कि जनहित विरोधी नीतियों के खिलाफ पार्टी सड़क पर संघर्ष करेगी।

बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरते समय हादसा

रिसाव से हुए विस्फोट में मां व बेटी की मौत, एक घायल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

दिल्ली के करावल नगर में बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरते समय विस्फोट होने से दो महिलाओं की मौत हो गई और एक व्यक्ति झुलस गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि एलपीजी सिलेंडर में गैस लीक होने की वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर अन्य बिंदुओं से भी जांच कर रही है।

अग्निशमन विभाग और दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह हादसा मंगलवार को सुबह पौने 11 बजे हुआ। करावल नगर के नया सभापुर मोहल्ले के पास धन-धन सतगुरु आश्रम के पास बुजुर्ग रमा देवी (62) अपनी बेटी हेमलता (38) और राजेश (40) के साथ बैठी थीं तभी सिलेंडर में तेज धमाके के साथ विस्फोट हुआ और मां-बेटी के साथ राजेश विस्फोट की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि राजेश ही सिलेंडर में गैस भर रहा था। आनन-फानन में तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां मां-बेटी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि राजेश की हालत गंभीर बनी हुई है। शुरुआती जांच में स्थानीय लोगों का कहना था कि यहां बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरने का काम होता था। मंगलवार सुबह गैस भरते समय गैस रिवास होने से सिलेंडर में आग लग गई। साथ ही पास में रखे दो छोटे सिलेंडर भी फट गए। सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर पूरे मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

पहले भी हो चुके हैं हादसे

इससे पहले इसी साल जुलाई में दिल्ली के मोतीनगर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से पांच लोग झुलस गए थे। यह हादसा बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस भरने के दौरान हुआ था। वहीं, 30 जून को शाहदरा में सिलेंडर धमाके से आग लग गई थी। इस हादसे में भी पांच लोग झुलस गए थे।

- रविवार सुबह पौने 11 बजे करावल नगर में हुआ हादसा
- दिल्ली अग्निशमन विभाग के दो दमकल वाहनों ने पाया आग पर काबू

दंभ हुआ चूर दशहरे के अवसर पर लाल किले के पास रामलीला मैदान में रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। इस मौके पर मेला भी लगा। फोटो : अरुष चोपड़ा

केजरीवाल के डेनमार्क दौरे को मंजूरी नहीं

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सी-40 जलवायु सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विदेश मंत्रालय ने इस दौरे के लिए केजरीवाल को राजनीतिक मंजूरी देने से मना कर दिया है। केजरीवाल मंगलवार दोपहर दो बजे सम्मेलन के लिए रवाना होकर भारत की आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थे। सूत्रों के अनुसार विदेश मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के शहरी विकास मंत्री फरहाद हकीम को सम्मेलन में शामिल होने की मंजूरी दे दी है।

सम्मेलन में केजरीवाल दिल्ली में आप सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों समेत कई अन्य मुद्दों पर संबोधित करने वाले थे। पिछले हफ्ते केजरीवाल के डेनमार्क दौरे के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि सभी सूचनाओं को ध्यान में रखकर कोई भी फैसला लिया जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा, मैं राजनीतिक मंजूरी के लिए सवालों का जवाब नहीं देना चाहता। यदि आप समझदार हैं तो आपको इसकी प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी होगी। हमें हर महीने मंत्रालयों, सचिवों, नौकरशाहों से राजनीतिक मंजूरी के लिए सैकड़ों अनुरोध मिलते हैं। एक निर्णय कई सूचनाओं पर आधारित होता है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की प्रकृति का भी ध्यान रखा जाता है जहां व्यक्ति भाग लेने जा रहा है। अन्य देशों की भागीदारी के स्तर को भी ध्यान में रखकर इस तरह के निमंत्रण को मंजूरी दी जाती है। 22 सितंबर को दिल्ली सरकार ने आधिकारिक बयान में कहा था कि मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली में वायु प्रदूषण कम करने के आप सरकार के प्रयासों और अनुभव को शिखर सम्मेलन में साझा करने की उम्मीद है। आप सरकार के प्रयासों की बदौलत दिल्ली के वायु प्रदूषण में 25 फीसद तक की कमी आई है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने इसे 'बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण' बताते हुए कहा, 'इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल होगी। लोग क्या सोचेंगे कि हमारी संघीय संरचना कैसे काम करती है। केंद्र सरकार हमारे खिलाफ क्यों है?'

उधर, इस मामले में 'आप' के पूर्व विधायक कपिल मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मुख्यमंत्री की यात्रा पर रोक लगाना स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सामने प्रदूषण के मामले में झूठ बोला जाता, जिससे दिल्ली का अपमान होता।

एसओएल विद्यार्थियों ने डीयू कुलपति का पुतला फूंका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) से संबद्ध स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के विद्यार्थियों ने मंगलवार को दशहरे के मौके पर डीयू कुलपति का पुतला फूंका। एसओएल में बिना तैयारी के सीबीसीएस पाठ्यक्रम लागू करने के खिलाफ छात्र विरोध कर रहे थे। पिछले दिनों क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाइएस) ने एसओएल विद्यार्थियों के बीच इस सवाल को लेकर जनमत संग्रह का भी आयोजन किया था, जिसमें अधिकतर विद्यार्थियों ने सीबीसीएस पाठ्यक्रम को इस साल लागू करने के फैसले को पूरी तरह से नकारा था।

इतना ही नहीं सीबीसीएस पाठ्यक्रम लाने के संबंध में डीयू प्रशासन ने जो वादे किए थे, वो उनसे भी मुकर गया है। सीबीसीएस पाठ्यक्रम लाने के बाद से आज तक एसओएल केंद्रों पर हुईं कक्षाओं में भारी अफरा-तफरी व्याप्त रही है। विद्यार्थियों को पर्याप्त कक्षाएं देने और सभी को छापी हुई पाठ्य सामग्री मुहैया कराने संबंधी वादों से मुकरने पर केवाइएस ने डीयू प्रशासन की कड़ी भर्त्सना की। केवाइएस ने इस मामले पर केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय से तुरंत हस्तक्षेप की भी मांग की है, ताकि लाखों विद्यार्थियों का भविष्य खराब होने से बचाया जा सके। केवाईएस आने वाले दिनों में अपना आंदोलन तीव्र करेगा।

बंगला साहिब गुरुद्वारे में प्लास्टिक पर रोक

लंगर और पानी के लिए स्टील के बर्तनों का होगा इस्तेमाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

प्लास्टिक के खिलाफ जारी अभियान का हिस्सा बनते हुए दिल्ली के बंगला साहिब गुरुद्वारे ने भी अपने परिसर में सभी तरह के प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि गुरु नानक देव की 550वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों के हिस्से के तौर पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी स्थित सबसे बड़े गुरुद्वारा परिसर ने डिस्पोजेबल प्लेटें, गिलास, चम्मच, थर्माकोल के कप-प्लेट और अन्य एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है और इनकी जगह लंगर और पानी बांटने के लिए स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

सिरसा ने कहा कि रोजाना करीब 5000 प्लास्टिक की थैलियां और थर्माकोल के कप-प्लेटों का इस्तेमाल श्रद्धालुओं को प्रसाद, फल और अन्य सामान देने के लिए किया जाता है। अब दो अक्तूबर से इनकी जगह पर्यावरण के अनुकूल जूट के थैले और दोने और प्लेट (पत्ते से बने कटोरे और प्लेट) का इस्तेमाल किया जा रहा है।

डीएसजीएमसी ने एक पुनर्चक्रण संयंत्र भी स्थापित किया है, जिसमें दो टन तक फूलों, लंगर के कचरे और सूखे पत्तों को रोजाना दोबारा उपयोग किया जा सकता है। जैविक कचरे को खाद और वर्मी कम्पोस्ट (कृमि खाद) में परिर्वितत किया जाता है।

शहरी विकास मंत्रालय की पहल

दस फीसद प्लास्टिक का उपयोग कर बनाएंगे सड़कें

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

- बिटुमिन के साथ मिलाकर सड़कों को बनाया जाएगा बेहतर

देश भर में जल्द ही प्लास्टिक से बनी सड़कें नजर आएंगी। मंगलवार को शहरी विकास मंत्रालय के सचिव डीएस मिश्रा ने बताया कि एक बार उपयोग की जाने वाली प्लास्टिक को खत्म करने के लिए मंत्रालय यह पहल करने जा रहा है। इसके तहत 10 फीसद प्लास्टिक का प्रयोग कर सड़कों का निर्माण होगा। यह प्लास्टिक बिटुमिन (सड़क बनाने में उपयोग किया जाने वाला एक प्रकार का काला तेल) की जगह प्रयोग होगी। वे एक प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

शहरी विकास मंत्रालय के सचिव ने बताया कि इस समय सीमेंट की फैक्ट्री के 238 संयंत्र में ऐसी व्यवस्था है, जहां प्लास्टिक को खत्म किया जा सकता है। इस प्लास्टिक का उपयोग 1500 स्थानों पर प्रयोग कर रहे हैं और इसे सड़क निर्माण के लिए प्रयोग होने वाले बिटुमन की जगह भी प्रयोग किया जा सकता है। शहरी क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों पर प्लास्टिक 10 फीसद प्रयोग होगा। इससे सड़कें बेहतर होंगी। देश में इस समय 29 जगह कचरे से बिजली के संयंत्र चलाए जा रहे हैं। आज इसके माध्यम से फर्नीचर, टाइल आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत शहरी विकास मंत्रालय ने प्लास्टिक का रावण बनाकर की है। यह पहल प्रधानमंत्री की अपील के बाद पहल की गई है। शहरी विकास मंत्रालय के सचिव ने बताया कि एक बार प्रयोग होने वाली प्लास्टिक का प्रयोग रोकने के चलाई गई मुहिम में अब तक 5 करोड़ से ज्यादा लोग इस प्रकार के जागरण से जुड़े हैं। इसके तहत अब तक 70 हजार कार्यक्रम किए गए हैं और देश की कोई भी नगर पालिका इससे अछूती नहीं रही है।

भाजपा नेता विजय गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार बुराईयों के खिलाफ लड़ रहे हैं और प्लास्टिक के खिलाफ अभियान भी शुरू किया गया है। शहरी विकास मंत्रालय की मदद से प्लास्टिक से बने रावण से यह संदेश जाएगा कि इस वजह से पर्यावरण को नुकसान होता है। ऐसे रावण को हमें मारना है। इस प्लास्टिक की मदद से तेल भी बन सकता है। यह 20 फीसद तक सस्ता भी होगा। इस रावण को जलाकर नहीं प्राकृतिक तरीके से खत्म किया जाएगा। इसलिए श्रीराम लीला कमेटी के अंदर 4 पुतले प्लास्टिक का बनाए गए हैं। इस मौके पर आइएएस अधिकारी वर्षा जोशी, सीमेंट एसोसिएशन व धार्मिक रामलीला कमेटी के सदस्य भी उपस्थित थे।

पहली बार मत देने वालों पर भाजपा की नजर

पंकज रोहिला
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नजर है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इन नए मतदाताओं को सीधे भाजपा से जोड़ा जा सके इसके लिए जल्द ही एक विशेष अभियान शुरू होगा। अभियान में भाजपा 18 साल की उम्र वाले युवाओं को मतदाता बनने में मदद करेगी और इन्हें पार्टी कैडर से जोड़ने की पहल करेगी।

इन युवाओं की मदद के लिए पार्टी ने एक विशेष टीम भी तैयार की है, जो बुधवार से ही मतदाताओं से संपर्क करना शुरू करेगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि मुहिम को सफल बनाने के लिए पार्टी ने हर बूथ पर कम से कम 100 नए मतदाताओं को जोड़ने की योजना बनाई है।

दिल्ली में 13816 पोलिंग बूथ हैं। इस प्रकार भाजपा करीब 1.5 लाख तक नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है। पार्टी के नेता अभय वर्मा ने बताया कि इस कार्य के लिए पूरे प्रदेश में एक टीम बनाई गई है, जो प्रदेश से लेकर मंडल स्तर पर काम करेगी।

इसके लिए पार्टी ने जिला स्तर पर पर वरिष्ठ पदाधिकारियों की भी तैनाती की है। पूरे अभियान का ध्यान उन नए मतदाताओं पर होगा, जो अब तक किन्हीं कारणों की वजह से मतदाता सूची से नहीं जुड़ सके हैं।

विजयदशमी के मौके पर इस टीम को कार्य में जुटने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस टीम में भाजपा द्वारा दिल्ली बूथ लेवल ऑफिसर -1 (बीएलओ) व 11000 बीएलाओ -2 होंगे। भाजपा ने इस मुहिम को चुनाव आयोग की मुहिम के साथ जोड़ा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं की टीमें स्थानीय स्तर पर जाकर चुनाव कर्मचारियों व युवाओं को मतदाता बनने में मदद करेंगी।

भाजपा के कार्यकर्ता नए युवाओं को इंटरनेट द्वारा मतदाता बनने की प्रक्रिया में मदद करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी भाजपा ने एक विशेष सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी।

इसके तहत दिल्ली भाजपा ने सफलतापूर्वक 18 लाख नए सदस्यों को जोड़ा था जबकि लक्ष्य 10 लाख सदस्य जोड़ना था। इसके लिए भी पार्टी ने विशेषतौर पर भजपा नेता कुलजीत चहल व हर्ष मल्होत्रा को जिम्मेदारी सौंपी थी।

विस चुनाव के लिए दिल्ली भाजपा ने तैयार की रणनीति

सामान्य तौर पर हर साल जुड़ते हैं 1.5 लाख मतदाता

कृत्रिम तालाबों में हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

यमुना प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने की थी पहल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

दिल्ली और आसपास यमुना में प्रतिमा विसर्जन न करके कृत्रिम तालाब में विसर्जन किया गया।

यमुना नदी में प्रदूषण कम करने के लिए मंगलवार को यमुना घाटों के अतिरिक्त कृत्रिम तालाब बनाकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। एनजीटी (राष्ट्रीय हरित अधिकरण) के आदेशों के बाद इन कृत्रिम तालाबों का निर्माण किया गया था। दक्षिणी दिल्ली में सबसे अधिक दुर्गा पूजा होती हैं। इसलिए सीआर पार्क की पूजा प्रतिमाओं के लिए दिल्ली सरकार ने विशेष इंतजाम किए थे। इसके लिए नजदीक के डीडीए पार्कों में बड़े-बड़े कृत्रिम तालाब बनाकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

विधायक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दुर्गा पूजा समिति के सहयोग से यह पहल की गई थी। सीआर पार्क, अलखनंदा, जीके 2 और डीडीए फ्लैट कालकाजी की प्रतिमाओं का विसर्जन इन कृत्रिम तालाबों में किया गया। उन्होंने बताया कि इंतजामों की पूजा समितियों ने तारीफ की है। नेहरू प्लेस के पास आस्था कुंज में कृत्रिम तालाब में दर्जनों प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से भविष्य में यमुना नदी को और भी स्वच्छ बनाया जा सकेगा। इस कार्य में लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, बाढ़ नियंत्रण विभाग, स्वास्थ्य, बीएसईएस समेत अन्य एजंसियों ने मदद की।

दुर्गा पूजा की धूम पूर्वी दिल्ली के यमुना पुश्ते पर भी नजर आई। बड़ी संख्या में भक्त माता की प्रतिमाओं के साथ नाचते हुए यमुना घाटों तक पहुंचे। सुबह से ही विसर्जन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना के घाटों की तरफ पहुंच रहे थे। उधर पूर्वी दिल्ली की दिलशाद कॉलोनी के सामाजिक संगठन ने क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं के साथ एक भव्य यात्रा का आयोजन किया। इस आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रंग के साथ मार्गों पर नाचते नजर आए।

नोएडा में 13 कृत्रिम तालाब

मूर्ति विसर्जन के लिए शहर में बने 13 कृत्रिम तालाबों में श्रृद्धालुओं ने विसर्जन किया। यमुना और हिंडन को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने गणेश चतुर्थी की तर्ज पर तालाबों की व्यवस्था की गई। कुछ जगहों पर बड़ी मूर्तियों का विसर्जन क्रेन की मदद से किया गया। 70 पंजीकृत पूजा समितियों, 80 अन्य संस्थाओं समेत सैकड़ों की संख्या में मूर्ति स्थापकों ने इन कृत्रिम तालाबों में मूर्ति विसर्जन किया।

अभियान चलाया

बुराड़ी इलाके में युवाओं के साथ महिलाओं ने अभियान चलाया। बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता गोपाल झा ने इलाके में सभी पंडालों में जाकर पूजा के दौरान और मंगलवार को रावण दहन के दौरान एकल उपयोग प्लास्टिक पर रोक लगाने का अभियान चलाया।

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	32.0 डि.से.	32.0 डि.से.	32.0 डि.से.	32.0 डि.से.
न्यूनतम	20.2 डि.से.	20.2 डि.से.	20.1 डि.से.	20.2 डि.से.

हिंडन वायुसेना स्टेशन पर मनाई 87वीं वर्षगांठ

जैव ईंधन लड़ाकू विमान की तैयारी : भदौरिया

गाजियाबाद, 8 अक्तूबर (जनसत्ता)।

'भारतीय वायु सेना भविष्य की चुनौतियों और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार है, पड़ोस की वर्तमान सुरक्षा चिंता का गंभीर विषय है'। यह बातें वायु सेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने हिंडन एयरफोर्स स्टेशन में वायुसेना की 87वीं वर्षगांठ के दौरान कहीं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि बीता एक साल वायुसेना के लिए गौरवशाली रहा है। बालाकोट एयर स्ट्राइक ने दुनिया को वायुसेना की ताकत से रूबरू कराया हैं। यही कारण है को वायुसेना अब बायो फ्यूल एयरक्राफ्ट को विकसित करने की तैयारियों में जुटी है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए भारतीय फर्मों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि अब समय है भविष्य की ओर देखने का। ऐसे में वायुसेना बायो फ्यूल एयरक्राफ्ट कच विकसित करने का प्रयास कर रही हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। रोहिणी राडार, स्पाइडर राडार सिस्टम इंडिजिनस तकनीक का उदाहरण है। मेक इन इंडिया के तहत जल्द ही कई हल्के हेलिकॉप्टर और राडार विकसित किए जाएंगे। वायुसेना के जवानों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि देश की सुरक्षा में वायुसेना लगातार तैयार हैं। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज उपस्थित रहे और उन्होंने आसमान में करतब दिखाते हुए विमानों को सराहा। वहीं

वायु सेना प्रमुख बालाकोट हवाई हमले में भूमिका निभाने वाले वायु सैनिकों को सम्मानित करते हुए।

पाकिस्तान का फाइटर प्लेन एफ-16 गिराने वाले भारत के हीरो अभिनंदन ने मिग-21 हवाई जहाज उड़ाया। तेजस समेत अन्य विमानों ने आसमान में करतब दिखाए।

वायु सेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक जरूरी था। हम दुश्मन को सबक सिखाने के लिए तैयार है। एयर शो में पहली बार लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे और हैवी लिफ्ट हेलीकॉप्टर चिनूक ने अपनी ताकत दिखाई। पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक करने वाले मिराज-2000 विमान और उन विमानों को चलाने वाले पायलटों ने आज हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी।

तेजस ने दिखाए करतब

मिग-21 के बाद तेजस और सारंग हेलिकॉप्टर ने करतब दिखाए। ध्रुव हेलिकॉप्टर को मोडिफाइ करके बनाया गया था। सुखोई और ग्लोब मास्टर भी उड़ान भरते हुए दिखे। एयर वॉरियर ड्रिल टीम ने भी अपना जौहर दिखाया। ये जवान 5 किलो की बंदूक को खिलौने की तरह इधर-उधर घुमाकर करतब कर रहे थे। सुमित तिवारी इस दल का नेतृत्व कर रहे थे। मास्टर ब्लास्टर को 83वें वायुसेना दिवस पर ग्रुप कैप्टन बनाया गया था। कार्यक्रम में कुल 54 एयरक्राफ्ट शामिल हैं।

इसमें 19 फाइटर विमान, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 20 हेलिकॉप्टर थे। बालाकोट हवाई हमले में शामिल 2 स्क्वॉड्रन सम्मानित किए गए। आरकेएस भदौरिया ने 51 स्क्वॉड्रन और 9 स्क्वॉड्रन को उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया।

आतंकी हमलों से निपटने के लिए संकल्प

एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया ने कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक की रणनीतिक प्रासंगिकता आतंकवादियों को दंडित करने के लिए राजनीतिक नेतृत्व का संकल्प है। आतंकवादी हमलों से निपटने के सरकार के तरीके में बदलाव आया है।

पड़ोस का वर्तमान सुरक्षा चिंता का गंभीर विषय बना हुआ है। पुलवामा हमला रक्षा प्रतिष्ठानों पर होने वाले लगातार खतरे की याद दिलाता है। समारोह में भारतीय सेना के प्रमुख बिपिन रावत और नौ सेनाध्यक्ष करमबीर सिंह भी मौजूद रहे। भारतीय वायुसेना की स्थापना 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी।

स्कूल में दाखिले का झांसा देकर किशोरी से बलात्कार, आरोपी फरार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

- किशोरी का गर्भपात कराने के बाद परिवार को हुई जानकारी
- नौवीं में पढ़ाई छूटने के बाद दसवीं में दाखिले के लिए परेशान थी किशोरी

साकेत इलाके में दसवीं कक्षा में दाखिला कराने का झांसा देकर एक किशोरी से बलात्कार का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद पीड़िता गर्भवती हुई तो आरोपी ने चुपचाप उसका गर्भपात भी करा दिया। पीड़िता की तबीयत खराब रहने लगी तो मां ने उससे पूछताछ की। पूछताछ के बाद मामले का खुलासा हुआ। शिकायत के बाद पुलिस ने बलात्कार, जबरन गर्भपात कराने और जान से मारने की धमकी देने व पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। वारदात के बाद से आरोपी फरार है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता अपनी मां व भाई के साथ संगम विहार इलाके में रहती है। पीड़िता नौवीं कक्षा की छात्रा है। किसी वजह से उसकी पढ़ाई छूट गई थी और उसका साल खराब हो गया था। पीड़िता की मां ने अपने एक जानकार युवक से कहकर पीड़िता का दोबारा नौवीं कक्षा में दाखिला करवा दिया। लेकिन पीड़िता दसवीं कक्षा में दाखिला चाहती थी। इसके लिए उसने आरोपी ऋषिपाल से बात की तो उसने निजी व्यवस्था से दसवीं कराने के लिए कहा। नामांकन का झांसा देकर आरोपी पीड़िता को साकेत इलाके में बुलाने लगा। आरोप है कि एक दिन आरोपी ने जूस में नशीला पदार्थ पिलाकर उससे बलात्कार किया। किसी को कुछ भी बताने पर आरोपी ने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इधर पीड़िता गर्भवती हुई तो उसने बात ऋषिपाल को बताई। ऋषिपाल उसे एक महिला डॉक्टर के पास ले गया। बाद में ग्रेटर कैलाश भाग-दो में एक क्लीनिक ले जाकर उसका गर्भपात करवा दिया गया। बेटी के साथ हुई वारदात का पता चलते ही मां की तबीयत खराब हो गई। उसके बाद भी परिवार ने पुलिस को सूचना नहीं दी। पीड़िता की मां ने अपनी एक सहेली से घटना का जिक्र किया तो उसने पुलिस से शिकायत कराने के लिए कहा। चार अक्तूबर को मामले की शिकायत पुलिस से की गई। छानबीन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ऋषिपाल की तलाश शुरू कर दी है।

जिला अस्पताल के विशेष केंद्र में शिशुओं की होगी मानसिक और शारीरिक जांच

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 अक्तूबर।

जिला अस्पताल में पैदा होने वाले शिशुओं को अब बिना जांच के घर नहीं भेजा जाएगा। सेक्टर- 30 स्थित जिला अस्पताल में स्थायी इलाज के रूप में डिस्ट्रिक अर्ली इन्टरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) केंद्र खोला गया है। जहां नवजात के जन्म के तुरंत बाद बच्चे की मानसिक व शारीरिक, दोनों जांच होंगी। उसके बाद नवजात समेत जच्चा को अस्पताल से छुट्टी दी जाएगी।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बदलते परिवेश में जन्म लेने वाले बच्चे पहले के मुकाबले कम हृष्ट-पुष्ट होते हैं। वजन कम होने से लेकर नाक, कान, गले, आंख, कुपोषण समेत मानसिक विकास आदि कई तरह की समस्या होती हैं। जिसका तुरंत इलाज बेहद जरूरी है। इनके इलाज में देरी होने पर यह जन्मजात बीमारी बन जाती है। चिकित्सकों का मानना है कि समय पर इलाज मिलने से ऐसी तमाम बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। जरूरी है कि बीमारी या परेशानी का तुरंत पता लगाया जा सके। इसमें बाल रोग विशेषज्ञों की टीम बैठेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुराग भार्गव ने बताया कि इस केंद्र में केवल जिला अस्पताल में जन्म लेने वाले बच्चों की ही जांच नहीं की जाएगी। बल्कि अन्य अस्पतालों, नर्सिंग होम या घर पर पैदा होने वाले बच्चों की भी जांच निशुल्क होगी।

डीपीटी और टीडी टीकाकरण का विशेष अभियान 15 से

जिले में 15 से 25 अक्तूबर तक डीपीटी और टीडी (टिटनेस- डिप्थीरिया) टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में उन बच्चों को टीके लगाए जाएंगे, जो टीका लगने से छूट गए हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी नेपाल सिंह ने बताया कि डिप्थीरिया नाक और गले का गंभीर संक्रमण रोग है। टीके से इस बीमारी को रोका जा सकता है। यह संक्रमण बच्चों में एक- दूसरे की वस्तुएं जैसे पेंसिल आदि मुंह में लेने से फैलता है। दो से दस वर्ष के बच्चों को यह संक्रमण अपनी चपेट में ले लेता है। संक्रमण होने पर नाक बहने, गले में दर्द और बुखार की शिकायत होती है।

नशीली दवाओं के साथ यात्री को हवाई अड्डे पर पकड़ा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

नशीली दवाइयों की एक बड़ी खेप ले जा रहे एक व्यक्ति को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया है। हवाई अड्डा पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) ने रियाद जाने वाले एक भारतीय व्यक्ति को 'फेंसेडिल न्यू' की 100 एमएल की 80 बोतल और 'कोडीन फॉस्फेट' की 120 एमएल की एक टूटी हुई बोतल के साथ पकड़ा। जांच के बाद उसे आबकारी विभाग को सौंप दिया गया।

आबकारी विभाग ने सभी दवाइयों को एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत जब्त कर यात्री को एनडीपीएस एक्ट के सेक्शन-43 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। जब्त की गई दवाईयां नशे के लिए भी प्रयोग की जाती है पूछताछ करके पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में और कितने लोग शामिल हैं।

25 किलो सोना चुराने के आरोप में युवक गिरफ्तार

इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के सट्टेबाजी में पैसा हारने के बाद अपने मालिक के यहां से कथित रूप से 25 किलो सोना चुराने को लेकर 30 साल के एक व्यक्ति को उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान भरत नाथमल सोनी, सचिन शिंदे और श्रवण के रूप में हुई है। भरत और सचिन दिल्ली के पश्चिम विनोद नगर के रहने वाले है जबकि श्रवण राजस्थान के सिरोही जिले का रहने वाला है।

खबरों में शहर

चंदन की लकड़ी के साथ चीन का नागरिक पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 6.4 किलो चंदन की लकड़ी के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है। चीन के रहने वाले 45 साल के डू यीबिंग संघाई पू डोंग से चाइना इस्टर्न एयरलाइंस के विमान से दिल्ली के टर्मिनल तीन पर उतरे थे। वह लकड़ी का कोई वैध कागजात पेश नहीं कर सका।

950 अवैध पौव्वा शराब के साथ पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

उत्तर-पश्चिम जिला के भारतनगर पुलिस ने 950 अवैध क्वाटर (पौव्वा) शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक थाना की पुलिस ने जांच के दौरान एक सेंट्रो कार को रोकी। उसमें सौरभ नामक युवक सवार था। उस कार में शराब की अवैध खेप देखकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

2022 तक देश बनेगा प्लास्टिक मुक्त

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

दक्षिणी दिल्ली की गांधी संकल्प यात्रा आंबेडकर नगर विधानसभा के पुष्प विहार में पहुंची। सांसद रमेश बिधूड़ी ने इस यात्रा की अगुआई की। यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार 2022 तक देश को एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक से मुक्त बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों से यह पूरा होगा। इस यात्रा में शामिल हुए कार्यकर्ताओं ने प्राचीन वाल्मिकी मंदिर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया।

'प्याज वितरण केंद्र की संख्या कम हुई'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

दिल्ली सरकार ने प्याज वितरण केंद्र की संख्या कम कर दी है। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि सरकार ने 400 जगह पर सरकारी दरों पर प्याज उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इस संख्या को घटाकर दिल्ली सरकार ने केवल 120 कर दिया है। संख्या कम होने के बाद भी इन केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में प्याज उपलब्ध नहीं है।

वायु प्रदूषण बढ़ा सकता है लोगों की मुश्किलें

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 अक्तूबर।

पिछले साल के मुकाबले इस बार प्रदूषण के स्तर में कमी आई है लेकिन आने वाले दिनों में स्तर के बढ़ने के आसार हैं। पर्यावरण जानकारों के मुताबिक अगले सप्ताह से दिल्ली और आसपास में प्रदूषण का स्तर बढ़ने लगेगा। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पराली का जलना इसकी मुख्य वजह हो सकती है। निर्माण कार्यों की वजह से भी असर पड़ेगा।

पर्यावरणविद् विक्रांत तोंगड़ के मुताबिक, गत दिनों हल्की बारिश की वजह से हवा स्वच्छ रही और प्रदूषण स्तर कम रहा। आने वाले दिनों में धूल के कणों में नमी आ जाएगी। धीरे-धीरे ठंड बढ़ने से हवा की दिशा में बदलाव होगा। ऐसे में नमी वाले धूल के कण लोगों की परेशानी बढ़ाएंगे। अभी भी सड़क पर कुछ बड़ी परियोजनाओं पर निर्माण चल रहा है। खास तौर पर नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे के किनारे वाले सेक्टरों में निर्माण के चलते धूल उड़ती रहती है। हवा की दिशा बदलने से यह हवा आवासीय क्षेत्रों की तरफ उड़कर जा रही है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है।

प्रदूषण सूचकांक की जांच करने वाली संस्था सफर इंडिया का अनुमान है कि वायु की गुणवत्ता में जल्द गिरावट आने वाली है। आंकड़ों के अनुसार गत वर्ष वायु प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी के चलते सबसे ज्यादा लोग बीमार हुए थे।

उद्यमिता करने वाले विद्यार्थियों को दिए जा सकते हैं अकादमिक अंक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

- कम उपस्थिति होने पर भी परीक्षा देने की इजाजत दी जा सकती है

इंजीनियरिंग संस्थानों के ऐसे विद्यार्थी जो आंत्रप्रन्यॉरशिप (उद्यमिता) में लगे हुए हैं, उन्हें कम उपस्थिति होने पर भी परीक्षा देने की इजाजत दी जा सकती है। इसके अलावा आंत्रप्रन्यॉर विद्यार्थियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए अकादमिक क्रेडिट (अंक) भी दिए जा सकते हैं।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय की ओर से पिछले महीने जारी की गई इनोवेशन एंड स्टार्टअप नीति में इसका उल्लेख किया गया है। हालांकि विद्यार्थियों को इसके लिए संस्थान से आज्ञा लेनी होगी। यह नीति एचआरडी मंत्रालय के इनोवेशन सेल की ओर से जारी की गई थी। नीति में इंजीनियरिंग संस्थानों को कहा गया है कि वे अपने विद्यार्थियों को स्टार्टअप करने के लिए सेमेस्टर या एक साल का ब्रेक दें। अपना उद्यम शुरू करने वाले विद्यार्थियों को अकादमिक क्रेडिट देने के लिए संस्थानों को एक समिति गठित करने के लिए कहा गया है। यह समिति विद्यार्थी के उद्यम के बढ़ने की गति को जांचेगी और उसकी के आधार पर अकादमिक क्रेडिट तय किए जाएंगे। 15 सदस्यीय टीम की ओर से बनाई गई इस नीति में बौद्धिक संपदा स्वामित्व, राजस्व बंटवारा प्रक्रिया, तकनीक हस्तांतरण के नियम और व्यवसायिकरण के मुद्दों को शामिल किया गया है। एचआरडी मंत्रालय की ओर से यह नीति पहली बार बनाई गई है। नवंबर 2016 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआइसीटीई) ने इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए स्टार्टअप नीति बनाई थी। इसके माध्यम से संस्थानों में उद्यमिता और नवोन्मेष को बढ़ावा दिया जा रहा था। नीति में यह भी कहा गया है कि हर संस्थान अपने कुल बजट का कम से कम एक फीसद स्टार्टअप संबंधी गतिविधियों के लिए रखे।

22 साल की उम्र में 60 वारदात का आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

छात्र बनकर सरेराह छात्राओं से लूटपाट करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 22 साल की उम्र में युवक पर करीब 60 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बालिग होने के बाद चार साल में वह 12 बार तिहाड़ जेल जा चुका है। पुलिस ने उसके पास से स्कूटी और मोबाइल सहित कई चीजें बरामद की हैं।

पश्चिम जिला के पंजाबी बाग थाने की पुलिस टीम ने एक ऐसे शातिर मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है जो बड़ी चालाकी से छात्राओं और सड़क पर चलने वाली कम उम्र की लड़कियों को शिकार बनाकर उनका मोबाइल लूटता था। जिले के उपायुक्त दीपक पुरोहित ने बताया कि गिरफ्तार किए गए इस झपटमार का नाम नीरज उर्फ ललित है। वह मंगोलपुरी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक एसीपी पंजाबी बाग कुमार अभिषेक की देखरेख में एसएचओ विनय मलिक की टीम ने इस शातिर मोबाइल लुटेरे से पांच मोबाइल, चोरी की तीन मोटरसाइकिल-स्कूटी और पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक दर्जन से ज्यादा बार गिरफ्तार होकर तिहाड़ जेल जा चुका है। लेकिन बाहर आते ही वारदात को अंजाम देता है। जिस दुपहिया से 10 दिन वारदात कर लेता है फिर उसे बदल कर दूसरी चोरी की मोटरसाइकिल या स्कूटी इस्तेमाल करने लगता है। सड़क किनारे कम उम्र की लड़कियों को ही ज्यादातर निशाना बनाता है।

खुर्जा के कारोबारी की हत्या की साजिश में तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 8 अक्तूबर।

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा ने बुलंदशहर के खुर्जा नगर में मेडिकल जांच लैब के मालिक की हत्या के इरादे से आए तीन बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। एसटीएफ टीम ने सोमवार देर रात खुर्जा नगर पुलिस के साथ दुर्गा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक मकान की घेराबंदी कर मुठभेड़ में सूर्य प्रताप सिंह, राजू और सचिन को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से दो तमंचे, एक पिस्तौल, कारतूस और मोबाइल बरामद हुए हैं।

स्पेशल टास्क फोर्स को सूचना मिली थी कि जमीनी विवाद के चलते खुर्जा, बुलंदशहर के रहने वाले सूर्य प्रताप सिंह और उसके भाई हेमंत ने खुर्जा में जांच लैब के मालिक को आठ अक्तूबर को किराए के शूटरों से हत्या कराने की योजना बनाई थी। उन्होंने किराए के शूटरों के साथ हथियारों को खुर्जा में नवदुर्गा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक मकान में रखा था। थाना खुर्जा नगर पुलिस के साथ एसटीएफ ने छापेमारी कर तीनों आरोपियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। सूर्य प्रताप और राजू बुलंदशहर के रहने वाले हैं। जबकि सचिन बुलंदशहर के सिकंदराबाद का रहने वाला है। एसटीएफ के एसएसपी राजीव नारायण मिश्र के मुताबिक गिरफ्तार सूर्य प्रताप सिंह 2015 से अपराध के मामलों में शामिल रहा है। 2016 और 2019 में वह जेल भेजा गया। जेल में उसकी मुलाकात सचिन से हुई। सचिन पर भी लूट के कई मामले हैं। सूर्य प्रताप का कानपुर निवासी शांति देवी से जमीनी विवाद चल रहा था।

रामलीला मेलों से 80 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 8 अक्तूबर।

एक बार इस्तेमाल योग्य (सिंगल यूज) प्लास्टिक के खिलाफ शहर की तीन प्रमुख रामलीला मैदानों पर विशेष अभियान चलाया गया। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से चले अभियान में रामलीला मैदानों पर 40 से अधिक दुकानदारों के चालान किए गए। इनसे 80 किलो पॉलिथीन जब्त की गई।

टीमों ने सेक्टर-21ए, 46 व सेक्टर-62 के रामलीला मैदान में छापामारी कर 40 दुकानदारों पर 30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। 30 हजार रुपए की जुर्माना राशि तुरंत वसूली गई। अभियान की अगुआई कर रहे वरिष्ठ परियोजना अभियंता एससी मिश्रा ने बताया कि मेले में दुकानदार प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग करते मिले।

जसौला में नेपाली किशोर का शव पेड़ से लटका मिला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

सरिता विहार के जसौला इलाके में एक नाबालिग ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मंगलवार सुबह पेड़ से लटके मिले नाबालिग के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एम्स भेज दिया है। मृतक मूलरूप से नेपाल का रहने वाला था और उम्र करीब 16 वर्ष थी। उसका परिवार अब्बुल फजल एन्क्लेव में रहता है। शुरुआती जांच में पुलिस के सामने यह बात आई है कि कुछ दिन पहले ही नाबालिग नेपाल से दिल्ली आया था।

सोमवार को वह बिना परिवार की इजाजत के मोटरसाइकिल लेकर चला गया था। रास्ते में हुई दुर्घटना के दौरान उसके बाएं पैर में चोट आ गई। चोट देखकर उसके घरवालों ने उसे डांट लगा दी, जिसके बाद वह देर रात ही इलाज के बहाने घर से निकल गया था। दक्षिण-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त चिन्मय बिस्वाल के मुताबिक, मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे सरिता विहार थाना पुलिस को सूचना मिली कि मेट्रो यार्ड और आगरा नहर के बीच जसौला मदर डेयरी के पास एक शव पेड़ से लटका हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि उसके बाएं पैर में चोट लगी हुई थी और आसपास कुछ खून बिखरा पड़ा था। जांच में पुलिस को पता चला है कि सोमवार रात हरि कोठी अब्बुल फजल एन्क्लेव के पास वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिस वजह से उसे बाएं पैर में चोट आई थी। मोटरसाइकिल किसी और की थी जिस कारण वह चोट लगने के बाद डर गया। इस बात को लेकर परिजनों ने उसे डांट लगा दी थी। कुछ देर बाद वह इलाज के बहाने निकला और फिर वापस नहीं लौटा।

आज के कार्यक्रम

नृत्य

इंडिया हैबिटेट सेंटर: ओड़ीशी, कथक और भरतनाट्यम, द स्टेन ऑडिटोरियम, लोधी रोड, शाम 7 बजे।

प्रदर्शनी

ऑल इंडिया फाइन आर्ट एंड क्राफ्टस सोसाइटी : डॉ जूही शुक्ला की कला प्रदर्शनी, सोसाइटी परिसर, 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से।

मानहानि मामले में अदालत में 10 को पेश होंगे राहुल

सूरत, 8 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि के मामले में गुजरात की एक अदालत में गुरुवार को पेश होना है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कथित रूप से कहा था कि 'सभी चोरों का मोदी उपनाम क्यों होता है।' इसी को लेकर उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दायर किया गया था।

गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने गांधी की आगामी यात्रा के मद्देनजर पार्टी के स्थानीय नेताओं के साथ मंगलवार को एक बैठक की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पूर्व कांग्रेस प्रमुख यहां 10 अक्तूबर को अदालत में पेश होंगे। चावड़ा ने कहा, 'राहुलजी का हवाई अड्डे से अदालत तक के पूरे मार्ग पर हमारी पार्टी के कार्यकर्ता भव्य स्वागत करेंगे।' मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीएच कपाड़िया ने मई में गांधी को समन जारी किया था। अदालत ने भाजपा विधायक पुरनेश मोदी की आइपीसी की धारा 499 और 500 के तहत शिकायत को स्वीकार कर लिया था। यह धारा आपराधिक मानहानि के मामले से संबंधित है। जुलाई में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने गांधी को व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी थी और मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 अक्तूबर की तारीख मुकर्रर की थी। कर्नाटक के कोलर में एक चुनावी सभा में गांधी ने 13 अप्रैल को कथित रूप से कहा था, 'नीरव मोदी, ललित मोदी, नरेंद्र मोदी... इन सब का मोदी उप नाम कैसे हो सकता है? सभी चोरों का उपनाम मोदी ही कैसे होता है?'

जम्मू-कश्मीर बीडीसी चुनाव

'महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण ऐतिहासिक'

जम्मू, 8 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को कहा कि राज्य में होने वाले प्रखंड विकास परिषद (बीडीसी) के चुनाव ऐतिहासिक हैं क्योंकि अनुच्छेद-370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म किए जाने के बाद महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण यहां भी लागू किया गया है।

भाजपा प्रवक्ता प्रिया सेठी ने कहा कि महिलाओं को 33 फीसद आरक्षण के साथ ही अनुसूचित जातियों के लिए भी आबादी के अनुसार बीडीसी सीटें आरक्षित की गई हैं और केवल मोदी सरकार की वजह से यह हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मिला आरक्षण राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया स्वागतयोग्य एवं ऐतिहासिक कदम है। उल्लेखनीय है कि राज्य की 316 बीडीसी में 310 बीडीसी के लिए 24 अक्तूबर को चुनाव होने हैं। इनमें 78 महिलाओं के लिए, 48 अनुसूचित जनजातियों के लिए, 21 अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं के लिए, 18 अनुसूचित जातियों के लिए और सात अनुसूचित जातियों की महिलाओं लिए आरक्षित है। इस प्रकार कुल 172 बीडीसी आरक्षित हैं।

प्रदेश भाजपा ने कदम का किया स्वागत

राज्य की 316 बीडीसी में 310 बीडीसी के लिए 24 अक्तूबर को चुनाव होने हैं। इनमें 78 महिलाओं के लिए, 48 अनुसूचित जनजातियों के लिए, 21 अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं के लिए, 18 अनुसूचित जातियों के लिए और सात अनुसूचित जातियों की महिलाओं लिए आरक्षित है। इस प्रकार कुल 172 बीडीसी आरक्षित हैं।

सेठी ने जम्मू-कश्मीर के पंचों और सरपंचों से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने नवंबर 2012 में बीडीसी चुनाव कराने के आदेश दिए लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया।

मतदाता सूची को आधार से जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

समझा जाता है कि कानून मंत्रालय मतदाता सूची में मौजूदा मतदाताओं और नए आवेदकों की प्रविष्टियों की जांच के लिए आधार संख्या लेने को वैधानिक समर्थन देने पर विचार कर रहा है। इस बारे में चुनाव आयोग ने एक प्रस्ताव तैयार किया है, ताकि मतदाता सूची में एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर नहीं रह सके।

अगस्त 2015 में आधार कार्ड के संबंध में दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची को यूआइडीएआइ (आधार) संख्या से जोड़ने की चुनाव आयोग की योजना को रोक दिया था। चुनाव आयोग उस समय राष्ट्रीय मतदाता सूची शुद्धिकरण और प्रमाणीकरण कार्यक्रम (एनइआरपीएपी) के तहत आधार संख्या ले रहा था। आयोग ने कानून मंत्रालय को लिखे पत्र में प्रस्ताव दिया है कि जनप्रतिनिधित्व कानून के प्रावधानों में संशोधन किया जाए, ताकि चुनाव आयोग मतदाता बनने के लिए आवेदन करने वालों और जो पहले से सूची में हैं, उनसे आधार संख्या ले सके। सूत्रों ने बताया कि कानून मंत्रालय निर्वाचन कानून में संशोधन पर विचार कर रहा है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा अगस्त में भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि निर्वाचन कानूनों को संशोधित किया जाना चाहिए, ताकि चुनाव पंजीकरण अधिकारी मौजूदा मतदाताओं के साथ ही नए आवेदन करने वालों से उनकी आधार संख्या मांग सकें।

मुठभेड़ में नक्सली ढेर, दिल का दौरा पड़ने से जवान की मौत

दंतेवाड़ा, 8 अक्तूबर (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। इस दौरान एक जवान को हल्की चोट आई जबकि एक अन्य जवान की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई है। जवान को दिल का दौरा पड़ने की आंशका जताई गई है।

दंतेवाड़ा जिले के पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार यहां बताया कि जिले के कटेकल्याण थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीटेपाल गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सोमवार को सुरक्षा बलों को गश्त में रवाना किया गया था। इन दलों में से एक डीआरजी का दल जब मंगलवार सुबह तुमकपाल शिविर के अंतर्गत पीटेपाल गांव के जंगल में था, तब नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए थे। बाद में सुरक्षा बलों ने घटनास्थल की तलाशी ली तब वहां एक नक्सली का शव, एक देशी कट्टा, दो इंसास रायफल की मैगजीन, दो एसएलआर रायफल की मैगजीन और अन्य सामान बरामद किया गया।

उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक जवान को हल्की चोट आई है, तथा उसकी हालत खतरे से बाहर है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ से पहले सहायक आरक्षक कैलाश नेताम की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार जवान की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई है तथा उसके शरीर में चोट के निशान नहीं है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जवान और नक्सली के शव को जंगल से बाहर निकालने की कार्रवाई की जा रही है। तथा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ खोजी अभियान जारी है।

जम्मू में ड्यूटी में शहीद हुए जवानों की दी गई श्रद्धांजलि

जम्मू, 8 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर जम्मू में वायु सेना अड्डे ने ड्यूटी पर शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम आयोजित किया।

एक रक्षा प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जम्मू वायु सेना अड्डे के एअर ऑफिसर कमांडिंग एअर कोमोडोर अजय सिंह पठानिया ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रवक्ता ने बताया कि यहां वायु सेना अड्डे में बने युद्ध स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में वायु सेना के अधिकारी और सेनानिवृत्त कर्मी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर तक चलने वाले इस आयोजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने वाले और जवानों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

30th DEATH ANNIVERSARY
ELIMINATE TERRORISM
ERADICATE CORRUPTION
PROTEST DAY



LATE
SHRI SURESH NARSINGH DUBE
D.O.B.: 15.08.1956
DEATH: 9.10.1989
Jayprakash Narsingh Dube
and Family
09822404010/09637477417
09822193213/09503737575
Office : Dube Estate, Nalasopara (E)
Residence : Jaiom Bhavan, Shivshristi Complex, Medical College Rd, Achole, Nalasopara (E)
Tal.: Vasai, Dist.: Palghar - 401 209

पाठ्यक्रम पूरा कराने के लिए घरों में विशेष कक्षाओं का आयोजन

श्रीनगर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर में परीक्षाओं से पहले वर्तमान अकादमिक सत्र के पाठ्यक्रम को पूरा कराने के लिए शिक्षक स्कूलों की जगह घरों में विशेष कक्षाएं आयोजित कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने और प्रांत को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश में विभाजित करने के केंद्र सरकार के पांच अगस्त के कदम के बाद से ही कश्मीर में पाबंदियां लगी हैं। इन पाबंदियों के बीच बडगाम जिले के सेबदन इलाके में बच्चे कंधों पर बस्ता लेकर इन दिनों रोज 'नए स्कूल' की ओर निकल पड़ते हैं, ताकि परीक्षाओं से पहले अपने पाठ्यक्रम को पूरा कर सकें। निजी स्कूल के अध्यापक मोहम्मद अबीद ने कहा कि हम स्कूल के बजाय घर में विशेष कक्षाएं आयोजित कर रहे हैं, ताकि वर्तमान अकादमिक सत्र के पाठ्यक्रम को पूरा करने में छात्रों की मदद कर सकें। छात्रों द्वारा 'नया स्कूल' कहे जाने वाले इस घर में रोजाना सुबह आठ बजे से 11 बजे तक विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं। आठवीं कक्षा के छात्र के पिता बशीर अहमद ने घर के बाहर अपने बेटे का इंतजार करते हुए कहा कि मेरा बेटा 14 साल का है और मैं नहीं चाहता कि उसकी पढ़ाई की राह में कोई रोड़ा आए। उनका इशारा बेमिना इलाके के आसपास के कुछ इलाकों में सुरक्षा बलों पर पथराव करने वाले बच्चों की ओर था। कुछ दिन पहले हुई इस घटना में शामिल अधिकतर बच्चों की उम्र 10 साल के करीब थी और वे विशेष कक्षाओं के लिए ही जा रहे थे। सातवीं कक्षा के छात्र बिस्माह ने कहा कि मुझे लगता है कि यह अच्छा है, हल्का-फुल्का माहौल, वर्दी न पहनना और कोई टाइम टेबल न होना, स्कूलों के दोबारा खुलने पर वहां भी ऐसा ही हो जाना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर में निजी स्कूल के अध्यापक मोहम्मद अबीद ने कहा, हम स्कूल के बजाय घर में विशेष कक्षाएं आयोजित कर रहे हैं, ताकि वर्तमान अकादमिक सत्र के पाठ्यक्रम को पूरा करने में छात्रों की मदद कर सकें। छात्रों द्वारा 'नया स्कूल' कहे जाने वाले इस घर में रोजाना सुबह आठ बजे से 11 बजे तक विशेष कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश), 8 अक्तूबर (भाषा)।

अपनी जीप से एक मोटरसाइकिल को कथित रूप से टक्कर मारने के मामले में भाजपा विधायक राहुल सिंह लोधी के खिलाफ टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ पुलिस थाने में सोमवार को देर रात एक मामला दर्ज किया गया है। उधर विधायक लोधी ने दावा किया, मेरी जीप से यह हादसा नहीं हुआ।

टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर पपावनी के पास सोमवार को हुए इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक घायल हो गया था। टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक लोधी पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती के भतीजे हैं। बल्देवगढ़ पुलिस थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने मंगलवार को बताया, विधायक राहुल सिंह लोधी के खिलाफ, सोमवार को उनकी जीप से हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों की मौत के संबंध में मृतकों के परिजन की शिकायत पर सोमवार को देर रात बल्देवगढ़ थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, यह प्रकरण भादंवि की धारा 304ए (लापरवाही की वजह से किसी की जान लेना), 279 (सार्वजनिक मार्ग पर उतावलेपन से वाहन चलाना), 337 (कोई ऐसा कार्य करना, जिससे मानव जीवन या किसी की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरा हो, चोट पहुंचे) एवं मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 184 के तहत पंजीबद्ध किया गया है।

हादसा विधायक की जीप से टकराई मोटरसाइकिल, दो लोगों की मौत

कुमार ने बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे टीकमगढ़ जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर टीकमगढ़-छतरपुर मार्ग पर पपावनी के पास उनकी जीप की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार बृजेन्द्र अहिरवार (25) एवं रवि अहिरवार (23) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि मृतकों का एक साथी मदन घायल हो गया था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद विधायक घायल मदन को चिकित्सालय ले जाने के बजाय भाग निकले, जिससे लोगों में राहुल के खिलाफ आक्रोश फैला और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए वे मार्ग पर धरने पर बैठ गए थे। इससे उस मार्ग पर लगभग तीन घंटे यातायात बाधित हो गया था। कुमार ने बताया कि विधायक के ड्राइविंग लायसेंस और वाहन के बीमा समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की जा रही है। हालांकि, विधायक लोधी ने दावा किया, मेरी जीप से यह हादसा नहीं हुआ। जब यह हादसा हुआ, उस वक्त मैं घटनास्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर अपनी विधानसभा क्षेत्र के फुटेर गांव में था।

नाबालिग बहू से बलात्कार के दोषी को उम्रकैद

पालघर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र में पालघर की एक अदालत ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को अपनी नाबालिग बहू के साथ बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एयू कदम ने सोमवार को अपने फैसले में कहा कि दोषी को कड़ी सजा सुनाए जाने की जरूरत है। दोषी व्यक्ति सरकारी विभाग में चालक के पद पर है और पालघर का निवासी है। न्यायाधीश ने उसे बलात्कार के लिए भादसं और पॉक्सो कानून की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

अतिरिक्त सरकारी वकील उज्वला मोहोल्कर ने अदालत को बताया कि 2015 में जब नाबालिग का विवाह हुआ था, उस वक्त उसकी उम्र 15 वर्ष थी। उसका पति होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहा था और दिन में अधिकतर समय घर से बाहर रहता था। उन्होंने बताया कि नाबालिग की सास भी कभी कभी किसी काम से घर से बाहर जाती थी। अक्तूबर 2015 को आरोपी ने कई बार अपनी बहू से बलात्कार किया। आरोपी ने बहू के साथ तब भी हैवानियत की जब वह गर्भवती थी। बहू के विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी। उन्होंने बताया कि पीड़िता जब अपने मायके गई तब भी आरोपी ने उसे मुंह बंद रखने को कहा और धमकी दी कि ऐसा नहीं करने पर वह उसकी शादी तुड़वा देगा।

झांसी मुठभेड़ को सपा ने फर्जी बताया

लखनऊ, 8 अक्तूबर (भाषा)।

उत्तर प्रदेश के झांसी में हुई मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को मांग की है कि इसकी जांच हाई कोर्ट के न्यायाधीश से कराई जाए और संबंधित पुलिस थानाध्यक्ष के खिलाफ युवक की हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज की जाए।

पार्टी ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा पुष्पेंद्र यादव का जबरन अंतिम संस्कार कर भाजपा सरकार ने साबित कर दिया है कि हत्या के आरोपियों को बचाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकती है। पार्टी की माँग है कि आरोपी एसएचओ पर भादसं की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया जाए। साथ ही इस मामले की सीडीआर निकलवा कर हाई कोर्ट के न्यायाधीश से जांच कराई जाए। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को झांसी में मारे गए युवक के परिजनों से मिलने जाएंगे।

punjab national bank ...the name you can BANK upon!
शाखा कार्यालयः सीसी- 21 नेहरू एनक्लेव, नेहरू प्लेस के सामने, नई दिल्ली- 110019

नियम 8 (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 8 व 9 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **ऋणी श्री राम किशन यादव पुत्र श्री दीप चन्द यादव, का "साम्यिक बंधक मकान सम्पत्ति बी-161/16 जिसका क्षेत्रफल 175 वर्गगज, खसरा नं. 147 के बाहर, मिन खेवट एवं खतौनी नं. 43/66, गांव- गरही झरिया मरियाबादी, अमृतपुरी-बी के नाम से ज्ञात, नई दिल्ली-110065 में स्थित जो श्री राम किशन यादव के नाम से है,** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **08.08.2017** रूपयें **27,66,273/- (रूपये सत्ताईस लाख छियासठ हजार दो सौ तेहत्तर मात्र) दिनांक 31.03.2017** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 04 अक्टूबर 2019** को ग्रहण कर लिया हैं।

ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रू.27,66,273/- (रूपये सत्ताईस लाख छियासठ हजार दो सौ तेहत्तर मात्र) दिनांक 31.03.2017** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सीसी-21, नेहरू एनक्लेव, नेहरू प्लेस के सामने, नई दिल्ली- 110019** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

"साम्यिक बंधक मकान सम्पत्ति बी-161/16 जिसका क्षेत्रफल 175 वर्गगज, खसरा नं. 147 के बाहर, मिन खेवट एवं खतौनी नं. 43/66, गांव- गरही झरिया मरियाबादी, अमृतपुरी-बी के नाम से ज्ञात, नई दिल्ली-110065 में स्थित जो श्री राम किशन यादव के नाम से है।

दिनांकः 04.10.2019, स्थानः नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

punjab national bank ...the name you can BANK upon!
वसूली विभाग, मंडल कार्यालय- दक्षिण दिल्ली, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली- 110025

नियम 8 (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 8 व 9 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **एक डिमाण्ड नोटिस दिनांक 25.07.2019 को ऋणी श्रीमती किर्ति कम्बोज, मकान नं. 134, प्रथम मंजिल, अवतार एनक्लेव, पश्चिम विहार, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली- 110063 को नोटिस में उल्लेखित राशि रू. 43,56,864/-(अक्षरे तियालिस लाख छपपन हजार आठ सौ चौसठ मात्र)** जो कि दिनांक 30.06.2019 तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 04 अक्टूबर 2019** को ग्रहण कर लिया हैं।

ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रू. 43,56,864/- (रूपये तियालिस लाख छप्पन हजार आठ सौ चौसठ मात्र) दिनांक 30.06.2019** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सी.आर. पार्क, नई दिल्ली-110019** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

"फ्लैट नं. 1403, राज रेंजिडेन्सी, 14वीं मंजिल, प्लॉट नं. 31, गौर सिटी-द्वितीय, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301

दिनांकः 04.10.2019, स्थानः ग्रेटर नोएडा
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

FORM "G"
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST
(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

RELEVANT PARTICULARS

1.	Name of Corporate Debtor	**M/s Ideal Printographics Pvt. Ltd.**
2.	Date of Incorporation of Corporate Debtor	14.02.2003
3.	Authority under Corporate Debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, Delhi
4.	Corporate Identity Number / Limited Liability Identification Number of Corporate Debtor	U29195DL2003PTC118970
5.	Address of The Registered Office And Principal Office (If Any) of Corporate Debtor	29 Second Floor, Centre Market, **Punjabi Bagh West, New Delhi- 110059**
6.	Insolvency Commencement dated in respect of corporate debtor	December 17, 2018 (Order received on January 04, 2019)
7.	Date of invitation of expression of interest	8-10-2019
8.	Eligibility for resolution applicants under Section 25(2)(h) of the Code is available at:	Through e-mail id - irp.idealprinto@gmail.com
9.	Norms of ineligibility applicable under Section 29A are available at:	Available on **www.ibbi.gov.in**
10.	Last date for receipt of expression of interest	24-10-2019
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	04-11-2019
12.	Last date for submission of objections to provisional list	09.11.2019
13.	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	19.11.2019
14.	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution Plans to prospective resolution applicants	09.11.2019
15.	Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information	The Resolution Professional will share request for Resolution Plan/Evaluation Matrix/ Information Memorandum in electronic form after verification of KYC, capacity to invest, capability to manage and eligibility under Section 29A of IBC, 2016 and pre - qualification criteria.
16.	Last date for submission of resolution plans	15-12-2019
17.	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	In Electronic Form to email id mentioned at Serial No. 8.
18.	Estimated date for submission of resolution plan to Adjudicating Authority for approval	22-12-2019
19.	Name and registration number of the resolution professional	Rajesh Kumar Parakh IP Registration No.: IBBI/IPA-001/IP-P000272/2017-18/10516
20.	Name, Address and e-mail of the resolution professional, as registered with the Board	Rajesh Kumar Parakh Address: 5/51, 2nd Floor, W.E.A Karol Bagh, **New Delhi - 110005** **Email: parakh.rajesh@gmail.com**
21.	Address and email to be used for correspondence with the resolution professional	Address: 5/51, 2nd Floor, W.E.A. Karol Bagh, **New Delhi - 110005** **Email:parakh.rajesh@gmail.com**
22.	Further Details are available at or with	Other details can be sought by e-mailing at **irp.idealprinto@gmail.com, parakh.rajesh@gmail.com**
23.	Date of publication of Form G	09-10-2019

Rajesh Kumar Parakh
Resolution Professional
Ideal Printographic Private Limited (Company Under CIRP)
IP Registration No. IBBI/IPA-001/IP-P00272/2017-18/10516
5/51, Second Floor, W.E.A, Karol Bagh, New Delhi-110005
Mobile No. +91-9811350848

PLACE : NEW DELHI
DATE : 09/10/2019

दो सौ करोड़ के नशीले पदार्थों की तस्करी के प्रयास में गिरफ्तार

कोच्चि, 8 अक्तूबर (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया से जुड़े नशीली दवाओं के एक वांछित तस्कर को केरल के उत्पाद शुल्क अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है।बताया जाता है कि इस तस्कर ने पिछले साल करीब दो सौ करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ की कोच्चि होते हुए मलेशिया तस्करी करने का प्रयास किया था।



मंगलवार को एर्नाकुलम आबकारी प्रवर्तन और एंटी मादक पदार्थ विशेष दस्ते के अधिकारी ने बताया कि अली उर्फ अब्दुल रहमान चेन्नई के खिलाफ पिछले साल एक निजी कूरियर सेवा के माध्यम से मलेशिया में 26.082 किलोग्राम नशीले पदार्थ की तस्करी के प्रयास संबंधी मामले में भूमिका के लिए लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। वह इस मामले का दूसरा आरोपी है। अली को रविवार को मलेशिया से तिरुचिरापल्ली हवाईअड्डे पर उतरते समय आव्रजन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने लुकआउट नोटिस के आधार पर जांच के दौरान उसके पास से चार सौ ग्राम सोना भी बरामद किया। अली को तिरुचिरापल्ली हवाईअड्डे की पुलिस ने केरल के आबकारी प्रवर्तन अधिकारियों को सौंप दिया। उसको एक निजी कूरियर कंपनी के कार्यालय की तलाशी के दौरान पार्सल से दो सौ करोड़ रुपए की नशीली दवा बरामद होने के एक साल बाद गिरफ्तार किया गया है। कन्नूर जिले के प्रशांत कुमार को नशीले पदार्थ की बरामदगी के तुरंत बाद आबकारी दस्ते ने गिरफ्तार कर लिया था। पिछले साल एर्नाकुलम के उप आबकारी आयुक्त एएस रंजीत ने एमडीएमए नाम की नशीली दवा बरामद की थी। हवाईअड्डे पर जांच के दौरान ये नशीली दवाएं साड़ियों के बक्सों में पाई गई थीं।

हाइपरटेक्स्ट कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : यूनिट नं. 506, पाँचवीं मंजिल, टॉवर-बी, मिलेनियम प्लाजा, सेक्टर-27, गुरुग्राम, हरियाणा-122009
सीआईएन : U74140HR2011FTC042753
ई-मेल : raj.rathi@archetype.co
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नोएडा के सम्मुख
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के मामले में
तथा
कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30(6) के मामले में
और
हाइपरटेक्स्ट कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत पता यूनिट नं. 506, पाँचवीं मंजिल, टॉवर-बी, मिलेनियम प्लाजा, गुरुग्राम, हरियाणा-122009 के मामले में
सूचना

एतद्वारा जनसामान्य को सूचना दी जाती है कि कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "हरियाणा राज्य" में परिवर्तित करने में सक्षम होने के लिए 02.09.2019 को आयोजित असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के सन्दर्भ में कम्पनी की संस्था के बहिर्नियम के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत केन्द्र सरकार से आवेदन करने का प्रस्ताव करती है।

कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने वाला कोई भी सम्भावित व्यक्ति अपने हित तथा विरोध की पृष्ठभूमि की प्रकृति बताते हुए मूलरूप में एक शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियाँ भेजे जाने के लिए पंजीकृत डाक द्वारा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, ए-14, सेक्टर-1, पीडीआईएल भवन, नोएडा, उत्तर प्रदेश, भारत के पास तथा एक प्रति आवेदक कम्पनी के पास इसके उपर्युक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के चौदह दिनों के भीतर भेज सकता है :

कृते **हाइपरटेक्स्ट कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड**
ह./-
निदेशक
डीआईएन नं. : 01936405
पता : बी-44, कार्लटन एस्टेट 1, डीएलएफ फेज-V, गुरुग्राम, हरियाणा-122002

दिनांक : 09.10.2019
स्थान : गुरुग्राम

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड)
CIN: L65110TH2014PLC097792
IDFC FIRST Bank
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वॉ तल, हैरिंग्टन रोड, चेतपेट, चेन्नई-600031
टेली.: +91 44 4564 4000, फैक्सः +91 44 4564 4022
प्राधिकृत अधिकारीः श्री रोहित दुहेजा/ सम्पर्क नं. +91-7838324723

परिशिष्ट-IV-ए (देखें नियम 8 (6) का प्रावधान]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारक (कों) तथा गारन्टर (रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी/ चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका **कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** किया गया है, की श्री सौरभ बंसल, अशोक बंसल,सौरभ इंडिया प्रा. लि., सुनीता बंसल (ऋणधारक(कों) सह-ऋणधारक (कों) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तात्कालिक कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड) के बकाये 9.4.2019 को आईएनआर 26697422.43 की वसूली के लिये 21.10.2019 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो भी है" तथा "जो कुछ भी वहां है" आधार पर बिक्री की जायेगी।

आरक्षित मूल्य आईएनआर 2,02,50,000/- (रुपये दो करोड़ दो लाख पचास हजार मात्र) तथा धरोहर राशि भुगतान आईएनआर 20,25,000/- (रुपये बीस लाख पच्चीस हजार मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

ग्रेटर कैलाश-II, ग्राम बहापुर, नई दिल्ली-110048 में स्थित सम्पत्ति सं. ई-345, भूतल, उक्त तल से शामिल पते की सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाईट अर्थात www.idfcfirstbank.com में दी गई लिंक देखें।

डिस्क्लेमरः कृपया ध्यान रहे कि उक्त सूचना केवल अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये ही जारी की गई है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल सम्पत्ति में विद्यमान, यदि कोई हो, चल परिसम्पत्तियों की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

हस्ता./-
तिथिः 27.9.2019
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि.
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फाइनांस लिमिटेड के नाम से विदित)

जनसत्ता

9 अक्तूबर, 2019

कामयाबी और चुनौती

आखिरकार भारत को अपने कुछ नागरिकों के स्विस बैंक खातों तक पहुंचने में कामयाबी मिल गई। सरकार लंबे समय से इस कवायद में लगी थी कि स्विस खाताधारकों का ब्योरा पता चले और कालेधन के खिलाफ मुहिम जोर पकड़ सके। लेकिन ये सारी जानकारियां गोपनीय बनी रहेंगी, क्योंकि स्विस सरकार ने इस तरह की सूचनाओं का लेनदेन गोपनीयता की शर्तों के साथ किया है, किसी भी खाताधारक का नाम उजागर नहीं होगा। ऐसे में आमजन के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि अगर सब गोपनीय ही बना रहेगा तो देश को उन लोगों के बारे में कैसे पता चलेगा जो कालेधन के कारोबार में लिप्त हैं और देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचाने में लगे हैं। अभी जिन लोगों के खातों की खबर भारत को मिली है, उनमें ज्यादातर प्रवासी भारतीय और बड़े कारोबारी हैं। इनमें कई तो दूसरे देशों में बस चुके हैं। इसके अलावा करीब सौ ऐसे खातों की जानकारी भी दी है जो खाताधारकों ने पिछले साल बंद करा दिए थे, ताकि किसी भी कार्रवाई से बचा जा सके।

पिछले दो दशकों में भ्रष्टाचार और कालाधन भारत में बड़ा मुद्दा बना रहा है, खासतौर से चुनावों के दौरान सारे राजनीतिक दल इन दोनों मुद्दों का भरपूर इस्तेमाल करते रहे हैं। हर दल यह वादा करता रहा कि सत्ता में आते ही सबसे पहले उन लोगों को पकड़ा जाएगा जिन्होंने कालाधन विदेशी बैंकों में जमा करा रखा है, लेकिन आज तक पकड़ में कोई नहीं आया। अब भारत को स्विस बैंक से जो जानकारियां हासिल होनी शुरू हुई हैं, उनके लिए सरकार ने पिछले पांच साल में स्विटजरलैंड की सरकार पर काफी दबाव बनाया। अब सरकार के पास यह कहने को है कि स्विस बैंक में खाता रखने वालों का पता चल रहा है। ऐसे में कुछ खाताधारक पकड़े भी जा सकते हैं जिन्होंने मोटी कर चोरी की होगी और या नियम-कानूनों का उल्लंघन करके पैसा बाहर भेजा होगा। हकीकत तो यह है कि ऐसा करने वालों की तादाद कोई इक्का-दुक्का नहीं, बल्कि हजारों में है। हालांकि यह कहना सही नहीं होगा कि सारे स्विस खाताधारक कालेधन और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। ऐसे भी खाताधारक हैं जिन्होंने पूरी नियम-प्रक्रियाओं के तहत खाते खोले होंगे। विदेशी खाताधारकों के खिलाफ कार्रवाई किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। भागे हुए आर्थिक अपराधियों को देश वापस लाने में ही सरकार के पसीने निकल रहे हैं, लंबी और जटिल कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ रहा है तो ऐसे में स्विस बैंक के खाताधारकों में कितने और किस मामले में दोषी साबित हो पाएंगे, इसकी उम्मीद कम ही है, क्योंकि करार के तहत सब कुछ गोपनीय ही रखना है।

स्विटजरलैंड सरकार ने भारत को यह जानकारी ऑटोमैटिक एक्सचेंज ऑफ इन्फॉर्मेशन (एईओआइ) के तहत दी है। यह करार उसने दुनिया के पचहत्तर देशों के साथ कर रखा है। लेकिन भारत को इस करार के तहत स्विस बैंक में खाता रखने वाले अपने नागरिकों का ब्योरा पहली बार मिला है। इस करार का बड़ा फायदा इस रूप में देखा जाना चाहिए कि अब स्विस बैंक में खाता रखने वाले भारत सरकार की नजरों से बचे नहीं रह पाएंगे। हालांकि कालेधन की समस्या से निपट पाना आसान नहीं है, लेकिन एक सीमा तक इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश जरूर लगाया जा सकता है। इसके लिए आर्थिक अपराधों से निपटने वाले उस तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है, जिसकी लापरवाही और मिलीभगत से कालेधन के कारोबारी स्विस बैंक में पूंजी के पहाड़ खड़े करते रहे हैं।

अनधिकृत कब्जा

देश की राजधानी दिल्ली के केंद्र में स्थित सरकारी बंगलों में नियमों के विरुद्ध कब्जा जमाने की शिकायतें लंबे से कायम रही हैं। अक्सर ऐसी खबरें आती रहती हैं कि लोकसभा या राज्यसभा के सांसद अपनी सदस्यता की अवधि खत्म होने के बाद भी इन बंगलों को खाली करने में टालमटोल करते रहते हैं। ऐसे में नए चुने गए सांसदों को आवास मिलने में मुश्किल पेश आती है और फिर शिकायतों के दायरे का विस्तार होता है। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के लुटियंस जोन में स्थित सरकारी बंगलों को खाली कराने के लिए संबंधित महकमे की कोशिश जारी है और करीब सवा दो सौ पूर्व सांसदों से आवास खाली कराने की कार्रवाई शुरू की गई थी। लेकिन अब भी हालत यह है कि बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद लगभग चालीस पूर्व सांसदों ने सरकारी बंगले खाली नहीं किए हैं। आखिर इन सांसदों के सामने किस तरह की मजबूरी है कि उन्हें आवास खाली करने में दिक्कत हो रही है? जबकि उन्हें खुद भी इस बात का अंदाजा होगा कि ऐसी स्थिति में प्रशासन कानूनन क्या कदम उठा सकता है!

विडंबना यह है कि जरूरत और कानून की कसौटी पर वस्तुस्थिति से परिचित होने के बावजूद सरकारी बंगलों में काबिज सांसदों को अपनी ओर से निर्धारित समय पर आवास खाली करना जरूरी नहीं लगता। शायद यही वजह है कि अब आवास व शहरी मामलों के मंत्रालय को पूर्व सांसदों के घर पुलिस की मदद से जबरन खाली कराने की कार्रवाई शुरू करनी पड़ी है। मंत्रालय के संपदा विभाग ने सरकारी आवास के आबंटन की पात्रता नहीं रखने वालों से बंगला खाली कराने के लिए हाल ही में संशोधित सार्वजनिक परिसर (अनधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली) अधिनियम के तहत सोमवार को सख्ती से बेदखली की प्रक्रिया शुरू की है। इस मसले पर सांसदों की लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों लोकसभा की आवास समिति ने पूर्व सांसदों को सात दिनों के अंदर अपने आधिकारिक आवास खाली करने के निर्देश दिए थे और ऐसा नहीं करने की स्थिति में सांसदों के बंगले में बिजली, पानी और गैस कनेक्शन तीन दिन में काट लेने की बात कही थी। निश्चित रूप से यह एक अच्छी स्थिति नहीं है और संबंधित महकमों के सामने ऐसा करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। लेकिन आखिर वे कौन-सी वजहें हैं कि नियम-कायदों से परिचित होने के बावजूद सांसदों को समय पर बंगला खाली करना जरूरी नहीं लगता है?

गौरतलब है कि अनधिकृत रूप से सरकारी आवासों के इस्तेमाल के मसले से निटपने के लिए नए कानून में प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। यों आबंटन नियमों के मुताबिक आबंटी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद आवास खाली नहीं करने पर उसे अनधिकृत कब्जे की श्रेणी में रखा जाता है। संशोधित कानून लागू होने से पहले की प्रक्रिया के तहत सरकारी आवास खाली कराने में पांच से सात सप्ताह का समय लगता था। लेकिन यह किसी से छिपा नहीं है कि अलग-अलग कारणों का हवाला देकर कई सांसद इससे काफी ज्यादा अवधि तक इन बंगलों में काबिज रहते थे। यों एक आदर्श स्थिति यह है कि अगर लोकसभा या राज्यसभा के किसी सांसद का कार्यकाल समाप्त होता है तो एक निर्धारित अवधि के बाद वह खुद ही उस आवास को खाली कर दे। लेकिन बहुत सारे सांसदों के मामले में वास्तविकता इससे इतर है। यह एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने राजनीतिक कद-पद का तो दुरुपयोग है ही, इससे खुद उनके बारे में समाज में गलत संदेश जाता है।

कल्पमेधा

मैं इसलिए आगे निकल पाया कि मैंने उन लोगों से ज्यादा गलतियां कीं जिनका मानना था कि गलती करना बुरा था या गलती करने का मतलब था कि वे मूर्ख थे।

-रॉबर्ट कियोसाकी

क्यों नहीं चाहते बेटियां

मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर समाज के माहौल तक, आज भी बेटियों के जन्म को लेकर न तो सकारात्मकता दिखती है और न ही दिली स्वीकार्यता। कभी भ्रूण हत्या तो कभी बेटियों को कूड़े के ढेर में छोड़ देने की असंवेदनशील और अमानवीय घटनाएं भी जब-तब सामने आती रहती हैं।

जिस समाज में बेटियों को दुनिया में आने का हक न मिले, वहां उनके दूसरे मानवीय अधिकारों की बात करना बेमानी है। अफसोस कि बेटे-बेटी के फर्क की बदौलत उपजी मानसिकता की मौजूदगी आज भी भारतीय समाज की कटु सच्चाई बनी हुई है। तभी तो लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां न केवल अपनी जड़ें जमाए हुए हैं, बल्कि देश में बने सख्त कानूनों के चलते इन्हें अंजाम देने के लिए नए रास्ते भी खोजे जा रहे हैं।

हाल में राजधानी दिल्ली में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एक कॉल सेंटर पर छापा मारने पर ऐसा ही दुखद और हैरान करने वाला सच सामने आया है। इस कॉल सेंटर में आइवीएफ के जरिए महिलाओं को शत-प्रतिशत बेटा पैदा करने की गारंटी दी जाती थी। मोटी रकम वसूल कर बच्चे के लिंग की जांच का इंतजाम किया जाता था। गौरतलब है कि हमारे देश में लिंग परीक्षण के लिए कड़े कानून बने हुए हैं। ऐसे में इस अमानवीय गोरखधंधे से जुड़े लोगों ने महिलाओं को विदेश भेज कर लिंग परीक्षण करवाने का रास्ता निकाल लिया। महिलाओं को उन देशों में भेजा जाता था, जहां गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग परीक्षण कराना गैर-कानूनी नहीं है। जांच में सामने आया कि इस आइवीएफ सेंटर के माध्यम से महिलाओं को मनचाही संतान पाने के लिए दुबई, सिंगापुर और थाईलैंड जैसे देशों में भेजा जाता था। राष्ट्रीय स्तर पर जाल फैलाए इस गिरोह का देश भर में करीब एक सौ आइवीएफ केंद्रों के साथ जुड़ाव था। कहने को प्रगतिशील और बदलाव की राह पर आगे बढ़ रहे हमारे समाज में परंपराओं और रूढ़ियों की जकड़न देखिए कि इस कॉल सेंटर के माध्यम से परीक्षण के लिए अभी तक करीब छह लाख लोगों को विदेशों में भेजा जा चुका है। ऐसे हालात तब हैं जब लिंगानुपात राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का विषय बना हुआ है।

दरअसल, बेटियों की सहज स्वीकार्यता न होने की यह स्थिति इस हकीकत को पुख्ता करती है कि हमारे समाज में विचार और व्यवहार के स्तर पर दोहरे मानक बने हुए हैं। कथनी और करनी का यह अंतर बेटियों के जीवन का दुश्मन बन गया है। नतीजतन, पितृसत्तात्मक सोच वाले हमारे सामाजिक ढांचे में बहुत कुछ बदल कर भी कुछ न बदलने की स्थितियां बनी हुई हैं। कुछ समय पहले आई यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक सुनियोजित लिंगभेद के कारण भारत की आबादी से करीब पांच करोड़ लड़कियां और महिलाएं गायब हैं। अफसोस कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे तो लगते हैं, पर कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां भी जड़ें जमाए हुए हैं। तभी तो बेटे पैदा करने की चाह में लोग एजेंटों को मोटी रकम चुका कर विदेश तक जा रहे हैं।

राष्ट्रीय औसत के अनुसार देश में प्रति एक हजार लड़कों के पीछे नौ सौ तियालीस लड़कियां हैं। कई प्रांतों में यह औसत काफी कम है। बीते साल आई नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक देश के इक्कीस बड़े राज्यों में से सत्रह राज्यों में लिंगानुपात का आंकड़ा असंतुलित है। रिपोर्ट के मुताबिक इन सत्रह प्रांतों में लिंग अनुपात दस अंक गिरा है। 'स्वस्थ राज्य, प्रगतिशील भारत' की रिपोर्ट 2015-16 के अनुसार गुजरात के अलावा हरियाणा में भी लिंगानुपात में भारी गिरावट आई है। गौरतलब है कि नीति आयोग भी असंतुलित होते लिंगानुपात पर चिंता जताते हुए कह चुका है कि लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए लोगों को बेटियों के महत्त्व को समझना होगा और जागरूकता लानी होगी।

चिंतनीय है कि बेटियों को गर्भ में मार डालने का कृत्य आपराधिक मामला भर नहीं है। यह पूरे समाज का ताना-बाना बिगाड़ने वाली सोच है। लिंगानुपात का असंतुलन कई मोर्चों पर चिंता का विषय बन रहा है। कई प्रदेशों में बेटों के लिए दुल्हन नहीं मिल रही है। दूसरे राज्यों से दुल्हन लाकर बेटों का घर बसाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बेटे और बेटी में किए जाने वाले भेदभाव की मानसिकता के चलते आज भी दूर-दराज के गांवों में तो बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य को कोई महत्त्व नहीं दिया जाता। समग्र रूप से देखा जाए तो हमारे समाज में कुपोषित बच्चियों का प्रतिशत काफी ज्यादा है। हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत के बल पर पहचान बना कर आगे बढ़ती बेटियां आज भी अपने अस्तित्व के लिए जूझती नज़र आ रही हैं। मोर्चे पर खुद को साबित करने के बावजूद बेटियों की यह जंग उनके जन्म लेने से पहले ही शुरू हो जाती है।

देश का सबसे बड़ा जनसांख्यिकीय सर्वेक्षण बताता है कि आज भी समाज में बेटियां, जन्म लेने से लेकर परवरिश पाने तक हर तरह के भेदभाव की शिकार हैं। यह दुखद ही है कि साक्षरता के बढ़ते आंकड़े, तकनीक की पहुंच और बदलते सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में भी बेटियों को लेकर सोच जस की तस बनी हुई है। कुछ समय पहले भारत के महापंजीयक की ओर से करवाए गए वार्षिक सर्वे (एसआरएस) में यह बात सामने आई थी कि बालिका भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक विकृति देश के सबसे समृद्ध और शिक्षित राज्यों में भी मौजूद है। इसका सीधा-सा अर्थ है कि लोगों की मानसिकता में बदलाव आना जरूरी है।

भ्रूण हत्या और लिंगभेद के खिलाफ तमाम सरकारी अभियानों और सामाजिक जागृति लाने के प्रयासों के बावजूद लिंगानुपात में भारी गिरावट आ रही है, क्योंकि देश में बने कानूनों का तोड़ निकाल कर लिंग परीक्षण के नए मार्ग तलाश लिए गए हैं। संगठित गिरोह की तरह काम करने वाले ऐसे एजेंट मोटी कमाई करने के लिए बेटियों के जन्म को बाधित करने की सोच रखने वाले परिवारों की राह आसान बना रहे हैं। आखिर क्यों बेटियों के स्वागत और सम्मान का माहौल आज भी केवल एक उम्मीद भर है? घर-परिवार से लेकर समाज के माहौल तक, आज भी बेटियों के जन्म को लेकर न तो सकारात्मकता दिखती है और न ही दिली स्वीकार्यता। कभी भ्रूण हत्या तो कभी बेटियों को कूड़े के ढेर में छोड़ देने की असंवेदनशील और अमानवीय घटनाएं भी जब-तब सामने आती रहती हैं।

सवाल है, आखिर ऐसा क्यों है कि खेलों से लेकर अंतरिक्ष तक प्रभावी दखल रखने और कीर्तिमान बनाने वाली बेटियों के लिए दुनिया में आने से पहले ही संघर्ष का सफर शुरू हो जाता है? बेटी का जन्म क्यों परिवारजनों के माथे पर शिकन ले आता है? अफसोस इस बात का है कि गांवों-कस्बों में ही नहीं, पढ़े-लिखे शहरी परिवारों को भी बिटिया की चाह नहीं है। यही वजह है कि इसका हल सरकारी अभियान और कानूनी सख्ती से ज्यादा सामाजिक सोच में संवेदनशीलता आने से निकल पाएगा। साथ ही, लिंग अनुपात दुरुस्त करने के लिए सामाजिक परिवेश को सुरक्षित और महिलाओं के लिए सम्माननीय भी बनाना होगा। बेटे की चाहत ही नहीं दहेज, बढ़ते महिला अपराध, लैंगिक असमानता और सामाजिक भेदभाव ऐसे बड़े कारण हैं जो बेटियों की स्वीकार्यता में बाधक बनते हैं। बेटियों के साथ जन्म से पहले ही दोयम दर्जे का व्यवहार न हो इसके लिए लोगों की भावनाओं का बदलना आवश्यक है। भावनात्मक संवेदनशीलता लड़कियों के प्रति समाज का नजरिया बदलने में सकारात्मक और सहयोगी साबित होगी। यों भी बेटियों की शिक्षा, सम्मान और उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे ही परिवेश की दरकार है। हमारे यहां सामुदायिक स्तर पर बेटियों के प्रति मौजूद भेदभाव और असंवेदनशील माहौल के चलते ही मां-बाप को लड़कियां जन्म से पहले ही भार लगने लगती हैं। यह एक जमीनी हकीकत है कि आज भी गांवों-कस्बों से लेकर महानगरों तक बेटियों की सुरक्षा और उनके प्रति कुंठित सोच से उपजी समस्याएं कम नहीं हैं। निस्संदेह यह कुरीति सामूहिक सहभागिता और इससे जुड़े समस्त पहलुओं पर जागरूकता आने से ही दूर हो पाएगी।

स्मृतियों के कोने में

दुनिया मेरे आगे

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

तुम्हें अलविदा बहुत पहले कह देना था। पता नहीं, सिर्फ मेरी कमजोरी थी या तुमसे दोस्ती कि सालों पहले ठंडी पड़ चुकी राख में छिपी वे कुछ चिनगारियां, जिन्होंने मुझे तुमसे पूरी तरह बिछुड़ने नहीं दिया। कितनी बार सोचा कि बाकी लोगों की तरह मैं भी विस्मृति के दरिया में बहा कर तुम्हारे सान्निध्य से मुक्ति पा लूं। लेकिन जब भी तुम्हें लिखने की मेज से उठा कर घर के किसी सूने कोने में नाकाम प्यार के पुराने खतों की तरह छिपा देने के बारे में सोचता, मन-मस्तिष्क में शायर निदा फाजली के शब्द गूंज उठते- 'कहीं कुछ भी नहीं बदला/ तुम्हारे हाथ मेरी अंगुलियों में सांस लेते हैं/ मैं लिखने के लिए जब भी कागज-कलम उठाता हूं/ तुम्हें बैठा हुआ मैं अपनी कुर्सी में पाता हूं/ तुम्हारी कब्र पर जिसने तुम्हारा नाम लिखा है/ वो झूठा है, वो झूठा है, वो झूठा है! तुम्हारी कब्र में मैं दफन/ तुम मुझमें जिंदा हो/ कभी फुर्सत मिले तो फातिहा पढ़ने चले आना।'

अच्छा संयोग था कि मुझे कभी किसी दफ्तर में बाबूगिरी नहीं करनी पड़ी। तुम्हारी जरूरत महसूस कैसे करता, जब वायुसेना की उड़ानें भरने के प्रारंभिक दिनों में ज्यादा लिखना-पढ़ना होता ही नहीं था। लेकिन एक बार लंबे वार्षिक अवकाश में अपने शहर गया तो एक टाइपराइटिंग स्कूल में एक पुराने सहपाठी को तुम्हारे किसी भाईबंद के साथ व्यस्त देखा। तुम्हारे कुनबे में दिलचस्पी जगी तो मित्र ने कहा क्यों न इससे भी दोस्ती कर लो। सुझाव अच्छा लगा। पहली बार उस अंग्रेजी मशीन पर अंगुलियां फेरीं तो कौतूहल जगा कि की-बोर्ड के अक्षर वर्णमाला के क्रम में क्यों नहीं थे। यह भी कोई बात हुई कि क्यू के बाद डब्ल्यू, ई, आर, टी आ जाएं!

प्रशिक्षक ने समझाया कि की-बोर्ड पर अक्षरों का क्रम तय करने के पीछे सघन वैज्ञानिक अध्ययन था। अंग्रेजी वर्णमाला के सबसे अधिक इस्तेमाल में आने वाले अक्षरों को सबसे अधिक सक्षम और चपल दसों अंगुलियों से दूर रखा गया था, ताकि उनका अतिशय जोर टाइप के अक्षरों को नुकसान न पहुंचाए। रेमिंगटन कंपनी की यह पसंद बाद में सबके लिए मानक बन गई। फिर एक नया राज भी खुला कि 'अ क्विक ब्राउन फॉक्स जंप्स ओवर द लेजी डॉग', यानी वाक्य में वर्णमाला का हर अक्षर समाहित था। जल्दी ही अंगुलियों को उन बटनों पर फेरने में मजा आने लगा।

हां, तुम्हारे यानी टाइपराइटर की धड़कन में गूंजती क्लिक-क्लिक किसी नृत्य के दौरान किसी के थिरकते पैरों के साथ बजते घुंघरुओं की याद दिलाने लगी। इधर टंकन को गति मिली, उधर हाथों में कलम पकड़ना खलने लगा। फिर भी वायुसेना में उन प्रारंभिक दिनों में इतनी लिखत-पढ़त नहीं करनी होती थी कि इस नए कौशल का सदुपयोग होता। तभी एक बार विदेश जाना हुआ जहां उन दिनों की पसंदीदा इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं सस्ती मिलती थीं। मेरे साथियों ने 'टू-इन-वन' और टेपरिकार्डर खरीदे, लेकिन मेरी आंखें तुम्हारी तन्वंगी आकृति में उलझ कर रह गईं। तुम पोर्टेबल यंत्र थे- लाल, पीले कई मनभावन रंगों में उपलब्ध। पहली नजर में हो गए इस प्रेम में डूब कर तुम्हारे साथ खेलने में अनोखा आनंद आने लगा। तुमने अभिन्न मित्र बन कर मुझे लेखक बना दिया, लेकिन हिंदी लेखन की मेरी इच्छा तुम पूरी नहीं कर पाते थे।

समय बलवान होता है। कब अतृप्त प्यास को मिटाने के लिए एक नया नवेला लैपटॉप तुम्हारी जगह पर आसीन हो गया, पता नहीं चला। तुम मेरी गलतियां छिपा नहीं पाते थे। कुछ भूल हो जाती तो उसे सफेद फ्लुइड से मिटाना पड़ता था और कागज पर एक बदनुमा धब्बा छूट जाता। वर्तनी और व्याकरण की अशुद्धियां देख कर भी तुम अनजान बने रहते थे, लेकिन नया लैपटॉप उनके प्रति सचेत था। हद तो तब हुई जब बिना हिंदी की-बोर्ड पर अभ्यास किए 'गूगल इनपुट टूल' के सहारे मैं हिंदी, अंग्रेजी दोनों लिपियों के आकाश में उड़ानें भरने लगा।

देखते-देखते तुम किसी नए मेहमान के सामने तिरस्कृत पुराने सदस्य की तरह मेरी मेज पर मुंह छिपा कर पड़े रहने लगे। तुम्हें देख कर मेरा पुराना प्यार उमड़ आता। मैं अपराधी-सा महसूस करने लगता। आखिर में इस अपराधबोध से मुक्त होने के लिए मैंने सोचा कि तुम्हें किसी को उपहार में दे डालूं। लेकिन इतनी देर हो चुकी थी कि तुम्हें पाने का कोई इच्छुक मिलना असंभव हो गया।

मुझे उस पुराने भोंपू वाले ग्रामोफोन का ध्यान आया, जिसे पत्नी ने चमका कर बैठक में सजावटी धरोहर के तौर पर रख दिया था। लेकिन ऐसी सजावट के लिए तुम उसे अनुपयुक्त लगे। काश, घर इतना बड़ा होता कि हर उस चीज को, जिसे मैंने कभी शिद्दत से चाहा था, सदा के लिए अपना बना कर रख सकता। क्या करूं दोस्त! तुम्हे अलविदा कह कर कहां भेज दूं? जब तुम मेरी मेज से हट जाओगे, तो क्या निदा फाजली के शब्दों को दुहरा कर मैं खुद को ठग पाऊंगा कि 'वो तुम कब थे? कोई सूखा हुआ पत्ता, हवा में गिर के टूटा था।'

समता का तकाजा

इन दिनों केंद्र और राज्य सरकारें अपने विभिन्न विभागों में काम करने के लिए विभिन्न शासकीय पदों पर संविदा या दैनिक वेतन भोगी के रूप में अनुबंधित कर्मचारियों की भर्ती करती हैं। ये पद अस्थायी होते हैं जो एक निश्चित समय तक के लिए बनाए जाते हैं। उसके बाद सरकार या तो इन कर्मचारियों को हटा देती है या प्रतिवर्ष इनके करार को बढ़ाती रहती है। ऐसे कर्मचारियों को सरकार की तरफ से इन्य कर्मचारियों जैसी सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जातीं। इनके वेतन भी स्थायी कर्मचारियों की तुलना में काफी कम रहते हैं। विभागों में कार्य करने वाले नियमित कर्मचारी भी इनसे अत्यधिक काम लेते हैं और ये भविष्य में नियमित होने के लोभ में आकर निरंतर बेहतर कार्य करते रहते हैं।

इन पदों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की मानसिकता यह रहती है कि हमारे बेहतर काम और अधिकारियों की प्रशंसा से हम एक दिन नियमित हो जाएंगे। ऐसी अस्थायी और अनुबंधित भर्तियों से कर्मचारियों का सिर्फ शोषण होता है। शासन द्वारा कम वेतन देना, सुविधाओं से वचित रखना, नौकरी में अस्थिरता रहना इनके लिए सबसे बड़ी समस्या बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत पर मुहर लगाते हुए कहा है कि अस्थायी कर्मचारी भी स्थायी की तरह मेहनताना पाने के हकदार हैं। फिर भी सरकार इस सिलसिले में न तो कोई कदम उठा रही है और न किसी प्रकार की दिलचस्पी दिखा रही है। लिहाजा, वर्तमान की जरूरत है कि पदों पर स्थायी भर्ती की जाए। अगर अनुबंध के तौर पर काम कराया जा रहा है तो उन्हें स्थायी कर्मचारियों की तरह वेतन और सुविधाएं भी दी जाएं। इससे न सिर्फ वे आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होंगे, बल्कि सरकारी विभागों में काम करने के लिए लोगों को एक अनुकूल माहौल भी मिलेगा ।

● *अमित पांडेय, बिलासपुर, छत्तीसगढ़*

अपने भीतर

यक्ष प्रश्न यह है कि हम एक अरब पैंतीस करोड़ भारतीय हर साल बुराई के प्रतीक रावण के हजारों-लाखों पुतलों को जला कर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न दशहरा खूब धूमधाम से मनाते हैं तो फिर अगले साल ये हजारों-लाखों रावण क्यों और कहां से पैदा हो जाते हैं! उन्हें फिर से जलाने की जरूरत क्यों आ पड़ती है? दरअसल, हमें अपने भीतर मौजूद बुराइयों रूपी रावण को मारना चाहिए और इसके लिए सबसे पहले अपने मन, वचन और कर्म से पवित्र और ईमानदार होना पड़ेगा।

● *निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद*

घुसपैठ पर लगाम

लोकसभा में गृहमंत्री के वक्तव्य और बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के बाद राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर का मुद्दा फिर चर्चा के केंद्र में है। दरअसल, देश में अवैध घुसपैठियों का प्रवेश आजादी के बाद से एक गंभीर समस्या रहा है। खासतौर पर बांग्लादेश सीमा से सटे राज्य इस विभीषिका को ज्यादा झेल रहे हैं। राजधानी दिल्ली में भी घुसपैठियों ने अपना डेरा जमा रखा है। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, ओडीशा, छत्तीसगढ़ आदि राज्य इस समस्या का सामना कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार इस समय देश में अवैध घुसपैठियों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। प्रतिवर्ष इस संख्या में इजाफा हो रहा है। असम में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर का कार्य लगातार अद्यतन किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद पांच से ग्यारह के प्रावधानों और नागरिकता कानून 1955 के अनुसार देश की नागरिकता से संबंधित प्रावधान सख्ती से लागू हों।

अफसोस की बात है कि कई विपक्षी दल वोट बैंक की राजनीति से जोड़ कर इस पर सवाल खड़े कर रहे हैं। वैसे पहले ही बड़ी आबादी वाले देश के लिए अवैध घुसपैठियों को झेलना भारी पड़ सकता है। अब जरूरत है कि आधार की तरह एक राष्ट्रीय नागरिक डिजिटल कार्ड बने। सीमाओं पर बाड़ लगाने का काम जल्द निपटाए ताकि अवैध घुसपैठियों पर पूर्ण रूप से रोक लग सके।

● *बिजेंद्र कुमार, दिल्ली विश्वविद्यालय*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

रैबीज से बचाव

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में जापानी एंसेफेलाइटिस 12 फीसद और स्वाइन फ्लू 6 फीसद की तुलना में रैबीज ही एक ऐसी बीमारी रही जिसके कारण मरने वालों की संख्या इससे संक्रमित होने वालों की संख्या के बिलकुल समान रही अर्थात सौ प्रतिशत मृत्यु दर वाली बीमारी रैबीज रही। रैबीज से होने वाली मौतों के ये आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। आज नई-नई संक्रामक बीमारियां आ जाने के कारण सबसे पुराने व सभी जगह पाए जाने वाले रैबीज वायरस की ओर से लोगों का ध्यान हट गया है जबकि रैबीज के रोगियों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। रैबीज वायरस के वाहक सामान्यतः संक्रमित कुत्ते, घोड़े, बंदर होते हैं जिनके संपर्क में जनता लगातार बनी रहती है। रैबीज के वाहक के रूप सर्वाधिक चर्चित श्वान (कुत्ते) देश में प्रत्येक भाग में पाए जाते हैं। रैबीज संक्रमण का शिकार होने के सबसे अधिक मामले कुत्ते के काटने के होते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी स्वास्थ्य सबंधी दस प्रमुख वैश्विक संकटों की सूची में रैबीज वायरस से होने वाला संक्रमण भी शामिल है लिहाजा रैबीज पर नियंत्रण के लिए देश में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए है। साथ ही इसकी रोकथाम के ठोस प्रबंध करने होंगे। कुत्तों की आबादी पर नियंत्रण का सर्वोत्तम उपाय उनकी नसबंदी रहा है। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं लेकिन समुचित प्रशिक्षण और धनराशि के अभाव जैसी बुनियादी समस्याओं के कारण नसबंदी का कार्य अंजाम तक नहीं पहुच पाता। प्रशासनिक स्तर पर इन दिक्कतों को दूर करना होगा। रैबीज संक्रमित व्यक्ति के समुचित इलाज के लिए अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में रैबीज रोधी दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करनी होगी।

● *ऋषभ देव पांडेय, पामगढ़, छत्तीसगढ़*

राजधानी, हाई कोर्ट और एसवाईएल मुद्दे गरमाए

संजीव शर्मा
चंडीगढ़।

हरियाणा

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए जैसे-जैसे चुनावी माहौल गर्माता जा रहा है वैसे-वैसे हरियाणा में वर्षों से चल रहे चुनावी मुद्दे भी बाहर निकल आए हैं। दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस ने प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए पंजाब के नेताओं की भी ड्यूटियां लगाई हैं। दोनों राज्यों के बीच वर्षों से छिड़े कई पुराने विवादों के चलते पंजाब के नेताओं के हरियाणा में प्रचार पर संशय के बादल मंडराने शुरू हो गए हैं।

हरियाणा का पंजाब के साथ कई दशकों से एसवाईएल को लेकर विवाद चल रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के हक में फैसला सुनाए जाने के बावजूद हरियाणा को आजतक उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है। हरियाणा और पंजाब के बीच कई दशकों से राजधानी चंडीगढ़ के मुद्दे पर भी खींचतान चल रही है। यह मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा दोनों राज्यों की हाईकोर्ट के मुद्दे पर भी तलखी चल रही है। हरियाणा अलग हाईकोर्ट की मांग कर रहा है। अब वर्तमान मनोहर सरकार ने हाल ही में चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा की हिस्सेदारी मांग ली है जिस पर पंजाब ने आपत्ति जताई है।

हरियाणा और पंजाब के बीच कई दशकों से राजधानी चंडीगढ़ के मुद्दे पर भी खींचतान चल रही है। इसके अलावा दोनों राज्यों की हाईकोर्ट के मुद्दे पर भी तलखी चल रही है। साथ ही कई दशकों से एसवाईएल को लेकर भी विवाद चल रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरियाणा के हक में फैसला सुनाए जाने के बावजूद हरियाणा को आजतक उसके हिस्से का पानी नहीं मिला है।

इन सब मुद्दों के चलते हरियाणा के नेताओं को पंजाब तो पंजाब के नेताओं को हरियाणा में कई बार असहज स्थिति का सामना करना पड़ता रहा है। इस चुनाव में जहां शिरोमणि अकाली दल इंडियन नेशनल लोकदल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहा है वहीं कांग्रेस हाईकमान ने पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जाखड़, पंजाब कांग्रेस प्रभारी आशा कुमारी की हरियाणा में चुनाव प्रचार के लिए ड्यूटी लगाई है।

दूसरी तरफ भाजपा 9ने भी पंजाब से भाजपा सांसद व अभिनेता सन्नी देओल और भाजपा नेता तरूण चुघ की हरियाणा में प्रचार के लिए ड्यूटियां लगाई है। इस चुनाव में अकाली दल अध्यक्ष व पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल को एसवाईएल जैसे कई मुद्दों पर मीडिया व जनता के सवालों का सामना करना पड़ चुका है। यही वजह रही कि सुखबीर बादल अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन के बाद हरियाणा में नहीं आए। अब कांग्रेस और भाजपा नेताओं के भी हरियाणा में प्रचार के लिए आने पर संशय बन गया है। क्योंकि पंजाब के नेता अगर हरियाणा में प्रचार के लिए आते हैं तो वर्षों पुराने मुद्दों पर टकराव की स्थिति बनेगी।

गद्दी बनाम गद्दी के खेल में बागियों का अड़ंगा

सुभाष मेहरा
धर्मशाला।

हिमाचल उपचुनाव

धर्मशाला हलके की उपचुनावी जंग में बागियों की रुसावाइयां तोड़ने में नाकाम रहे भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों की फि लहाल पार्टी भितरघात ने परेशानियां बढ़ा रखी हैं। भाजपा से राकेश चौधरी और कांग्रेसी कूचे से निकल पुनीश पाधा के मैदान के डटने से पहले से ही हलकान दोनों दलों के लिए टिकट कटे नेता परेशानी का सबब बने हुए हैं। जाहिर है, कांगड़ा जिले के धर्मशाला की यह अग्निपरीक्षा मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के लिए साख का सवाल भी बन गई है।

एबीवीपी के जरिए भाजपा में आए विशाल नैहरिया और एनएसयूआइ के जरिए कांग्रेस की ओर से पहली बार चुनावी राजनीति में उतरे विजय इंद्र करण का नाता गद्दी समुदाय से है। जाहिर है, गद्दी बनाम गद्दी के बीच होने जा रहे इस दंगल में राजीव भारद्वाज, संजय शर्मा, उमेश दत्त, राकेश चौधरी, विपिन नैहरिया और राकेश शर्मा जैसी भाजपाई फौज के बीच टिकट ले उड़े विशाल के लिए मुश्किलें अभी बरकरार हैं। वो इसलिए क्योंकि भारद्वाज के अलावा बाकी के रूठे भाजपा नेता समर्थकों संग कोपभवन से बाहर नहीं निकले हैं। जबकि टिकट के मसले पर बेटे शाश्वत कपूर की अनदेखी के बाद अंदरखाने नाराज चल रहे सांसद किशन कपूर गांधी संकल्प यात्रा के लिए हलके से बाहर निकल गए हैं।

विशाल नैहरिया

विजय इंद्र करण

राकेश चौधरी


पुनीश पाधा

इधर महापौर देवेंद्र जग्गी की नाराजगी तोड़ कांग्रेस ने उन्हें एन मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव के ओहदे पर बिठा कर प्रचार के लिए राजी कर लिया है। मगर पार्टी में निगाहें अभी भी उनके समर्थकों की अंदरूनी कारगुजारी पर टिकी हैं। जग्गी के अलावा पाधा जैसे टिकट तलबगारों के बीच गद्दी प्रत्याशी विजय को जंग में उतारने के कांग्रेसी निर्णय के बाद भाजपा ने नैहरिया के जरिए बिरादरी कार्ड के तौर पर कांग्रेस की जिस तरीके से घेरेबंदी की, उससे बाकी के बाहुल समुदाय के लोग पार्टी से खफा हैं। जाहिर है, कांग्रेस के बनिस्बत अंदरूनी फूट की आवृत्ति ने भाजपा की धुकधुकी बढ़ा रखी है।

इस हलके में अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल 38 हजार गद्दी और गोरखा, 14 हजार गद्दी, आठ हजार ब्राहमण, छह हजार राजपूत और बाकी अन्य समुदाय के लोग हैं। अभी तक धर्मशाला में एक छत्र राज करते आए किशन कपूर की अंदरूनी नाराजगी और दरकिनार किए जा रहे उनके समर्थक भी नतीजे को प्रभावित कर सकते हैं। जय राम की लाज बचाने को धर्मशाला में डटे मंत्री से लेकर भाजपा के तमाम विधायकों के सामने पहले नेता विपक्ष मुकेश अग्निहोत्री के मोर्चा संभालने के बाद अभी कांग्रेस के मुखिया कुलदीप राठौर ने कमान संभाली है। चंद रोज के बाद जय राम भी यहां डेरा डालने वाले हैं, तब देखना होगा भाजपा बागी कोपभवन से बाहर निकलते हैं या नहीं।

कुलदीप की टक्कर में भाजपा ने उतारी टिकटॉक सनसनी

आदमपुर, (भाषा)।

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा की आदमपुर विधानसभा सीट से इस बार टिकटॉक सनसनी सोनाली फोगाट को अपना प्रत्याशी बनाया है।

दिवंगत भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नाई यहां से तीन बार कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं। भजनलाल इस विधानसभा सीट से आठ बार विधायक रहे थे। इस जाट बहुल क्षेत्र में 1.60 लाख से अधिक मतदाता हैं और कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। टिकटॉक से पहचान बनाने वाली 40 वर्षीय फोगाट ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर प्रचार कर रही हैं। फोगाट ने संवाददाताओं से कहा, 'मैं इसे चुनौती नहीं मानती।'

उन्होंने कहा, 'जब व्यक्ति कुछ अच्छा करने जाता है तो लाखों, करोड़ों लोग उससे जुड़ जाते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका सबसे बढ़िया उदाहरण हैं।' बिश्नोई के बारे में उन्होंने कहा कि वह आदमपुर की जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। इसके जवाब में बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर की जनता जानती है कि इन वर्षों में उनके पीछे मजबूत से कौन खड़ा था। बिश्नोई ने चुनाव प्रचार से इतर कहा, 'उनका (फोगाट) स्वागत है, हम उन्हें हलवा पुड़ी खिलाएंगे लेकिन वह यहां से वोट की उम्मीद न रखें।'

जातिवाद का विरोध करने वालों ने ही खेला जातिवादी कार्ड

चंडीगढ़, (जनसत्ता)।

हरियाणा

हरियाणा में जैसे-जैसे चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक दल जातिगत समीकरणों को आधार बनाकर चुनाव प्रचार को आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा के चुनावी परिदृश्य पर अगर नजर दौड़ाई जाए तो सार्वजनिक मंचों से जातिवाद का विरोध करने और एक-दूसरे पर जातिवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाने वाले सभी राजनीतिक दल इस मामले में दागी हैं।

हरियाणा के चुनावी रण में इस समय कुल 1168 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। राज्य में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी, लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी चुनाव मैदान में हैं। सभी दलों ने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारते समय जातिगत समीकरणों को पूरा ध्यान रखा है। हरियाणा में पिछले कुछ वर्षों से जाट और गैर जाट की राजनीति चल रही है। भाजपा को भले गैर जाटों की सरकार कहा जाता है लेकिन इस बार के चुनावी रण में भाजपा ने सबसे अधिक 20 जाटों को चुनाव मैदान में उतारा है, जोकि 90 विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार 22.22 फीसद बनता है। इसी तरह कांग्रेस ने 27 तो जननायक जनता पार्टी व इंडियन नेशनल लोकदल ने सबसे अधिक 34-34 जाट प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है।

इस चुनाव में लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी ने सबसे अधिक नौ ब्राह्मणों को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव में जहां सात, कांग्रेस ने पांच तो जननायक जनता पार्टी ने छह ब्राह्मण उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। इनेलो ने ब्राह्मण समुदाय के चार तो बहुजन समाज पार्टी ने पांच ब्राह्मणों पर भरोसा करते हुए चुनाव में टिकट दिए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान भारतीय जनता पार्टी को गैर जाट अथवा पंजाबियों की सरकार के रूप में प्रचारित किया जाता रहा है। इसका असर चुनाव में भी दिखाई दे रहा है। भाजपा ने सबसे अधिक नौ पंजाबियों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा कांग्रेस ने दो, इनेलो ने दो, जजपा ने एक और लोसुपा ने एक पंजाबी को टिकट दिया है।

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कहा

मोदी ने ओबीसी आयोग का गठन किया

बीड, (भाषा)।

महाराष्ट्र

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि वंचित और पिछड़े वर्ग के मुद्दों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी आयोग का गठन किया जो पिछले 70 साल में कोई सरकार नहीं कर पाई। उन्होंने अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधान हटाने के लिए भी प्रधानमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि मोदी ने जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ जोड़ने के लिए काम किया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की घोषणा होने के बाद राज्य में यह उनकी पहली रैली थी।

उन्होंने महाराष्ट्र के बीड जिले में दशहरा रैली के दौरान कहा, 'पिछली सरकारें बीते 70 वर्षों के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ नहीं कर सकीं। मोदी ने ही संवैधानिक ढांचे के माध्यम से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ओबीसी आयोग का गठन किया।' उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश में वंचित और पिछड़े वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने धारा 370 के प्रावधानों को रद्द करने के लिए मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर को भारत के साथ जोड़ा है। उनका काम इस क्षेत्र (मराठवाड़ा) के प्रत्येक घर तक पहुंचना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'मोदी की अगुआई वाली सरकार ने भारी बहुमत से सरकार में आने के बाद सिर्फ तीन महीने के भीतर धारा 370 को खत्म कर दिया। अब लोगों को विपक्ष से पूछना चाहिए कि वे धारा 370 को खत्म क्यों नहीं कर सके।' उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार कई विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है। महाराष्ट्र की कैबिनेट मंत्री पंकजा मुंडे ने बीड में दशहरा उत्सव का आयोजन किया था। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को खत्म करने के लिए शाह का भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी नेता पंकजा मुंडे बीड की रैली में

भाजपा-शिवसेना गठबंधन को रोकना कांग्रेस-राकांपा के लिए चुनौती

अजय पांडेय
नई दिल्ली।

अशोक चव्हाण

पृथ्वीराज चव्हाण

महाराष्ट्र

महाराष्ट्र विधानसभा के 2014 में हुए चुनाव में मुकाबला चौतरफा था। भाजपा, शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 288 सीटों वाली विधानसभा में 122 सीट लेकर भाजपा पहले नंबर पर रही। शिवसेना को 63, कांग्रेस को 42 और राकांपा को 41 सीटें मिली थीं।

बाला साहेब थोरात

सियासी पंडितों का यह भी कहना है कि यदि कांग्रेस को महाराष्ट्र जीतना है तो उसे मुंबई पर कब्जा जमाना होगा, जहां आज उसकी हालत बेहद खराब है।

कभी कांग्रेस का अभेद्य सियासी दुर्ग समझे जाने वाले महाराष्ट्र में पार्टी का कुनबा बिखरा हुआ है और इसी महीने हो रहे विधानसभा चुनाव में उसके सामने अपनी सियासी जमीन को बचाए रखने की चुनौती है। कुछ ही महीनों पहले हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ चुनावी गठबंधन के बावजूद सूबे की 48 संसदीय सीटों में से महज एक सीट जीत पाई। ऐसे में माना जा रहा है कि विपक्ष के इस गठबंधन के लिए विधानसभा चुनाव में भी भाजपा-शिवसेना के विजय रथ को रोक पाना आसान नहीं होगा।

महाराष्ट्र विधानसभा के 2014 में हुए चुनाव में मुकाबला चौतरफा था। भाजपा, शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 288 सीटों वाली विधानसभा में 122 सीट लेकर भाजपा पहले नंबर पर रही। शिवसेना को 63, कांग्रेस को 42 और राकांपा को 41 सीटें मिली थीं। भाजपा ने अल्पमत की सरकार बनाई। बाद में शिवसेना सरकार में शामिल हुई। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस-राकांपा गठजोड़ को 48 में से पांच सीटें मिली। अब कांग्रेस-राकांपा समझौते के मुताबिक 125-125 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। बाकी सीटें अन्य सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई हैं।

महाराष्ट्र में कांग्रेस को अपना खिसकता जनाधार बचाने के अलावा नेताओं की आपसी कलह से निपटने की चुनौती है। कांग्रेसी नेताओं में पार्टी पर वर्चस्व को लेकर अंदरखाने जबरदस्त लड़ाई है। सूबे में कांग्रेस का एक भी ऐसा नेता नहीं है, जिसकी पकड़ समूचे प्रदेश पर हो। पार्टी में कभी यशवंतराव चव्हाण, शंकर राव चव्हाण, विलासराव देशमुख, मुरली देवड़ा, गुरुदास कामत सरीखे कद्दावर नेता थे, लेकिन आज स्थिति बिल्कुल उलट है।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण सूबे में अपना असर रखते हैं पर उनका गुट एक ओर है और बाकी कई अन्य नेता अलग मोर्चा खोले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण भी सक्रिय हैं लेकिन पार्टी ने बाला साहेब थोरात को प्रदेश की कमान देकर एक अलग दांव चला है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस केवल मराठा नेताओं के भरोसे महाराष्ट्र नहीं जीत सकती। सुशील कुमार शिंदे सरीखे ताकतवर दलित नेता अब चमक खो चुके हैं। दूसरी ओर प्रकाश आंबेडकर ने एक नई पार्टी बनाकर कांग्रेस के दलित वोट बैंक में जबरदस्त सेंध लगा दी है। बीते कुछ महीनों में भाजपा-शिवसेना ने भी कांग्रेस व राकांपा में जमकर सेंध लगाई। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष व कांग्रेस विधायक दल के नेता राधाकृष्ण विखे पाटील पार्टी छोड़ गए। कई अन्य विधायकों ने भी पार्टी से नाता तोड़ लिया। मुंबई में उत्तर भारतीयों पर अच्छी पकड़ रखने वाले कृपाशंकर सिंह ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ा। मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रधान संजय निरूपम खुलेआम पार्टी छोड़ने की धमकी दे रहे हैं।

महाराष्ट्र में कांग्रेस मराठा-दलित-मुसलिम गठजोड़ के दम पर चुनाव जीतती आई। दलित और मुसलिम पारंपरिक रूप से कांग्रेस के साथ खड़े रहे जबकि सूबे के 18 मुख्यमंत्रियों में से 10 मुख्यमंत्री मराठा हुए। जाहिर तौर पर कांग्रेस ने मराठा नेताओं को तवज्जो दी। महाराष्ट्र में मराठा-कुनबी मिलाकर करीब 31 फीसद मतदाता बनते हैं जबकि अनुसूचित जाति व जनजाति के मतदाताओं की संख्या क्रमशः 12 व 9 फीसद है। इसी प्रकार मुसलिम मतदाताओं की संख्या करीब 11.56 फीसद है। मराठा-दलित-मुसलिम गठजोड़ एक बेहद मजबूत सियासी गठजोड़ रहा है लेकिन बीते कुछ वर्षों में कांग्रेस का यह वोट बैंक बुरी तरह खिसका है।प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन कुछ हद यह साबित करने में सफल साबित हो रहे हैं कि कांग्रेस ने दशकों से उनका उपयोग केवल वोट बैंक के तौर पर किया, बदले में उन्हें कुछ दिया नहीं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने इन दलों की मौजूदगी का खामियाजा भुगता। इसके बावजूद उसने आंबेडकर की पार्टी से चुनावी समझौता नहीं किया। बताते हैं कि आंबेडकर की शर्त थी कि कांग्रेस को राकांपा का साथ छोड़ना होगा, जिसे कांग्रेस ने सिरे से खारिज कर दिया।

सियासी पंडितों का यह भी कहना है कि यदि कांग्रेस को महाराष्ट्र जीतना है तो उसे मुंबई पर कब्जा जमाना होगा, जहां आज उसकी हालत बेहद खराब है। पार्टी की बागडोर 80 साल के उम्रदराज एकनाथ गायकवाड के हाथ में है और नेताओं के बीच लड़ाई चरम पर है। मुंबई की 36 विधानसभा सीटों में यदि ठाणे और पालघर की सीटों को भी जोड़ दें, तो यह आंकड़ा 60 हो जाता है। पिछली बार मुंबई की 36 में से कांग्रेस को महज पांच सीटें मिल पाई थीं। पार्टी से नाराज संजय निरुपम की मानें तो इस बार यह आंकड़ा और नीचे आ सकता है। जाहिर है कि कांग्रेस-राकांपा गठजोड़ के लिए विधानसभा का यह चुनाव किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।

रामलीला में जनता से प्रधानमंत्री की अपील

एकल प्रयोग वाला प्लास्टिक खत्म करने का संकल्प लें

● मोदी बोले दीपावली पर समाज में नाम कमाने वाली बेटियों का पूजन हो

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

विजय दशमी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से एक बार उपयोग होने वाली प्लास्टिक को खत्म करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने भगवान कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की कहानी और भगवान राम द्वारा समुद्र पर पुल बनाने वाली घटना के जरिए लोगों को सामूहिक शक्ति समझाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि सामूहिक शक्ति से संकल्प पूरे होंगे। प्रधानमंत्री मंगलवार को दिल्ली में द्वारका के रामलीला मैदान में विजय दशमी के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे, जहां वे रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने अपील की कि विजयदशमी में कम से एक संकल्प जरूर लें और इस संकल्प को देश की भलाई से भी जोड़े ताकि इसका सीधा लाभ देश को मिले। प्रधानमंत्री ने जनता से पानी बचाने, खाने बर्बाद न करने व देश की संपत्ति का नुकसान नहीं होने जैसे संकल्पों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे संकल्प लें और उस पर विजय श्री प्राप्त करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि विजयदिवस के साथ आज वायु सेना का भी स्थापना दिवस है। हमारे देश की वायु सेना पराक्रम की ऊंचाई छू रही है। उन्होंने सभी जवानों को भी उनके बेहतरीन कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दीपावली पर जिन बेटियों ने समाज में कुछ हासिल किया है और जो दूसरों को प्रेरणा देती हैं, उनका सामूहिक पूजन होना चाहिए। वे देश की लक्ष्मी हैं। उन्होंने इस अपील को नवरात्र पूजन के साथ जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मां-बेटी का गौरव व गरिमा भी हमारी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि भारत उत्सवों की भूमि है, शायद ही 365 दिन में एक दिन बचा होगा जब देश में कोई उत्सव न हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास इतिहास को मजबूत करने वाली संस्कृति की विरासत है। उत्सव हमें जोड़ते हैं और मोड़ते भी हैं और नए नए सपनों के सजने का सामर्थ्य भी देते हैं। भारत का प्राण तत्व उत्सव है। इस वजह से हजारों साल पुरानी कला को आज तक क्लब में जाना नहीं पड़ा। उत्सव के साथ एक प्रतिभा को निखारने मौका मिलता है। इससे कला, वाद्य, गान व नृत्य को बढ़ावा मिला है। ये कलाएं हमारे उत्सवों से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई हैं। इस कला साधना के कारण भारतीय परंपरा में रोबोट पैदा नहीं होते, बल्कि जीते जागते इंसान पैदा होते हैं। मानव को लगातार ऊर्जा देने का काम उत्सव से होता है। सबसे पहले मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी व प्रवेश वर्मा ने पगड़ी पहनाकर व गदा भेंट कर उनका स्वागत किया।

मंदी पर बहुत चर्चा की जरूरत नहीं : भागवत

नागपुर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को यहां कहा कि 'तथाकथित' आर्थिक मंदी के बारे में बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे कारोबारजगत और लोग चिंतित होते हैं और आर्थिक गतिविधियों में कमी आती है। भागवत ने कहा कि सरकार स्थितियों में सुधार के उपाय कर रही है और हमें विश्वास रखना चाहिए। वह विजय दशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

भागवत ने कहा, 'देश बढ़ रहा है। लेकिन विश्व अर्थव्यवस्था में एक चक्र चलता है, जब कुछ कठिनाई आती है तो विकास धीमा हो जाता है। तब इसे सुस्ती कहते हैं।' उन्होंने कहा, 'एक अर्थशास्त्री ने मुझसे कहा कि आप इसे मंदी तभी कह सकते हैं जबकि आपकी विकास दर शून्य हो। लेकिन हमारी विकास दर पांच प्रतिशत के करीब है। कोई इसे लेकर चिंता जता सकता है, लेकिन इस पर चर्चा करने की जरूरत नहीं है।'

उन्होंने कहा, 'इस पर चर्चा से एक ऐसे परिवेश का निर्माण होता है, जो गतिविधियों को प्रभावित करता है। तथाकथित मंदी के बारे में बहुत अधिक चर्चा से उद्योग व व्यापार में लोगों को लगने लगता है कि अर्थव्यवस्था में सच में मंदी आ रही है और वे अपने कदमों को लेकर अधिक सतर्क हो जाते हैं।'

उन्होंने कहा, 'सरकार ने इस विषय पर संवेदनशीलता दिखाई है और कुछ कदम उठाए हैं।' संघ प्रमुख ने कहा कि सरकार को अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध जैसे कुछ बाहरी कारणों का सामना भी करना पड़ा है। उन्होंने कहा, 'हमें अपनी सरकार पर भरोसा करने की जरूरत है। हमने कई कदम उठाए हैं, आने वाले दिनों में कुछ सकारात्मक असर होंगे।'

बेहतर होता कि संघ प्रमुख अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र लाने को कहते : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 8 अक्तूबर।

आर्थिक मंदी पर चर्चा नहीं करने संबंधी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि आंख मूंद लेने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा और बेहतर होता कि संघ प्रमुख इस मुद्दे पर सरकार से श्वेत पत्र लाने के लिए कहते। पार्टी ने मॉब लिंचिंग को लेकर भी संघ प्रमुख से अपनी राय स्पष्ट करने को कहा।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने कहा कि सरकार और संघ प्रमुख भले ही आर्थिक मंदी की बात नहीं करें, लेकिन पूरा देश जानता है कि इस समय अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति है।

उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास दर गिरकर पांच फीसद हो गई है। विनिर्माण विकास दर 0.6 फीसदी रह गई है। बेरोजगारी पिछले 45 वर्षों में सबसे अधिक है। वाहनों की बिक्री में 33 फीसदी की गिरावट आ गई है। ऑटो क्षेत्र में 10 लाख लोगों की नौकरियां चली गई हैं फिर भी संघ प्रमुख कहते हैं कि मंदी पर बात नहीं करो।

वल्लभ ने कहा कि सरकार और संघ प्रमुख भले ही मंदी की बात नहीं करें, लेकिन देश जानता है कि अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति है। उनको समझना चाहिए कि किसी समस्या पर आंख मूंद लेने से उसका समाधान नहीं होता है, बल्कि पहले समस्या को स्वीकारना होता है और फिर उसका समाधान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि बेहतर होता कि अगर संघ प्रमुख इस सरकार से अर्थव्यवस्था की स्थिति पर श्वेतपत्र लाने के लिए कहते।

दूसरी ओर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने संघ प्रमुख से जानना चाहा कि क्या अफवाहों से उत्तेजित भीड़ द्वारा निर्दोष व असहाय लोगों की गैरकानूनी हत्या का आप अनुमोदन करते हैं या निंदा। राष्ट्रहित में आपका स्पष्टीकरण अनिवार्य और वांछित है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि तथाकथित आर्थिक मंदी के बारे में बहुत अधिक चर्चा करने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे कारोबारजगत और लोग चिंतित होते हैं और आर्थिक गतिविधियों में कमी आती है।

उन्होंने कहा कि सरकार स्थितियों में सुधार के उपाय कर रही है और हमें विश्वास रखना चाहिए।

वह विजयादशमी के अवसर पर नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

महाराष्ट्र कांग्रेस ने बयान की निंदा की

मुंबई, 8 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या और अर्थव्यवस्था पर उनकी टिप्पणी के लिए मंगलवार को उन्हें आड़े हाथों लिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या से उनके संगठन का कोई लेना-देना नहीं है और देश में कोई आर्थिक मंदी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने बयान में कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या की घटनाओं को अंजाम लेने वाले लोग आरएसएस की विचारधारा से आते हैं।

सावंत ने कहा, 'आरएसएस का लिंचिंग से कोई लेना नहीं है, यह कहना वैसा ही झूठ है जैसे यह कहना झूठ है कि आरएसएस सांस्कृतिक संगठन है, जातिवाद का विरोधी है, आरक्षण का समर्थक है और संविधान व तिरंगे का सम्मान करता है।' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, 'झूठ फैलाना संघ परिवार की विचारधारा है।'

नागपुर में मंगलवार सुबह आरएसएस की विजयादशमी रैली को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में लिंचिंग शब्द का इस्तेमाल करना गलत है। यह शब्द भारत को बदनाम करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। भागवत ने यह भी कहा कि देश में आर्थिक मंदी नहीं है क्योंकि देश पांच फीसद की दर से विकास कर रहा है।

एक साल बाद भी नहीं भरे अमृतसर हादसे के घाव

पेज 1 का बाकी

सावधानी बरती है। पुलिस उपाधीक्षक जगमोहन सिंह ने बताया, 'इस बार आयोजन के स्थान का परिवर्तन करने के बाद और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दशहरा मनाने की अनुमति दी गई है। इस बार रेलवे पटरियों के पास ऐसे आयोजनों की अनुमति नहीं दी गई है।'

उन्होंने बताया कि पिछले साल के हादसे को ध्यान में रखते हुए सिर्फ 10 जगहों पर रावण दहन की अनुमति दी गई है जबकि पिछले साल 19 जगहों पर दशहरा आयोजन किए गए थे। 28 सितंबर को हादसे के 30 पीड़ित परिवार पूर्व मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू के आवास के सामने नौकरी की मांग लेकर धरने पर बैठे थे। पिछले साल 19 अक्तूबर को हुए आयोजन में नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी नवजोत कौर सिद्धू मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थीं। इसी आयोजन के दौरान हादसा हुआ था। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि सिद्धू ने उनका मासिक खर्च और बच्चों को मुफ्त शिक्षा मुहैया कराने का वादा किया था लेकिन अब तक कुछ भी ऐसा नहीं हुआ।

पनामा पेपर में शामिल कर चोरों के नाम छिपाकर रख सकता है ईडी : सीआइसी

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय सूचना आयोग ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय पनामा पेपर में शामिल कथित कर चोरों के नामों का खुलासा करने से बच सकता है। एक याचिका पर आयोग ने यह कहा। उस आरटीआइ आवेदन पर एजंसी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया था।

याचिकाकर्ता दुर्गा प्रसाद चौधरी ने वर्ष 2017 में तीन बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। पहली तो पनामा पेपर में जिन लोगों के नाम हैं उनकी सूची, लीक पर उठाए गए कदम और जांच में विलंब के लिए जिम्मेदार लोगों की जानकारी। एजंसी ने धारा 24(1) के तहत जानकारी देने से छूट का दावा किया था और अनुरोध को खारिज कर दिया था। सुनवाई में चौधरी ने कहा कि उन्हें जानकारी मुहैया नहीं करवाई गई जबकि यह उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार से जुड़ा एक गंभीर मामला है।

प्रवर्तन निदेशालय ने दोहराया कि उसे कानून के तहत छूट प्राप्त है, साथ ही तर्क दिया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए फिलहाल इसकी जानकारी साझा नहीं की जा सकती है। आरटीआइ कानून की धारा 24 (1) कुछ खुफिया व सुरक्षा संगठनों को जानकारी साझा करने से छूट देती है। हालांकि यदि मांगी गई सूचना भ्रष्टाचार और मानवाधिकार के उल्लंघन से जुड़ी है तो यह नियम लागू नहीं होता है।

शी 11 और 12 अक्तूबर को भारत दौरे पर

पेज 1 का बाकी

कूटनीतिक संवादों में तेजी आई है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने के लिए शुक्रवार दोपहर चेन्नई आएंगे। दोनों नेता तटीय शहर मामल्लपुरम में बातचीत करेंगे और उम्मीद की जा रही है कि जिनफिंग के भारत दौरे की औपचारिक घोषणा बुधवार को की जाएगी। चीनी अधिकारी ने अनौपचारिक रूप से कहा कि इस बारे में बेजिंग और नई दिल्ली में एक साथ आधिकारिक घोषणा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को 'चीनी नेता की विदेश यात्रा के बारे में' एक विशेष मीडिया वार्ता भी बुलाई है।

दोनों नेताओं के बीच पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन पिछले साल अप्रैल में चीन के वुहान शहर में हुआ था। गेंग ने शी की भारत यात्रा के बारे में सवाल के जवाब में कहा, 'भारत और चीन के बीच उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा रही है। उच्च-स्तरीय यात्रा को लेकर दोनों पक्षों के बीच संवाद हुआ है। कोई भी जानकारी जल्द ही बताई जाएगी।' उन्होंने कहा, 'हम अपने सहयोग बढ़ा रहे हैं और अपने मतभेदों को अच्छी तरह संभाल रहे हैं। हमारे बीच उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा रही है और हमारे दोनों पक्ष अगले चरण में उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के लिए संवाद कायम कर रहे हैं। इसके लिए हमें अच्छा माहौल बनाना चाहिए।'

शी की भारत यात्रा से पहले खान की चीन यात्रा के बारे में पूछने पर गेंग ने कहा कि चीन का रुख है कि कश्मीर के मुद्दे का समाधान भारत और पाकिस्तान के बीच होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'और इसलिए आप कश्मीर के मुद्दे पर ध्यान दे रहे हैं? कश्मीर के मुद्दे पर चीन का रुख स्पष्ट और स्थायी है।' उन्होंने कहा, 'हमने भारत और पाकिस्तान का आह्वान किया है कि वे कश्मीर सहित सभी मुद्दों पर बातचीत और परामर्श में शामिल हों व परस्पर विश्वास को बढ़ाएं।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कोंकणी फिल्में दिखाएं : कामत

पणजी, 8 अक्तूबर (भाषा)।

गोवा विधानसभा में विपक्ष के नेता दिगंबर कामत ने नवंबर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आइएफएफआइ) के दौरान कोंकणी फिल्मों का प्रदर्शन नहीं किए जाने पर मंगलवार को सवाल उठाया। आइएफएफआइ का आयोजन गोवा में 20-28 नवंबर के बीच होने वाला है।

मीडिया की खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कामत ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को हस्तक्षेप कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आइएफएफआइ के 50वें संस्करण में गोवा की फिल्मों को स्थान मिले। कामत ने कहा कि जब वह राज्य के मुख्यमंत्री और गोवा मनोरंजन सोसायटी (ईएसजी) के अध्यक्ष थे तब गोवा के फिल्मकारों की फिल्में समारोह के आधिकारिक खंड में प्रदर्शित की गई थीं और फिल्म महोत्सव में ईएसजी के पांच आधिकारिक सेक्शन थे लेकिन 2012 से महोत्सव में ईएसजी का एक भी सेक्शन नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार और ईएसजी को यह मामला केंद्र के सूचना व प्रसारण मंत्रालय के समक्ष ले जाना चाहिए। कामत ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो फिल्म महोत्सव के दौरान प्रदर्शन होंगे। हालांकि ईएसजी के उपप्रमुख सुभाष फलदेसाई ने कहा कि फिल्मों के चयन में सोसायटी की कोई भूमिका नहीं है।

सोनिया, राहुल करेंगे सभाएं तो रोड शो में शामिल होंगी प्रियंका

पेज 1 का बाकी

अलग अलग हिस्सों में होंगे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी फरीदाबाद, रोहतक और कुरुक्षेत्र में रोड शो कर पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल तथा प्रियंका गांधी की चुनावी सभाओं व रोड शो के आयोजन की तारीख तय की जा रही है। उन्होंने कहा कि एसपीजी सुरक्षा घेरे में आने की वजह से इन तीनों ही कांग्रेस नेताओं के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा अगले कुछ दिनों में कर दी जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले सप्ताह ये तीनों नेता हरियाणा के अलग अलग हिस्सों में चुनावी सभाओं व रोड शो में हिस्सा लेंगे।

हाल ही में विदेश यात्रा पर गए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लेकर ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि वे महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार नहीं करेंगे लेकिन पार्टी सूत्रों का कहना है कि राहुल दो-तीन दिन में विदेश दौरे से वापस आकर चुनाव प्रचार में कूदेंगे। उन्होंने बताया कि यह बात सच है कि ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशी अपने क्षेत्र में प्रियंका गांधी का रोड शो कराना चाहते हैं। लेकिन सुरक्षा मानकों व पार्टी की रणनीति के हिसाब से तीनों नेताओं के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं।

रफाल विमान से वायु क्षेत्र में बढ़ेगी भारत की ताकत

पेज 1 का बाकी

है कि रफाल मीडियम मल्टी रोल कॉम्बैट एअरक्राफ्ट हमारी वायुसेना की शक्ति में वृद्धि लाएगा और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वायु क्षेत्र में भारत की शक्ति को बढ़ाएगा।'

उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि फ्रेंच 'शब्द रफाल' का अर्थ 'आंधी' है। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि विमान अपने नाम को सार्थक करेगा।' रक्षा मंत्री के समक्ष 'आरबी001' रफाल का अनावरण भी किया गया। इस पर भारत का तिरंगा ध्वज लगा हुआ था। इसमें 'आरबी' वायुसेना प्रमुख राकेश भदौरिया के संक्षिप्त नाम का प्रतीक है। भदौरिया ने वायुसेना उप प्रमुख पद रहने के दौरान इस सौदे को पूरा कराने में एक अहम भूमिका निभाई थी।

विमान में करीब 25 मिनट उड़ान भरने के बाद कहा कि भारत किसी अन्य देश को धमकाने के लिए हथियार नहीं खरीदता है। साथ ही, उन्होंने अपनी उड़ान को बहुत 'आरामदेह और सुगम' बताया।

रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया, 'हम किसी अन्य देश को धमकाने के लिए हथियार या अन्य रक्षा साजो-सामान नहीं खरीदते हैं बल्कि हम अपनी क्षमताओं को बढ़ाने व रक्षा पंक्ति को मजबूत करने के लिए इन्हें खरीदते हैं। रफाल विमान खरीद का श्रेय अवश्य ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। उनके निर्णय लेने की क्षमता से हमारे राष्ट्र की सुरक्षा को काफी फायदा पहुंचा है।'

उन्होंने रफाल में अपनी उड़ान को यादगार और जीवन में कभी न भूलने वाला लम्हा बताते हुए कहा, 'मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं सुपरसोनिक स्पीड से उड़ान भरूंगा। यह एक बहुत आरामदेह और सुगम उड़ान रही, जिस दौरान मैं इस लड़ाकू विमान की कई क्षमताओं, इसकी हवा से हवा में मार करने की क्षमता और इसकी जमीन पर लक्ष्य भेदने की क्षमता को देख सका।'

फ्रांसीसी रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ले ने रफाल के बारे में कहा कि यह फ्रांस की सर्वश्रेष्ठ चीज है जिसकी पेशकश फ्रांस ने भारत को अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए की है। यह 'मेक इन इंडिया' की पहल के प्रति फ्रांसीसी प्रतिबद्धता भी है।

फ्रांसीसी मंत्री ने कहा, 'यह कोई संयोग नहीं है कि यह समारोह दशहरे के दिन और भारतीय वायुसेना के 87 वें स्थापना दिवस के दिन आयोजित हुआ। यह हमारे सर्वोच्च महत्त्व को दिखाता है जो हम भारत के साथ अपने सहयोग को देते हैं।' उन्होंने कहा कि रफाल लड़ाकू विमानों का यह संस्करण विशेष रूप से भारतीय वायुसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है।

इससे पहले सिंह ने दसॉ एविएशन के अंतिम 'रफाल असेंबली लाइन' का भी दौरा किया।

इस अवसर पर सिंह के साथ एअर मार्शल हरजीत सिंह अरोड़ा सहित सशस्त्र बलों के कर्मी भी थे। वहीं, फ्रांस की ओर से भी सेना के शीर्ष प्रतिनिधि मौजूद थे।

भारतीय उपमहाद्वीप का अलकायदा प्रमुख ढेर

पेज 1 का बाकी

सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) का गठन 2014 में हुआ था और तभी से आसिम उमर इसका सरगना था। सुरक्षा बलों ने हेलमंद प्रांत के मूसा कला जिले में 23 सितंबर को तालिबान के परिसर पर छापा मारा था। उस छापेमारी में एक्यूआइएस का सरगना उमर मारा गया। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय (एनडीएस) ने ट्विटर पर बताया कि उमर पाकिस्तानी नागरिक था, लेकिन इस तरह का दावा करने वाली कुछ रिपोर्टें थीं कि वह भारत में पैदा हुआ था। एनडीएस ने ट्विटर पर बताया कि उमर के साथ संगठन के छह अन्य सदस्यों को भी मार गिराया है। उनमें से ज्यादातर पाकिस्तानी थे। उमर को तालिबान के परिसर में 'दफन' कर दिया गया है। यह छापेमारी 22-23 सितंबर की रात को की गई थी जिसके लिए अमेरिका ने हवाई सहयोग दिया था। अधिकारियों ने कहा कि वे अभियान के दौरान बच्चों समेत 40 आम लोगों की मौत होने का दावा करने वाली रिपोर्टों की जांच कराएंगे। एनडीएस ने कहा कि छापेमारी में मारे गए एक्यूआइएस के छह अन्य सदस्यों में एक की पहचान 'रेहान' के तौर पर हुई है।

भारत का अहम रणनीतिक साझेदार है फ्रांस : सिंह

पेज 1 का बाकी

आए मंत्री स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल रक्षा सचिव अजय कुमार ने कहा, 'फ्रांस के साथ हमारे बहु-आयामी संबंध हैं और संबंध सभी मोर्चों पर आगे बढ़ रहे हैं। आज की बातचीत दोनों देशों के बीच व्यापक रक्षा चर्चा का हिस्सा है।'

विजयादशमी पर केरल में नौनिहालों ने किया 'विद्यारंभ'

तिरुवनंतपुरम, 8 अक्तूबर (भाषा)।

केरल में हजारों बच्चों ने मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर लिखने-पढ़ने की दुनिया में प्रवेश किया। राज्य के मंदिरों, विद्यालयों और सांस्कृतिक केंद्रों में बच्चे और उनके माता-पिता बड़ी संख्या में जमा हुए, जहां 'इझुथिनिरुथु' शुभारंभ समारोह के इंतजाम किए गए थे।

राज्य में विजयादशमी का दिन विद्यारंभ यानी शिक्षा की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार विद्वान, लेखक, शिक्षक, पुजारी और समाज के अन्य प्रमुख व्यक्ति इस दिन आमतौर पर दो से तीन वर्ष के बच्चों को पहला अक्षर लिखना सिखाते हैं।

'भीड़ हत्या' पश्चिमी तरीका, भारत को बदनाम न करें

पेज 1 का बाकी

तो उन्हें एकजुट होने की जरूरत है। सरसंघचालक ने कहा कि राष्ट्र के वैभव और शांति के लिए काम कर रहे सभी भारतीय 'हिंदू' हैं। उन्होंने कहा, 'संघ की अपने राष्ट्र की पहचान के बारे में, हम सबकी सामूहिक पहचान के बारे में, हमारे देश के स्वभाव की पहचान के बारे में स्पष्ट दृष्टि व घोषणा है, वह सुविचारित व अडिग है कि भारत हिंदुस्तान, हिंदू राष्ट्र है।' संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू अगर चाहते हैं कि उनकी आवाज दुनिया द्वारा सुनी जाए तो उन्हें एकजुट होने और शक्ति हासिल करने की जरूरत है।

भागवत ने कहा, 'जो भारत के हैं, जो भारतीय पूर्वजों के वंशज हैं व सभी विविधताओं का स्वीकार, सम्मान व स्वागत करते हुए आपस में मिलजुल कर देश का वैभव व मानवता में शांति बढ़ाने का काम करने में जुटे हैं वे सभी भारतीय हिंदू हैं।' वहीं संघ प्रमुख ने उन आरोपों को भी खारिज किया कि संघ और उसके सहयोगी संगठन 'इस्लामोफोबिक' या गैर हिंदू धर्मावलंबियों के खिलाफ हैं। भागवत ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सराहना भी की। उन्होंने कहा, 'यह कदम अपनी पूर्णता तब प्राप्त कर लेगा, जब 370 के प्रभाव में न हो सके न्याय कार्य संपन्न होंगे व उसी प्रभाव के कारण अब तक चलते आए अन्यायों की समाप्ति होगी।' भागवत ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों में भारत की सोच की दिशा में एक परिवर्तन आया है, जिसे न चाहने वाले व्यक्ति दुनिया में भी हैं और भारत में भी'। उन्होंने कहा कि निहित स्वार्थों के लिए ये शक्तियां भारत को दृढ़ और शक्ति संपन्न नहीं होने देना चाहतीं।

देश की सुरक्षा पर संघ प्रमुख ने कहा, 'सौभाग्य से हमारे देश के सुरक्षा सामर्थ्य की स्थिति, हमारी सेना की तैयारी, हमारी शासन की सुरक्षा नीति व हमारी अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कुशलता की स्थिति इस प्रकार की बनी है कि इस मामले में हम लोग सजग और आश्वस्त हैं।' संघ प्रमुख ने देश की तटीय सीमाओं की सुरक्षा पर ज्यादा जोर दिए जाने की जरूरत भी रेखांकित की। उन्होंने कहा, 'हमारी स्थल सीमा और जल सीमाओं पर सुरक्षा सतर्कता पहले से अच्छी है। केवल स्थल सीमापर रक्षक व चौकियों की संख्या व जल सीमापर (द्वीपों वाले टापुओं को) निगरानी अधिक बढ़ानी पड़ेगी। देश के अंदर भी उग्रवादी हिंसा में कमी आई है। उग्रवादियों के आत्मसमर्पण में भी वृद्धि हुई है।' सरसंघचालक ने कहा, 'समाज के विभिन्न वर्गों को आपस में सद्भावना, संवाद व सहयोग बढ़ाने के लिए प्रयासरत होना चाहिए। समाज के सभी वर्गों का सद्भाव, समरसता और सहयोग व कानून संविधान की मर्यादा में ही अपने मतों की अभिव्यक्ति...यह आज की स्थिति में नितांत आवश्यक बात है।' 'चंद्रयान-2' अभियान के लिए वैज्ञानिकों की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे वैज्ञानिकों ने अब तक चंद्रमा के अनछुए प्रदेश, उसके दक्षिण ध्रुव पर अपना चंद्रयान 'विक्रम' उतारा। यद्यपि अपेक्षा के अनुरूप पूर्ण सफलता नहीं मिली, परंतु पहले ही प्रयास में इतना कुछ कर पाना...बड़ी बात थी।' दशहरे का पर्व संघ के लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इसी दिन 1925 में संगठन की स्थापना हुई थी।

इस वार्षिक समारोह में एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर मुख्य अतिथि थे। नाडर ने कहा कि निजी क्षेत्र, नागरिक और गैर सरकारी संगठन चुनौतियों से निपटने के लिए सामने आएं। उन्होंने कहा, 'अकेले सरकार देश को अगले स्तर तक नहीं ले जा सकती है, इसके लिए सभी पक्षकारों की बराबर भागीदारी की जरूरत है।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जनरल (सेवानिवृत्त) वीके. सिंह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी इस समारोह में मौजूद थे।

सीमा पर फिर सक्रिय 20 आतंकवादी शिविर

पेज 1 का बाकी

दी। फरवरी में पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर आतंकवादी हमले और उसकी प्रतिक्रिया में बालाकोट में भारतीय वायु सेना द्वारा किए गए हमले के बाद ये शिविर अस्थायी तौर पर बंद कर/इ /इ दिए गए थे। लेकिन ये फिर से सक्रिय हो गए हैं। यहां हर प्रशिक्षण शिविर और लॉन्च पैड में कम से कम 50 आतंकवादी हैं। एक सुरक्षा अधिकारी ने खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए बताया कि जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को खत्म किए जाने के बाद पाकिस्तानी एजंसियां जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमला करने की साजिश कर रही थीं। दूर-दराज के क्षेत्रों में भी हमले की साजिशें हो रही थीं। हालांकि जब आतंकवादी कोई बड़ा हमला करने में विफल रहे तो अब पाकिस्तानी एजंसियां जम्मू-कश्मीर में ज्यादा से ज्यादा आतंकवादी भेजने की ताक में हैं।

अधिकारी ने बताया, 'हमारे पास खुफिया जानकारी है कि पाकिस्तान ने कम से कम 20 आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर और 20 अड्डों को सक्रिय किया है। प्रत्येक में कम से कम 50 आतंकवादी हैं। ये सभी आतंकवादी नियंत्रण रेखा के जरिए मौका मिलते ही घुसपैठ करने की ताक में हैं।' सुरक्षा बल काफी सतर्क और मुस्तैद हैं लेकिन इसके बाद भी हाल के सप्ताह में कई आतंकवादी घुसपैठ करने में सफल रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा है कि राज्य में 200 से 300 आतंकवादी सक्रिय हैं और पाकिस्तान ने सीमापार से गोलीबारी तेज की है ताकि सक्रिय से पहले ज्यादा से ज्यादा संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई जा सके। सिंह ने रविवार को कहा था कि संघर्ष विराम के उल्लंघन की घटनाएं बढ़ी हैं और यह कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में हो रहा है। संघर्ष विराम उल्लंघन कनाचक, आरएस पुरा और हीरा नगर (अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे हुए) और नियंत्रण रेखा पर पुंछ, राजौरी, उरी, नम्बला, करनाह और केरन में बढ़ी हैं।

वहीं एक अन्य अधिकारी ने बताया कि ऐसी खुफिया जानकारी है कि जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा, हिज्बुल मुजाहिदीन और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े शीर्ष आतंकवादियों ने हाल ही में एक बैठक की है।

नई दिल्ली

खबर कोना

अमेरिका ने चीनी संस्थाओं को काली सूची में डाला

वाशिंगटन, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय ने चीन के अशांत शिनजियांग क्षेत्र में उइगर मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में चीन की 28 संस्थाओं को सोमवार को काली सूची में डाला दिया। यह घोषणा अमेरिका के वाणिज्य मंत्री विल्बर रोस ने की। इससे ए संस्थाएं अब अमेरिकी सामान नहीं खरीद पाएंगी। रॉस ने कहा कि अमेरिका ' चीन के भीतर जातीय अल्पसंख्यकों के क्रूर दमन को बर्दाश्त नहीं करता है और ना ही करेगा।' अमेरिकी फेडरल रजिस्टर में अद्यतन की गई जानकारी के अनुसार काली सूची में डाली कई संस्थाओं में वीडियो निगरानी कम्पनी 'हिकविजन', कृत्रिम मेधा कम्पनियां 'मेग्वी टेक्नोलॉजी' और 'सेंस टाइम' शामिल हैं। यह जानकारी बुधवार को प्रकाशित की जाएगी।

विश्वविद्यालय की कक्षा में विस्फोट, 19 छात्र घायल

काबुल, 8 अक्तूबर (एपी)।

पूर्वी गजनी प्रांत में एक विश्वविद्यालय की कक्षा में बम विस्फोट से कम से कम 19 विद्यार्थी घायल हो गए। अफगानिस्तान के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रांतीय राज्यपाल के प्रवक्ता आरिफ नूरी ने कहा कि गजनी विश्विद्यालय में घायल हुए विद्यार्थियों में से 12 छात्राएं हैं। यह विश्वविद्यालय प्रांतीय राजधानी के बाहरी क्षेत्र में स्थिति है। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की स्थिति गंभीर है। मंगलवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने अब तक नहीं ली है। पिछले महीने इसी विश्वविद्यालय के एक मिनी बस में भी विस्फोट हुआ था, जिसमें चालक की मौत हो गई थी और पांच विद्यार्थी घायल हो गए थे। इस प्रांत में तालिबान सक्रिय है और वह लागातार सुरक्षा बलों पर हमले करता है।

मेरे खिलाफ महाभियोग धोखाधड़ी : ट्रंप

वाशिंगटन, 8 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनके खिलाफ महाभियोग का मामला धोखाधड़ी है और उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के एडम शिफ के खिलाफ जांच की मांग की। दरअसल, शिफ ने ही ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू की है। ट्रंप न `कहा,'महाभियोग की जांच धोखाधड़ी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ मेरी बहुत अच्छी बातचीत हुई थी। यह बहुत अच्छी बातचीत थी।' अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सांसद इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या ट्रंप के खिलाफ महाभियोग का मामला चलाने का कोई आधार है। आरोप है कि ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से 25 जुलाई को टेलीफोन पर हुई बातचीत में डेमोक्रेटिक पार्टी से अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के खिलाफ जांच करने को कहा था।

नाइजर में आतंकी हमला, दो जवान मारे गए

नियामे, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

दक्षिण पश्चिम नाइजर में एक आतंकी हमले में दो जवान मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। गृह मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि रविवार को डोगोन किरिया के पास एक घाटी में सुरक्षा बलों की टुकड़ी और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दो जवान मारे गए और पांच अन्य लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। दोगोनदाउची क्षेत्र में जिहादी समूहों द्वारा आतंकी हमले की यह दूसरी घटना है।

'भारत, चीन बातचीत से विवादों को सुलझाएं'

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के बीच दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन से पहले चीनी राजदूत सुन वीदोंग ने कहा कि भारत और चीन को क्षेत्रीय स्तर पर संवाद के माध्यम से शांतिपूर्वक विवादों का हल करना चाहिए और संयुक्त रूप से शांति और स्थिरता को बुलंद करना चाहिए।

चेन्नई के समीप प्राचीन तटीय शहर ममल्लापुरम में शिखर सम्मेलन की तैयारियां कश्मीर मुद्दे की पृष्ठभूमि में हो रही हैं और दोनों पक्षों ने शी की भारत यात्रा की तारीखों की घोषणा अभी तक नहीं की है हालांकि, समझा जाता है कि वह करीब 24 घंटे की यात्रा पर शुक्रवार को चेन्नई पहुंचेंगे। चीनी दूत ने कहा कि भारत और चीन दोनों को 'मतभेदों के प्रबंधन' के मॉडल से आगे जाना चाहिए और सकारात्मक ऊर्जा के संचय के जरिए द्विपक्षीय संबंधों को आकार देने और साझा विकास के लिए अधिकतम सहयोग की दिशा में काम करना चाहिए।

चीनी दूत ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर हमें शांतिपूर्वक बातचीत और विचार विमर्श के जरिए विवादों को हल करना चाहिए व संयुक्त रूप से क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को कायम रखना चाहिए। चीन-भारत संबंध द्विपक्षीय आयाम से आगे चले गए हैं और इनका वैश्विक और रणनीतिक महत्त्व है। दोनों पक्षों को रणनीतिक संचार को मजबूत करना चाहिए, राजनीतिक परस्पर भरोसा को बढ़ाना चाहिए, द्विपक्षीय संबंधों में दोनों नेताओं के स्थिर मार्गदर्शन के लिए पूरा जोर देना चाहिए व दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति का ठोस कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए।

भारत ने जब जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का फैसला किया, तब भारत और चीन के संबंधों में कुछ तनाव आ गया। चीन ने भारत के फैसले की आलोचना की, उसके विदेश मंत्री वांग यी ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी यह मुद्दा उठाया। उसके कुछ दिनों बाद पाकिस्तान में चीन के राजदूत याओ जिंग ने कहा कि चीन कश्मीरियों की मदद के लिए काम कर रहा है, ताकि उन्हें उनके मौलिक अधिकार और न्याय मिल सके।

मोदी और शी के बीच पहला अनौपचारिक शिखर सम्मेलन वुहान में अप्रैल 2018 में हुआ था। उसके कुछ महीनों पहले ही डोकलाम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच 73 दिनों तक गतिरोध रहा था।

छात्र भी उतरे
हांगकांग में लेमन वॉल की हिफाजत करने वाले छात्रों की सजा दिए जाने के विरोध में स्कूल में अंडे फेंकते छात्र।

ब्रेक्जिट समझौते की संभावना तेजी से क्षीण पड़ रही : ब्रिटेन

लंदन, 8 अक्तूबर (एपी)।

ब्रिटेन की सरकार ने मंगलवार को कहा कि यूरोपीय संघ के साथ ब्रेग्जिट समझौते की उम्मीद अब क्षीण पड़ती जा रही है क्योंकि दोनों पक्ष अपनी स्थिति बदलने को राजी नहीं है। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के कार्यालय ने जॉनसन और जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल के बीच मंगलवार सुबह हुई बातचीत के संबंध में निराशाजनक जवाब दिया है।

डाउनिंग स्ट्रीट ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि मर्केल ने प्रधानमंत्री से कहा कि जब तक उत्तरी आयरलैंड को यूरोपीय संघ के सीमा शुल्क संघ में शामिल नहीं किया जाता तब तक समझौता होने की संभावना नहीं के बराबर है। ब्रिटेन का कहना है कि वह इस शर्त को स्वीकार नहीं कर सकता है। डाउनिंग स्ट्रीट प्रधानमंत्री का आधिकारिक कार्यालय और आवास है। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि अगर यह नई स्थिति को दर्शाता है तो इसका मतलब यह है कि समझौता अभी ही नहीं बल्कि हमेशा के लिए असंभव है।

जर्मन सरकार ने इस पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूरोपीय संघ शुक्रवार तक इसका आकलन करेगा कि समझौता संभव है या नहीं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का इस पर जोर है कि ब्रिटेन बिना किसी समझौते के भी 31 अक्टूबर को यूरोपीय संघ से अलग हो जाएगा। कई अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इससे ब्रिटेन के व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा और देश को मंदी में धकेल देगा।

भारत से कश्मीर में संचार सेवाएं बहाल करने की अपील

वाशिंगटन, 8 अक्तूबर (भाषा)।

- 'हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी' ने सोमवार को ट्वीट किया, 'कश्मीर में भारत की संचार सेवाओं पर रोक से कश्मीरियों की जिंदगियों और कल्याण पर असर पड़ रहा है।'

अमेरिका की एक अधिकारप्राप्त कांग्रेस समिति ने कहा है कि भारत द्वारा कश्मीर में संचार पाबंदी से वहां के लोगों के जीवन और खुशहाली पर 'खराब असर' हो रहा है। समिति ने भारत सरकार से घाटी में लगाए प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया है। घाटी में दो महीने से अधिक समय से ये प्रतिबंध जारी हैं।

जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्रशासित प्रदेश बनाने के भारत सरकार के पांच अगस्त के कदम के बाद से ही कश्मीर में पाबंदियां लगी हैं। 'हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी' ने सोमवार को ट्वीट किया, 'कश्मीर में भारत की संचार सेवाओं पर रोक से कश्मीरियों की जिंदगियों और कल्याण पर असर पड़ रहा है।' ट्वीट में कहा गया, 'समय आ गया है कि भारत पाबंदियां हटाए और कश्मीरियों को भी वही अधिकार और सुविधाएं दे जो अन्य भारतीय नागरिकों को मिल रहे हैं।'

भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल सहित 14 अमेरिकी सांसदों ने एक माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कश्मीर में मानवाधिकार की स्थिति पर चिंताओं को दूर करने और संचार सेवाएं बहाल करने का आग्रह किया था। एक महीने बाद 'हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी' का यह बयान आया है। 'हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी' की 'एशिया-प्रशांत एवं परमाणु अप्रसार उपसमिति' 22 अक्तूबर को कश्मीर और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों में मानवाधिकारों पर सुनवाई करेगी।

भारत ने पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त कर जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म कर दिया। भारत के इस कदम पर पाकिस्तान ने भी कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भारत के साथ कूटनीतिक संबंध भी कम कर दिए थे। भारत लगातार अनुच्छेद 370 पर अपने फैसले को 'आंतरिक मामला' बता रहा है और कहा कि ये पाबंदियां पाकिस्तान को आतंकवादियों के माध्यम से नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए लगाई गई हैं।

सीपीईसी परियोजना के लिए विशेष प्राधिकरण का गठन

इस्लामाबाद, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पाकिस्तान ने अरबों डॉलर के चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना में हो रहे निवेश की निगरानी के लिए एक विशेष संस्था का गठन किया है। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने पाक प्रधानमंत्री इमरान खान की चीन यात्रा के अवसर पर सीपीईसी प्राधिकरण के गठन के लिए एक अध्यादेश लागू किया।

इस बीच पाकिस्तानी सेना के एक संक्षिप्त बयान में बताया गया कि सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद भी चीन पहुंच चुके हैं। वहां वह चीनी सैन्य अधिकारियों से भेंट करेंगे और प्रधानमंत्री खान के साथ राजनीतिक बैठकों में भी हिस्सा लेंगे। अल्वी ने एक और अध्यादेश जारी कर ग्वादर बंदरगाह और उसके मुक्त क्षेत्र को करों में रियाअत दी है। सीपीईसी प्राधिकरण सीपीईसी सचिवालय से काम करेगा। यह परियोजना 2015 में शुरू की गई थी जब चीनी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का दौरा किया था।

धन की तंगी से गुजर रहा है संयुक्त राष्ट्र : गुतारेस

संयुक्त राष्ट्र, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि वैश्विक निकाय कोष की कमी से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पास 23 करोड़ डॉलर नकदी की कमी है और अक्तूबर के अंत तक उसके पास रखा पैसा पूरी तरह खत्म हो जाने की आशंका है।

संयुक्त राष्ट्र सचिवालय में काम करने वाले 37 हजार कर्मचारियों को लिखे पत्र में गुतारेस ने सोमवार को कहा कि कर्मचारियों को वेतन और अन्य भत्ते देने के लिए खर्चों में कमी लाने को लेकर अतिरिक्त कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने लिखा है, 'सदस्य देशों ने 2019 के लिए जरूरी हमारे नियमित बजट का केवल 70 फीसद ही भुगतान किया है। इसके कारण सितंबर में निकाय के पास 23 करोड़ डॉलर नकदी की कमी है। हमारे समक्ष इस माह के अंत तक पहले से पड़े नकदी भंडार के समाप्त होने का जोखिम है।' गुतारेस ने खर्च में कमी लाने के लिए सम्मेलनों, बैठकों को टालने और सेवाओं में कटौती का जिक्र किया है। साथ ही उन्होंने केवल जरूरी कामकाज को लेकर ही आधिकारिक यात्रा तथा ऊर्जा बचत के लिए कदम उठाने का भी जिक्र किया।

संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी के अनुसार, महासचिव ने सदस्य देशों से इस साल की शुरुआत में वैश्विक निकाय की नकदी संबंधी समस्या दूर करने के लिए योगदान राशि बढ़ाने को कहा था लेकिन सदस्य देशों ने इससे मना कर दिया।

गुतारेस ने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र की वित्तीय स्थिति के लिए अंततः सदस्य देश ही जिम्मेदार हैं।' संयुक्त राष्ट्र का बजट 2018-19 के लिए करीब 5.4 अरब डॉलर था। इसमें अमेरिका का योगदान 22 फीसद रहा। इसमें शांति स्थापना से जुड़े कार्यों के लिए होने वाला खर्च शामिल नहीं है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में 1.3 अरब डॉलर के बकाए भुगतान पर चिंता जाहिर की

संयुक्त राष्ट्र, 8 अक्तूबर (भाषा)।

संयुक्त राष्ट्र में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के बकाये भुगतान पर भारत ने गहरी चिंता व्यक्त की है। यह तब है जब नियमित बजट वित्त वर्ष तीन महीने में खत्म हो रहा है।

महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को चेतावनी दी थी कि संरा के पास अक्तूबर के अंत में अपने कामकाज के संचालन के लिए पैसा खत्म हो सकता है क्योंकि विश्व निकाय 23 करोड़ डॉलर के घाटे से जूझ रहा है। गुतारेस ने पिछले साल भी चेतावनी जारी की थी और कहा था कि संगठन के पास अपने बजट के लिए धन की अभूतपूर्व कमी है और सदस्य राष्ट्र भुगतान नहीं करते हैं तो उसे अतिशीघ्र अपने कामकाज में कटौती करनी पड़ेगी।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में फर्स्ट सेक्रेटरी ने सोमवार को कहा, 'हम यह जानकर चिंतित हैं कि मौजूदा नियमित बजट वित्त वर्ष तीन महीने में खत्म हो रहा है। इस साल और पिछले साल करीब की मिलाकर करीब 1.3 अरब डॉलर की रकम बकाया है। इस बकाये भुगतान का असर सत्र के दौरान समिति के कामकाज पर भी होगा।'

प्रदर्शन
न्यूयॉर्क के वॉल स्ट्रीट के 'चार्जिंग बुल' को प्रदर्शनकारियों ने लाल रंग में रंग दिया। इसके बाद 93 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। वे जलवायु संकट पर विरोध जता रहे थे

ब्रह्मांड वैज्ञानिकों की तिकड़ी को मिलेगा भौतिकी का नोबेल पुरस्कार

स्टाकहोम, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

- अमेरिकी ब्रह्मांड वैज्ञानिक जेम्स पीबल्स को बिग बैंग के बाद ब्रह्मांड के विकास के संबंध में खोज की है।
- स्विस खगोलशास्त्रियों माइकल मेयर और डीडियर क्वेलोज ने सौर मंडल के बाहर ग्रह का पता लगाया था

कनाडा मूल के अमेरिकी ब्रह्मांड वैज्ञानिक जेम्स पीबल्स, स्विस खगोलशास्त्रियों माइकल मेयर और डीडियर क्वेलोज को इस साल के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है।

जूरी ने बताया कि इन वैज्ञानिकों को उनके उन अनुसंधानों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है जो ब्रह्मांड में हमारे स्थान की बढ़ती समझ से जुड़ा हुआ है। रॉयल स्विडिश विज्ञान अकादमी के महासचिव प्रोफेसर जी हनसन ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पीबल्स को यह पुरस्कार उनकी सैद्धांतिक खोजों के लिए दिया गया है। उन्होंने बिग बैंग के बाद ब्रह्मांड के विकास के संबंध में खोज की है। मेयर और क्वेलोज को उनके पहले अनुसंधान के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से सौर मंडल के बाहर एक ग्रह का पता लगाया था जो मिल्की वे में तारे की परिक्रमा कर रहा था। वैज्ञानिकों ने यह खोज 1995 में की थी।

जूरी ने कहा, 'उनकी खोजों ने हमारी धारणाओं को हमेशा के लिए बदल दिया है।' पीबल्स अमेरिका के प्रिंसटन विश्वविद्यालय में विज्ञान के अलबर्ट आइंस्टीन प्रोफेसर के पद पर तैनात हैं जबकि मेयर और क्वेलोज जिनेवा विश्वविद्यालय में कार्यरत हैं। भौतिकी के नोबेल पुरस्कार का आधा हिस्सा पीबल्स को दिया गया है जबकि शेष राशि अन्य दोनों वैज्ञानिकों को दी गई है। इस पुरस्कार के तहत एक स्वर्ण पदक, एक डिप्लोमा और करीब 90 लाख स्वीडिश क्रोनर (नौ लाख 14 हजार अमेरिकी डालर) दिया जाएगा। तीनों वैज्ञानिकों को यह सम्मान स्टाकहोम में दस दिसंबर को प्रदान किया जाएगा। दस दिसंबर इस पुरस्कार की शुरुआत करने वाले वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि है जिनका निधन 1896 में हुआ था। साल 2018 में भौतिकी के लिए नोबेल पुरस्कार अमेरिका के अर्थर अश्किन, फ्रांस के गेरार्ड मोरोऊ और अमेरिका की डोना स्ट्रिकलैंड को दिया गया था।

लोगों ने सोशल मीडिया पर उतारा गुस्सा | **लड़कियों की तस्वीरें वायरल** | सरकारी कोष से करीब 90 हजार रुपए खर्च

पाकिस्तान में मचा बुर्के पर बवाल

पेशावर, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

छात्राओं के लिए खरीदा बुर्का

अधिकारी मुजफ्फर शाह ने बताया कि अभिभावकों के अनुरोध पर उन्होंने बुर्का खरीदे। ये अभिभावक इतने संपन्न नहीं हैं कि बुर्का खरीद पाते। शाह ने बताया, 'लगभग 90 फीसद लड़कियां पहले ही बुर्का पहनती हैं। इसलिए मुझे लगा कि इन गरीब लड़कियों को नया बुर्का मिलना चाहिए।'

स्थानीय प्राधिकारी द्वारा खरीदे गए बुर्का पहनी लड़कियों की तस्वीरें वायरल होने के बाद पाकिस्तानी सोशल मीडिया पर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक छोटे से गांव चीना में एक जिला पार्षद ने स्थानीय सरकारी कोष से करीब 90 हजार रुपए निकाल कर लगभग 90 बुर्का खरीदे। ये बुर्का गांव में स्थित सरकारी माध्यमिक स्कूल की छात्राओं के लिए खरीदे गए थे। यह इलाका बेहद रूढ़िवादी है और कई महिलाएं बुर्का पहनती हैं।

अधिकारी मुजफ्फर शाह ने बताया कि अभिभावकों के अनुरोध पर उन्होंने बुर्का खरीदे। ये अभिभावक इतने संपन्न नहीं हैं कि बुर्का खरीद पाते। शाह ने बताया, 'लगभग 90 फीसद लड़कियां पहले ही बुर्का पहनती हैं। इसलिए मुझे लगा कि इन गरीब लड़कियों को नया बुर्का मिलना चाहिए।' उन्होंने कहा कि इससे पहले उन्होंने इस कोष का इस्तेमाल स्कूल के लिए एक सोलर पैनल खरीदने में, शौचालय बनवाने में और कुछ नया फर्नीचर खरीदने में किया था।

बहरहाल, उनकी खींची गई दो तस्वीरों से सोशल मीडिया में मानों उबाल आ गया। एक तस्वीर में कक्षा में बुर्का पहनी लड़कियां नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में एक डेस्क पर बुर्का पड़े नजर आ रहे हैं।

फातिमा वली नामक महिला ने ट्वीट किया 'शिक्षा के स्तर में सुधार पर, उत्पीड़न, दुर्व्यवहार तथा बलात्कार के लिए कड़ी सजा पर जोर देने के बजाय परिधान खरीदा गया। 'पाकिस्तानी महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली गुलालई इस्माइल ने सोशल मीडिया पर लोगों के गुस्से की सराहना की है।

हाल ही में न्यूयार्क गई गुलालई ने लिखा 'मैं यह देख कर खुश हूं कि समय बदल रहा है और महिलाओं के पक्ष में अधिकाधिक लोग खड़े हो रहे हैं।' शाह का कहना है कि वह आलोचनाओं का कारण समझ नहीं पा रहे। 'इलाके के लोग मुझसे खुश हैं। अगर मैं लड़कियों को जीन्स बांटता तो क्या मीडिया और उदारवादी मेरी तारीफ करते?' प्रांतीय शिक्षा मंत्री जियाउल्ला बंगश ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि बुर्का स्कूल की वर्दी का हिस्सा नहीं है।

उन्होंने कहा 'हमारे ड्रेस कोड में नीला ढीला ढाला कुर्ता, सलवार शामिल है। वर्दी पर बुर्का पहनना, न पहनना लड़कियों पर निर्भर करता है। हम उन्हें बाध्य नहीं कर सकते।' कुछ सप्ताह पहले सरकार ने इसी प्रांत के दो अन्य जिलों में छात्राओं के लिए नकाब पहनने का आदेश वापस ले लिया था।

अमेरिका में गोली मार कर परिवार के पांच लोगों की हत्या

एबिंगटन (अमेरिका) 8 अक्तूबर (एपी)।

अमेरिका के मैसाचुसेट्स में एक परिवार के पांच सदस्य अपने ही घर में मृत पाए गए। मृतकों में दो व्यस्क और तीन बच्चे हैं, जिनके शरीर पर गोली लगने के निशान हैं।

प्लायमाउथ जिले के अटॉर्नी टिमोथी क्रूज ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एबिंगटन कॉन्डोमिनियम परिसर में सुबह करीब साढ़े सात बजे वे मृत मिले, जब उनका एक रिश्तेदार बच्चों को स्कूल ले जाने के लिए उनके घर पहुंचा था।अन्य लोगों की जान को कोई खतरा नहीं है। स्थिति पर और जानकारी न देते हुए उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी मौत गोली लगने से हुई।

ई-सिगरेट के आयात पर पाबंदी को कड़ाई से लागू किया जाए: राजस्व विभाग

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्व विभाग ने सीमा शुल्क अधिकारियों से ई-सिगरेट के आयात पर पाबंदी का कड़ाई से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। सरकार ने लोगों खासकर युवाओं के स्वास्थ्य को खतरा को देखते हुए ई-सिगरेट और उसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उत्पादन, आयात और बिक्री पर पाबंदी लगा दी है। ई-सिगरेट को तकनीकी रूप से ईएनडीएस (इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलिवरी सिस्टम) कहा जाता है।

वाणिज्य मंत्रालय ई-सिगरेट या उसे भरने वाली मशीन (रिफिल पॉड) समेत अन्य संबंधित उत्पादों के आयात और निर्यात पर पाबंदी के लिये पहले ही अधिसूचना जारी कर चुका है। सीमा शुल्क विभाग ने एक ताजा परिपत्र में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचनाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है ताकि ऐसी वस्तुओं के आयात/निर्यात के किसी भी प्रयास पर प्रभावी रोक लगायी जा सके। ई-सिगरेट के उत्पादन, आयात, निर्यात, बिक्री या विज्ञापनों पर अध्यादेश के जरिये प्रतिबंध लगाया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ईएनडीएस पर पाबंदी के निर्णय की घोषणा करते हुए कहा था कि कई विज्ञापन पत्रिकाओं के अनुसार अमेरिका में करीब 30 लाख लोग ई-सिगरेट का नियमित तौर पर उपयोग कर रहे हैं और केवल चार-पांच साल में ई-सिगरेट में 900 फीसद की वृद्धि हुई है।

अदालत का रिलायंस इंडस्ट्रीज जुर्माना मामले में दस्तावेज साझा करने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पेट्रोलियम मंत्रालय को उच्चतम अदालत से झटका लगा है। शीर्ष अदालत ने एक आदेश के खिलाफ दायर मंत्रालय की याचिका खारिज कर दी है। आदेश में उन दस्तावेजों का खुलासा करने को कहा गया था जिसके आधार पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के ऊपर केजी-डी6 से प्राकृतिक गैस उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप नहीं करने को लेकर तीन अरब डॉलर का जुर्माना लगाया गया था।

लक्ष्य के अनुरूप प्राकृतिक गैस का उत्पादन नहीं करने को लेकर सरकार के जुर्माने के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय पंचाट की तीन सदस्यीय पीठ ने रिलायंस और उसके भागीदार की याचिका पर मंत्रालय से उन दस्तावेजों को साझा करने को कहा था जिसके आधार पर कंपनी पर जुर्माना लगाया गया था।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने दस्तावेज के खुलासे संबंधी आदेश को दिल्ली उच्च अदालत में चुनौती दी थी। अदालत ने 18 दिसंबर 2018 को याचिका खारिज कर दी। उसके बाद उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। शीर्ष अदालत ने पांच अगस्त 2019 को याचिका खारिज करते हुए कहा कि पूर्व के आदेश में हस्तक्षेप में उसकी दिलचस्पी नहीं है। सरकार ने 2012 और 2016 के बीच रिलायंस और उसके भागीदारों को केजी-डी6 से उत्पादन लक्ष्य से पीछे रहने को लेकर 3.02 अरब डॉलर की लागत की वसूली पर रोक लगा दी। जुर्माना निश्चित लागतों की वसूली की अनुमति नहीं देने के रूप में था।

पेट्रोलियम मंत्रालय और उसकी तकनीकी इकाई हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) का मानना है कि उत्पादन का लक्ष्य के अनुरूप नहीं रहने का कारण कंपनी का केजी-डी6 ब्लाक में उतनी संख्या में कुओं की खुदाई नहीं करना है जिसकी उसने प्रतिबद्धता जताई थी। सूत्रों ने कहा कि साल 2015 में गठित तीन सदस्यीय मध्यस्थता पीठ (अंतरराष्ट्रीय पंचाट) ने रिलायंस और उसके भागीदार बीपी की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में लागत वसूली की अनुमति देने से इनकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के आदेश को चुनौती दी गयी थी। पीठ ने पेट्रोलियम मंत्रालय से उन सभी दस्तावेजों को साझा करने को कहा था जिसके आधार पर सरकार ने लागत वसूली की अनुमति नहीं देने का निर्णय किया था।

रिलायंस और बीपी का मानना है कि केजी-डी6 ब्लाक के लिए उत्पादन साझेदारी अनुबंध (पीएससी) के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जिसमें उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप नहीं रहने पर लागत वसूली पर रोक की बात कही गयी हो। कंपनी को यह ब्लाक नेल्प (नई उत्खनन व लाइसेंसिंग नीति) के तहत आबंटित गया गया था। नेल्प के तहत अनुबंधकर्ताओं को सरकार के साथ लाभ साझा करने से पहले अपनी सभी प्रकार की लागत वसूलने की अनुमति दी गई है। सरकार ने 2016 में लागत वसूली पर रोक के बाद लाभ में साझेदारी के तहत 1.75 करोड़ डॉलर का भी दावा किया। रिलायंस-बीपी का कहना है कि केजी-डी6 ब्लॉक में उत्पादन में कमी का कारण कुओं में बालू और पानी आने के साथ अन्य अप्रत्याशित चीजों का होना है।

पेट्रोलियम मंत्रालय गोपनीयता से जुड़े उपबंधों का हवाला देकर दस्तावेज साझा करने का विरोध कर रहा है। बंगाल की खाड़ी में स्थित केजी-डी6 ब्लाक में धीरूभाई-1 से गैस उत्पादन 8 करोड़ घन मीटर रोजाना लेकिन वास्तविक उत्पादन 2011-12 में केवल 3.53 करोड़ घन मीटर, 2012-13 में 2.088 करोड़ घन मीटर और 2013-14 में 97.7 लाख घन मीटर रहा। इसी दौरान 3 अरब डॉलर का जुर्माना लगाया गया था। बाद के वर्षों में उत्पादन में लगातार कमी आती गई। फिलहाल यह 20 लाख घन मीटर रोजाना दिन से नीचे है।

लखटकिया कार का उत्पादन ठप, इस साल सितंबर तक केवल एक इकाई बिकी

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने इस साल के पहले नौ महीने में कम कीमत वाली अपनी नैनो कार को एक भी इकाई का उत्पादन नहीं किया है। कंपनी ने फरवरी में केवल एक इकाई की बिक्री की थी। हालांकि टाटा मोटर्स ने आधिकारिक रूप से इस मॉडल को बंद करने के बारे में कोई घोषणा नहीं की है।

नैनो का उत्पादन बंद करने के मुद्दे पर टाटा मोटर्स ने कहा- किसी उत्पाद के जीवन चक्र पर निर्णय एक समग्र विचार है।

कंपनी अब तक कहती रही है कि नैनो के भविष्य को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है। कार उत्पादन की योजना मांग, पहले के बचे भंडार और नियोजित दक्षता पर आधारित है। हालांकि टाटा मोटर्स यह स्वीकार करती है कि नैनो का मौजूदा रूप नए सुरक्षा नियमन और भारत चरण-6 उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं कर पाएगा।

कंपनी की शेयर बाजारों को दी गई सूचना के अनुसार इस साल सितंबर में घरेलू बाजार में नैनो का उत्पादन और बिक्री नहीं हुई। यह लगातार नौवां महीना है जब टाटा मोटर्स ने नैनो की एक भी इकाई का उत्पादन नहीं किया। सूचना के अनुसार फरवरी में मात्र एक इकाई बेचने के बाद कंपनी ने अब तक एक भी नैनो कार नहीं बेची है।

कंपनी ने 2008 में वाहन प्रदर्शनी में नैनो कार को पेश किया था। इसे लोगों की कार के रूप में पेश किया गया था लेकिन इसकी बिक्री लगातार घटती रही। पिछले साल जनवरी-सितंबर के दौरान टाटा मोटर्स ने घरेलू बाजार में 297 इकाई का उत्पादन किया जबकि 299 कार बेची।

नैनो का उत्पादन बंद करने के मुद्दे पर टाटा मोटर्स ने कहा- किसी उत्पाद के जीवन चक्र पर निर्णय एक समग्र विचार है। बाजार की गतिविधियों, नियमन और उभरते प्रतिस्पर्धी परिदृश्य के आधार पर यह निर्णय किया जाता है। जब भी इस प्रकार का निर्णय किया जाएगा, इसकी घोषणा की जाएगी। हालांकि कंपनी अधिकारियों ने संकेत दिया कि नैनो का उत्पादन और बिक्री अप्रैल 2020 से बंद होगी। टाटा मोटर्स की भारत चरण-6 के तहत कड़े उत्सर्जन मानकों और अन्य सुरक्षा मानदंडों को पूरा करने के लिए रतन टाटा के सपनों की कार में और निवेश की योजना नहीं है। नैनो को बाजार में मार्च 2009 में पेश किया गया था। उस समय शुरुआती मॉडल की कीमत एक लाख रुपए थी।

इस्पात उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क जारी रखने की मांग, सरकार करेगी जांच

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार ने चीन, मलेशिया और दक्षिण कोरिया से आयातित कुछ हॉट रोल्ड इस्पात उत्पादों पर डंपिंगरोधी शुल्क जारी रखने के संबंध में जांच शुरू कर दी है। जांच के जरिए यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि इन उत्पादों पर डंपिग रोधी शुल्क समाप्त होने के बाद भी क्या इनकी डंपिंग जारी रह सकती है। इस बारे में घरेलू उद्योग की ओर से सरकार को शिकायत की गई है।

व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) की अधिसूचना के अनुसार जिंदल स्टेनलेस (हिसार) लि.और जिंदल स्टेनलेस लि. ने संयुक्त रूप से चीन, मलेशिया और दक्षिण कोरिया से आयातित 'स्टेनलेस स्टील-304 ग्रेड के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पाद' पर मौजूदा डंपिंग रोधी शुल्क को जारी रखने के लिए आवेदन किया है।

सीबीडीटी के चेयरमैन पर आरोप लगाने वाली शीर्ष कर अधिकारी को पदोन्नति

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन के खिलाफ अनपेक्षित रूप से आवाज उठाने और आरोप लगाने वाली वरिष्ठ आयकर अधिकारी अल्का त्यागी को पदोन्नत कर विशेष सचिव स्तर का पद दिया गया है।

सीबीडीटी के तीन अक्तूबर के आधिकारिक आदेश के अनुसार मुंबई में मुख्य आयकर आयुक्त (इकाई-दो) त्यागी को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बाद प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (स्तर-17 और ग्रेड पे स्तर 2.25 लाख रुपए) के पद पर पदोन्नत किया जाता है। त्यागी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सीबीडीटी के चेयरमैन प्रमोद चंद्र मोदी पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। त्यागी का एक आरोप यह भी था कि उनके खिलाफ सतर्कता विभाग की जांच के एक पुराने मामले को मोदी उनकी पदोन्नति रोकने और उन्हें 'ब्लैकमेल' करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं जबकि यह जांच कब की बंद हो चुकी है। वैसे उस जांच को खत्म करने का आदेश मोदी ने ही पारित किया था। इस संबंध में एक रपट रविवार को इंडियन एक्सप्रेस में छपी थी। आदेश में कहा गया है कि पदोन्नति के बाद उनकी नियुक्ति नागपुर में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में प्रधान आयकर महानिदेशक (प्रशिक्षण) के तौर पर की गई है। त्यागी 1984 बैच की भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी हैं।

वाहन क्षेत्र में नरमी, मारुति ने लगातार आठवें महीने उत्पादन में कटौती की

नई दिल्ली, 8 अक्तबर (भाषा)।

वाहन बनाने वाली मारुति सुजुकी इंडिया ने नरमी को देखते हुए सितंबर में अपना उत्पादन 17.48 फीसद घटा दिया। यह लगातार आठवां महीना है जब कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी ने अपना उत्पादन कम किया है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने सितंबर महीने में 1,32,199 इकाइयों का उत्पादन किया जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह संख्या 1,60,219 इकाई थी।

पिछले महीने यात्री वाहनों का उत्पादन सालाना आधार पर 17.37 फीसद घटकर 1,30,264 इकाई रहा जबकि सितंबर 2018 में यह संख्या 1,57,659 इकाई थी। कंपनी की आल्टो, न्यू वैगनआर, सिलेरियो, इगनिस, स्विफ्ट, बालेनो और डिजायर समेत छोटी एवं काम्पैक्ट खंड की कारों का उत्पादन आलोच्य महीने में 98,337 इकाई रहा जो पिछले साल इसी महीने में 1,15,576 इकाई था।

टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों का उत्पादन भी इस साल सितंबर में 63 फीसद घटकर 6,976 इकाई रहा जो पिछले साल इसी महीने 18,855 इकाई था।

इसी प्रकार, विटारा ब्रेजा, एर्टिगा और एस-क्रॉस जैसे उपयोगी वाहनों का उत्पादन 17.05 फीसद घटकर इस साल सितंबर में 18,435 इकाई रहा जबकि पिछले साल इसी महीने में 22,226 इकाइयों का उत्पादन हुआ था। अगस्त महीने में कंपनी ने उत्पादन 33.99 फीसद कम किया था। कंपनी ने इस दौरान 1,11,370 वाहनों का उत्पादन किया था। टाटा मोटर्स के यात्री वाहनों का उत्पादन भी इस साल सितंबर में 63 फीसद घटकर 6,976 इकाई रहा जो पिछले साल इसी महीने 18,855 इकाई था। मारुति सुजुकी, हुंदै, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, टोयोटा और होंडा समेत सभी बड़ी वाहन कंपनियों की घरेलू बिक्री में दहाई अंक

शहरों के बीच बस सेवा का विस्तार करेगी रेल यात्री, 10 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

कोलकाता, 8 अक्तूबर (भाषा)।

यात्रा से जुड़ी ऑनलाइन स्टार्टअप कंपनी रेल यात्री शहरों के बीच बस सेवा का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी की अगले दो साल में 10 करोड़ डॉलर तक के निवेश से अपने मौजूदा बसों की संख्या बढ़ाकर 2,000 करने की योजना है। रेल यात्री के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से युक्त कंपनी शहरों के बीच 'मल्टी-मॉडल' परिवहन समाधान पेश करने को तैयार है। यह कदम कम से कम 10 लाख यात्रियों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है जो ट्रेन टिकट पक्की (कन्फर्म) नहीं होने के कारण यात्रा को लेकर परेशान होते हैं।

रेल यात्री के मुख्य व्यापार अधिकारी स्वप्निल त्रिपाठी ने फोन पर कहा- हमारा ब्रांड 'इंट्र सिटी' 12 शहरों में पहले से काम कर रहा है। फिलहाल हमारे पास 65 बसों का बेड़ा है। हम अगले दो साल में इसकी संख्या बढ़ाकर दो हजार करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह पूरे देश में सभी महत्त्वपूर्ण मार्गों पर होगा। उन्होंने कहा- बेड़े में वृद्धि के साथ 'इंट्र सिटी' शायद देश में दो शहरों के बीच सेवा देने वाला सबसे बड़ा बस सेवा ब्रांड होगा। त्रिपाठी ने कहा कि यूरोपीय स्मार्ट बस सेवा फ्लिक्सबस के मॉडल पर आधारित 'इंट्र सिटी' फिलहाल उत्तर, पश्चिम और दक्षिण भारत में सीमित मार्गों पर परिचालन में है।

उन्होंने कहा, ...सभी बसें पट्टे पर लिए गए हैं। हमारी अगले वित्त वर्ष में इंट्र सिटी सेवाएं शुरू करने की योजना है। ऑनलाइन ग्राहकों को सेवा देने के साथ 'इंट्र सिटी' के तहत रेल यात्री यात्रियों के लिये एयर कंडीशन लाउंज बना रही है। इसमें टिकटों की ऑफलाइन बिक्री का प्रावधान होगा। विस्तार परियोजना के वित्त पोषण के बारे में उन्होंने कहा कि स्टार्टअप कंपनी पहले 1.5 करोड़ डॉलर जुटा सकती है और 2 से 2.5 करोड़ डॉलर पर काम जारी है। रेल यात्री के मौजूदा निवेशकों में नंदन निलेकणि, ओमिदयार नेटवर्क, ब्लूम वेंचर्स ओर हेलिओन वेंचर्स शामिल हैं।

मंजूरियों में देरी की वजह से टावर लगाने का काम लक्ष्य से पीछे: सीओएआइ

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

देश में विभिन्न अड़चनों से नए मोबाइल टावर लगाने का काम वार्षिक लक्ष्य का सिर्फ 60 फीसद पूरा हो पा रहा है। सेलुलर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (सीओएआइ) ने मंगलवार को कहा कि मुख्य रूप से स्थानीय प्राधिकरणों से मंजूरी में देरी और अन्य संरचनात्मक मुद्दों की वजह से टावर लगाने का काम पीछे चल रहा है। सालाना एक लाख टावर लगाने का लक्ष्य पर सिर्फ 60 फीसद काम पूरा हो पाया है।

सीओएआइ के महानिदेशक राजन मैथ्यू ने कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सेवा गुणवत्ता नियमों की समीक्षा उचित है, खासकर यह देखते हुए कि प्रौद्योगिकी में काफी ज्यादा बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियामकीय और नीतिगत कार्रवाई 'दंडात्मक के बजाय उपचारात्मक' होनी चाहिए। उन्होंने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि किसी साल में एक लाख मोबाइल टावर स्थापित किए जाएंगे। लेकिन अभी यह आंकड़ा 50,000 या 60,000 टावर ही रह जाता है। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ी बाधा टावर लगाने के लिए मंजूरी है। मैथ्यू ने कहा कि मोबाइल सेवाओं की गुणवत्ता और कॉल ड्रॉप को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायत को इस परिप्रेक्ष्य में भी देखा जाना चाहिए कि आपरेटरों के समक्ष कई संरचनात्मक दिक्कतें आती हैं।

बंदरगाहों से कोकिंग कोयले की ढुलाई अप्रैल-सितंबर में 15.25 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

देश के 12 बंदरगाहों से कोकिंग कोयले की ढुलाई चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 15 फीसद बढ़कर 2.93 करोड़ टन रही। बंदरगाहों के संगठन भारतीय बंदरगाह संघ (आइपीए) ने यह जानकारी दी। कोकिंग कोयला को मेटालिजकल कोयला भी कहा जाता है। इसका मुख्य रूप से उपयोग इस्पात उत्पादन में होता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बंदरगाहों के जरिए पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की इसी अवधि में 2.54 करोड़ टन कोयले की ढुलाई की गई थी। आइपीए के आंकड़ों के मुताबिक, हालांकि तापीय कोयले की ढुलाई आलोच्य अवधि में 13.20 फीसद घटकर 4.49 करोड़ टन रही। आइपीए ने कहा कि इन बंदरगाहों से पिछले वित्त वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान 5.17 करोड़ टन तापीय कोयले की ढुलाई हुई थी।

कुल मिलाकर देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों से माल ढुलाई चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में मामूली 1.48 फीसद बढ़कर 34.84 करोड़ टन रही। इस बढ़ोतरी की वजह कोकिंग कोल, उर्वरक और लौह अयस्क की ढुलाई में वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में इन बंदरगाहों से माल ढुलाई 34.33 करोड़ टन थी। ये 12 बंदरगाह दीनदयाल बंदरगाह (पूर्व में कांडला), मुंबई बंदरगाह, जवाहर लाल नेहरू, मुरगांव बंदरगाह, न्यू मंगलौर बंदरगाह, कोचि बंदरगाह, चेन्नई बंदरगाह, कामराजार बंदरगाह, वी ओ चिदंबरनार बंदरगाह, विशाखापत्तनम बंदरगाह, पारादीप बंदरगाह और कोलकाता बंदरगाह (हल्दिया समेत) हैं। कुल माल ढुलाई यातायात में इन बंदरगाहों की हिस्सेदारी करीब 60 फीसद है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
MAKE IN INDIA

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (आईडी सं. : 2019_AAI_32544_1)

अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से सहायक महाप्रबंधक अभियांत्रिकी (सिविल) उ.पू.क्षे. परिचालन कार्यालय, रंगपुरी, नई दिल्ली-110037 द्वारा सी.पी.पी. पोर्टल के माध्यम से **"सिविल एन्क्लेव सिलचर में एप्रन का विस्तार और नए लिंक टैक्सीवे के निर्माण"** कार्य हेतु योग्य ठेकेदारों से वस्तु दर ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अनुमानित लागत : **₹16.36/-, करोड़**। कार्य समापन अवधि : **18 (अठारह) माह**, जिसमें 03 (तीन) माह का वर्षा काल भी शामिल है। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तारीख : **04.11.2019** को **1800 बजे तक**। विस्तृत जानकारी के लिए सीपीपी पोर्टल : **https://etenders.gov.in/eprocure/app** या **www.aai.aero** पर लॉग ऑन करें। इस संबंध में आगे कोई भी स्पष्टीकरण/शुद्धिपत्र केवल सीपीपी पोर्टल/भाविप्रा वेबसाइट पर जारी किया जायेगा।

N-58/2019-20

punjab national bank

शाखा कार्यालयः सीसी-21, नेहरू एनक्लेव, नेहरू प्लेस के सामने, नई दिल्ली- 110019

नियम 8 (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 8 व 9 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **एक डिमाण्ड नोटिस दिनांक 14.12.2018 को ऋणी श्री मनोज कुमार एवं श्रीमती चंचला कुमारी, दोनों निवासी- 1103, 11वीं मंजिल, ब्लॉक-ए, मेनका टॉवर, वीडएस, इन्द्रलोक, प्लॉट नं. जीएच-1, नयाखण्ड-1, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद (उ0प्र0) को नोटिस में उल्लेखित राशि रू. 31,76,590.78 (अक्षरे इकत्तीस लाख, छियत्तर हजार पॉच सौ नब्बे एवं अठहत्तर पैसे मात्र)** दिनांक 30.09.2018 तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 04 अक्टूबर 2019** को ग्रहण कर लिया हैं।

ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रू. 31,76,590.78 (रूपये इकत्तीस लाख छियत्तर हजार पॉच सौ नब्बे एवं अठहत्तर पैसे मात्र) दिनांक 30.09.2018** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सीसी-21, नेहरू एनक्लेव, नेहरू प्लेस के सामने, नई दिल्ली-110019** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

साम्यिक बंधक अचल सम्पत्ति जो श्री मनोज कुमार पुत्र श्री एस.पी. सिंह एवं श्रीमती चंचला कुमारी पत्नी मनोज कुमार के स्वामित्व में फ्लैट नं. 1103, 11वीं मंजिल, ब्लॉक-ए, मेनका टॉवर, वीडएस, इन्द्रलोक, प्लॉट नं. जीएच-1, नयाखण्ड-1, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद (उ0प्र0) में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 1550 वर्गफिट है।

दिनांक: 04.10.2019, स्थान: इन्द्रापुरम, गाजियाबाद

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

दिल्ली कृषि विपणन परिषद्
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार)
9, इन्स्टीटूशनल एरिया, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
Tel:-28524421, 28524045

निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा के माध्यम से निम्नलिखित कार्य के लिए मद दर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत एवं धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा आई.डी.
1	नई अनाज मंडी नजफगढ़ में लगे सभी विद्युत उपकरण, पंप सेट, हाई मास्ट एवं सभी विद्युत् पैनल और फीडर खंभों सहित अनुरक्षण एवं संचालन करना।	Rs. 12,45,331/- Rs. 24,910/-	15.10.2019 up to 13.00 hours	2019_DAMB_176633_3
2	फल एवं सब्जी मंडी, केशोपुर के ऐ.पी.एम.सी. कार्यालय में प्रथम तल (सचिव कार्यालय) की दोबारा वायरिंग करना तथा प्रथम एवं दूसरे तल पर एल.ई.डी. लाइट, दीवार एवं छत के पंखे तथा एग्जॉस्ट पंखों की आपूर्ति करना एवं लगाना।	Rs. 7,38925/- Rs. 14,780/-	15.10.2019 up to 13.00 hours	2019_DAMB_181295_1

निविदा के अन्य सभी विवरण वेबसाइट https:/govtprocurement.delhi.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

हस्ता./-
अधिशासी अभियंता (विद्युत)

DIP/Shabdarth/ 0789/19-20

punjab national bank

वसूली विभाग, मंडल कार्यालय- दक्षिण दिल्ली, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली- 110025

नियम 8 (1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 8 व 9 के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **एक डिमाण्ड नोटिस दिनांक 24.07.2019 को ऋणी श्री शंकर बाटला, सी-451, तीसरी मंजिल, विकासपुरी, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110018 को नोटिस में उल्लेखित राशि रू. 43,58,747/- (अक्षरे तियालीस लाख, अठावन हजार सात सौ सैंतालीस मात्र)** दिनांक 30.06.2019 तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।

ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 04 अक्टूबर 2019** को ग्रहण कर लिया हैं।

ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार रू. **43,58,747/- (रूपये तियालीस लाख अठावन हजार सात सौ सैंतालीस मात्र) दिनांक 30.06.2019** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- सी.आ.र पार्क, नई दिल्ली- 110019** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

फ्लैट नं. 1402, राज रेंजीडेन्सी, 14वीं मंजिल, प्लॉट नं. 31, गौर सिटी-II, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301

दिनांक: 04.10.2019, स्थान: ग्रेटर नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नैशनल बैंक

प्रपत्र ख
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 12 के अधीन]
एएनजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के हितधारकों के अवधानार्थ

1	कार्पोरेट देनदार का नाम	एएनजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
2	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	24.07.1991
3	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज-दिल्ली
4	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या	L51909DL1991PLC045084
5	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालय : 101-106 शारदा चैम्बर-IV, प्लॉट नं. 42, 3 लोकल शॉपिंग कॉम्पलेक्स, कालकाजी, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली-110019 फैक्ट्री : 1. ए-197, एल्डेको सिडकुल, इण्डस्ट्रियल एरिया, सितारगंज, उत्तराखण्ड 2. 19-ए, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, उ.प्र. 3. 150-ए, एसईजेड, नोएडा, उ.प्र.
6	ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया की अन्तिम तिथि	28.05.2018 270 दिनों अर्थात सीआईआरपी विस्तारित अवधि के समापन की अन्तिम तिथि 04.02.2019-माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा परिसमापन का आदेश 01.10.2019-माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा परिसमापक की नियुक्ति 04.10.2019-परिसमापक की नियुक्ति के आदेश की जानकारी परिसमापक को प्राप्त हुई
7	कार्पोरेट देनदार के परिसमापन के आरंभन की तिथि	04.02.2019 (माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा परिसमापन का आदेश) 01.10.2019 (माननीय एनसीएलटी, नई दिल्ली पीठ द्वारा परिसमापक की नियुक्ति) 04.10.2019 (परिसमापक की नियुक्ति के आदेश की जानकारी परिसमापक को प्राप्त हुई)
8	परिसमापक के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम तथा पंजीकरण संख्या	अंकित किशोर सिन्हा पंजीकरण सं. IBBI/IPA-002/IP-N00669/2018-19/12027
9	बोर्ड के साथ पंजीकृत के रूप में परिसमापक का पता तथा ई-मेल	पता : 301-301ए, पटेल हाउस, रंजीत नगर कॉम्पलेक्स, रंजीत नगर, निकट सत्यम सिनेमा, नई दिल्ली-110008, ई-मेल : ankitkishoresinha90@gmail.com
10	परिसमापक के साथ होने वाले पत्राचार हेतु प्रयोग में लाया जाने वाला पता तथा ई-मेल	पता : 301-301ए, पटेल हाउस, रंजीत नगर कॉम्पलेक्स, रंजीत नगर, निकट सत्यम सिनेमा, नई दिल्ली-110008, ई-मेल : liquidatorang@gmail.com
11	दावे प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	03.11.2019

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ ने संहिता की धारा 33 के तहत दिनांक 04.02.2019 को एएनजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापन का आदेश दिया है तथा माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ ने 01.10.2019 को परिसमापक की नियुक्ति का आदेश दिया है जो परिसमापक के संज्ञान में 04.10.2019 को आया।

एतद्वारा एएनजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के हितधारकों को मद सं. 10 के सम्मुख उल्लिखित परिसमापक के पते पर प्रमाण सहित अपने दावे 03.11.2019 को या इससे पूर्व प्रस्तुत करने का आह्वान किया जाता है।

वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दण्डनीय होगी।

निर्धारित प्रपत्र लिंक : https://ibbi.gov.in/home/downloads से डाउनलोड किया जा सकता है।

एएनजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के मामले में अंकित किशोर सिन्हा परिसमापक
पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00669/2018-19/12027

दिनांक : 09.10.2019, स्थान : नई दिल्ली

आईएनसी-26
स्मार्ट पॉवर फार रूरल डेवलपमेंट इंडिया फाउंडेशन
सीआईएन : U85100DL2015NPL278338
पंजी. कार्यालय : 407 विशाल भवन, बिल्डिंग नं. 95, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110048
(संपर्क नं. 9560591718, ईमेल : schandel@smartpowerindia.org)
केंद्र सरकार के समक्ष,
(क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 (4) और कम्पनी (निगमन) नियमों, 2014 के नियम 30 (5) (ए) उप-नियम के मामले में एवं

मामले में **स्मार्ट पॉवर फार रूरल डेवलपमेंट इंडिया फाउंडेशन** जिसका पंजीकृत कार्यालय **"407 विशाल भवन, बिल्डिंग नं. 95, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110048 में स्थित है"**

... याचिकाकर्त्ता कंपनी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु 17.09.2019 को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** से **"हरियाणा राज्य"** में बदलने हेतु पारित किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी में इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो, तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित/ विरोध के आधार हों, **MCA-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत फार्म** दर्ज करें या क्षेत्रीय निदेशक के पते पर **बी-2 विंग, दूसरा तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली-110003** पर पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें तथा इसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को निम्न पंजीकृत कार्यालय पर इस सूचना के प्रकाशित होने के चौदह दिनों के भीतर प्रेषित करें।

"407 विशाल भवन, बिल्डिंग नं. 95, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110048"

कृते स्मार्ट पॉवर फार रूरल डेवलपमेंट इंडिया फाउंडेशन

दिनांक : 07/10/2019 (हस्ता./-)
स्थान : दिल्ली जयदीप मुखर्जी
निदेशक, डीआइएन : 06452839
डी-801, सेंट्रल पार्क अपार्टमेंट, सैक्टर-42, गुड़गांव-122009, हरियाणा, इंडिया

प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा संपन्न

ढाक की ताल पर झूमकर नाचे युवा

कोलकाता, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पश्चिम बंगाल में चार दिन तक धूमधाम से मनाया जा रहा त्योहार दुर्गा पूजा मंगलवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ खत्म हुआ। लोगों ने नदियों और तालाबों के किनारे देवी प्रतिमाओं को विसर्जित कर के देवी को विदा किया।

पारंपरिक पोशाकों में सजे भक्त देवी की प्रतिमा को प्रणाम करने के साथ 'आश्चे बोशोर अबार होबे' (अगले साल तक) का आह्वान कर रहे थे। महिलाएं देवी को भोग लगा कर प्रार्थना कर रही थीं और युवा ढाक की ताल पर झूमकर नृत्य कर रहे थे। लोग खुशी से गले लग कर एक दूसरे को दुर्गा पूजा की बधाईयां दे रहे थे। दोपहर से ही ढोल-नगाड़ों के बीच कोलकाता की सड़कें सजी-धजी रंगीन झांकियों से भर गई थीं।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच, पूजा आयोजकों को इस अवसर के लिए तैयार किए गए शहर के गंगा घाटों पर चढ़ते हुए देखा गया। कोलकाता के पुलिस सूत्रों के अनुसार विजयादशमी के सुरक्षित और शांतिपूर्वक आयोजन के लिए सुरक्षा के पूरे इंतजाम किए गए हैं।

स्थानीय पुलिस के अलावा राज्य का नागरिक सुरक्षा बल, नागरिक निकाय और कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के कर्मियों को भी स्थिति पर नज़र रखने के लिए तैनात किया गया है। सूत्रों के अनुसार गंगा के विभिन्न घाटों पर 1000 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की संभावना है।

विजयादशमी पर मंगलवार को कोलकाता में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु।

मुंबई की आरे कॉलोनी से धारा-144 समेत सभी प्रतिबंध हटाए गए

मुंबई, 8 अक्तूबर (भाषा)।

उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव के आरे कॉलोनी में मेट्रो परियोजना के लिए पेड़ कटाई पर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर लगाई गई निषेधाज्ञा मंगलवार को हटा ली गई। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में स्थिति सामान्य हो गई है और लोगों की आवाजाही और यातायात सामान्य है।

पुलिस ने शनिवार को पेड़ों की कटाई के खिलाफ कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन को देखते हुए क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई थी। प्रदर्शनकारी मेट्रोशेड को स्थानांतरित करने की मांग कर रहे थे। यह शेड मेट्रो परियोजना 3 का हिस्सा है।

बंबई हाई कोर्ट द्वारा आरे कॉलोनी को वन क्षेत्र घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने के कुछ घंटों बाद मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने डिपो बनाने के लिए क्षेत्र में पेड़ काटने शुरू किए।

तेलंगाना में चौथे दिन भी बसों की हड़ताल जारी

हैदराबाद, 8 अक्तूबर (भाषा)।

तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) की यूनियनों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रही।

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने आंदोलनरत कर्मचारियों के बारे में कहा कि वह तो खुद ही बर्खास्त हो गए हैं। निगम के करीब 50,000 कर्मचारियों के काम का बहिष्कार करने और सरकारी बसों के सड़कों से नदारद होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निगम का कहना है कि यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं तथा बसों समेत करीब 11,000 वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

राज्य सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) के सरकार में विलय, विभिन्न पदों पर भर्ती समेत कई मांगों को लेकर संयुक्त कार्य समिति ने हड़ताल का आह्वान किया था जिसके बाद पांच अक्तूबर से टीएसआरटीसी के कर्मचारी संघ और विभिन्न कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। इस मामले पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपना रखा है और साफ कर दिया है कि आरटीसी का सरकार में विलय नहीं होगा।

बीते पांच साल में सरकार गिराने का षडयंत्र कभी नहीं रचा : उद्धव

कहा, लोगों की परेशानियों की कीमत पर विकास नहीं होना चाहिए

मुंबई, 8 अक्तूबर (भाषा)।

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी पिछले पांच साल से महाराष्ट्र में सरकार का हिस्सा है। उसके पास कोई खास शक्तियां नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद उसने कभी धोखा नहीं दिया और न ही सरकार गिराने के लिए कोई षडयंत्र रचा।

पार्टी प्रमुख ने कहा कि किसी गठबंधन में दोनों पार्टियों को सावधानी बरतने की जरूरत होती है अगर अकारण गति बढ़ाई जाती है तो इससे दुर्घटना हो सकती है। उद्धव ने पार्टी के मुखपत्र सामना में अपने साक्षात्कार के दूसरे भाग में आरे कॉलोनी में पेड़ों को काटे जाने के संबंध में अपनी पार्टी के विरोध पर भी चर्चा की। उद्धव ने कहा कि वे मेट्रो कार शेड के खिलाफ नहीं हैं बल्कि उस स्थान के खिलाफ हैं, जहां इसकी इजाजत दी गई।

उन्होंने कहा, 'लोगों की परेशानियों की कीमत पर विकास नहीं होना चाहिए।' शिवसेना प्रमुख ने कहा कि अगर आने वाले चुनाव में भाजपा-शिवसेना गठबंधन जीतता है तो दोनों मिल कर बेहतर प्रशासन और सुशासन देंगे। उद्धव ने कहा, 'क्या मैंने धोखा दिया या सरकार को गिराने के लिए षडयंत्र रचा। हम बिना किसी शक्ति के पिछले पांच साल से सरकार में हैं। हमारे बीच मतभेद थे और हमें जहां कहीं भी गलत लगा हमने अपनी आवाज उठाई।'

उद्धव ने अपना पक्ष रखते हुए कहा, 'मैंने राज्य के हित के लिए समझौता किया। मुझे विश्वास है कि पिछले पांच साल के अनुभव के आधार पर हम अच्छा प्रशासन और सुशासन दे सकेंगे।' उन्होंने टिप्पणी की, 'जब देवेंद्र फडणवीस पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उनके पास क्या अनुभव था। शिवसेना के कुछ मंत्री पहले उस पद पर थे।' मुंबई में बड़ी संख्या में पेड़ों को काटे जाने पर उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं की कीमत पर विकास नहीं होना चाहिए। आरे में शेड का विरोध मुंबईवासी कर रहे हैं, शिवसेना नहीं।

उन्होंने कहा, 'यह मेरी पार्टी का व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है। हम मेट्रो चाहते हैं और शहर का विकास चाहते हैं लेकिन ऐसा करते वक्त हमें कुछ ऐसा नहीं खोना चाहिए जो इससे अधिक मूल्यवान हो।' ननार तेलशोधन परियोजना के विरोध के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने स्थानीय लोगों का समर्थन किया।

उद्धव ने कहा कि शिवसेना ने कई बार विपक्ष की भूमिका निभाई है लेकिन , वह सत्ता के दुरुपयोग और बदले की राजनीति के खिलाफ हैं। ईडी के दुरुपयोग के बारे में नहीं जानता लेकिन सीबीआइ का दुरुपयोग कोई नई बात नहीं है। आप जो बोएंगे वहीं आप काटेंगे।' राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों पर ठाकरे ने कहा, 'ये राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं कौन? क्या ये पाक-साफ हैं?' उन्होंने कहा, 'पाक-साफ नेताओं को कोई निशाना नहीं बना रहा। क्या आप इस बात से सहमत हैं कि ईडी के राडार पर जितने भी हैं वे दागी नहीं हैं?'

पाइपलाइन फटने के बाद लापता चार लोगों की खोज जारी

हादसे के बाद संयंत्र का बड़ा हिस्सा जलमग्न हुआ

हाफलोंग (असम), 8 अक्तूबर (भाषा)।

असम के दीमा हसाओ जिले में एक पनबिजली संयंत्र तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन फटने के बाद से उन चार लोगों का मंगलवार तक कोई पता नहीं चल पाया है, जो पंप हाउस में फंसे थे। यह पाइपलाइन सोमवार को फटी थी।

कोपीली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पॉवर प्लांट तक प्रति सेकंड 12,000 लीटर पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन फटने के कारण पंप हाउस सहित संयंत्र का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया। इसके बाद से राज्य सरकार के अधीन आने वाली नार्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पॉवर कॉरपोरेशन (नीपको) के तीन कर्मचारी और एक अन्य कर्मी का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है।

अधिकारियों ने बताया कि लापता व्यक्तियों की पहचान रोबर्ट बेट, प्रेमपाल बाल्मीकि, जॉय सिंग टिस्सु, और राजू रेड्डी के रूप में की गई है। दीमा हसाओ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के परियोजना अधिकारी रिक्की फूकन के अनुसार सोमवार को दुर्घटनास्थल पर एक बचाव दल भेजा गया था, जो लापता व्यक्तियों की खोज कर रहा है।

फूकन ने बताया कि पानी के अत्यधिक दबाव के कारण बचाव दल को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी कम होने पर ही खोजी दल सुगमता से काम कर पायेगा। दुर्घटना के बाद नीपको ने पानी का दबाव कम करने के लिए जलाशय के सभी दरवाजे खोल दिए हैं।

दीमा हसाओ जिले के प्रशासनिक उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। परियोजना स्थल पर कुछ अन्य स्थानों पर फंसे लोगों को बचा लिया गया है। कोपीली पनबिजली परियोजना कोपीली नदी पर स्थित है जिसकी शुरुआत 1976 में हुई थी। यह नीपको की पहली परियोजना थी जिसकी कुल क्षमता 275 मेगावाट है।



विजयदशमी पर मंगलवार को मुंबई में पारंपरिक शस्त्रपूजा करते पुलिस कर्मी।

49 हस्तियों पर प्राथमिकी

थरूर ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

तिरुवनंतपुरम, 8 अक्तूबर (भाषा)।

'भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या' के बढ़ते मामलों पर चिंता जताने वाली 49 जानी-मानी हस्तियों पर प्राथमिकी दर्ज होने को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा।

सात अक्तूबर को लिखी चिट्ठी में तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की आलोचना करने वालों को राष्ट्र विरोधी नहीं समझना चाहिए। थरूर ने मोदी से अनुरोध किया कि उन्हें सार्वजनिक रुख अपनाकर असहमति को स्वीकार करना चाहिए और राष्ट्र को 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन देना चाहिए, भले ही इसमें आपकी या आपकी सरकार से असहमति क्यों न शामिल हो। कांग्रेस नेता ने कहा कि अगर ब्रिटिश राज में लोगों ने असहमति जताने की हिम्मत नहीं दिखाई होती तो स्वतंत्र राष्ट्र के तौर पर भारत का इतिहास कुछ और होता।

थरूर ने पत्र में कहा, देश में मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या) की बढ़ती घटनाओं को लेकर 23 जुलाई 2019 को आपको पत्र लिखने वाले चिंतित भारतीयों के खिलाफ बिहार के मुजफ्फरपुर में प्राथमिकी दर्ज किए जाने से हम बेहद चिंतित हैं। थरूर ने कहा, मॉब लिंचिंग (भीड़ द्वारा पीट-पीट कर हत्या) चाहे घृणित सांप्रदायिकता की वजह से हो या बच्चों का अपहरण करने की अफवाह के कारण, ऐसी बीमारी बन गई है जो बहुत तेजी से बढ़ रही है और इन नागरिकों ने इसे आपके संज्ञान में लाकर सही किया है। यह रेखांकित करते हुए कि लोकतंत्र बिना मतभेद के नहीं चल सकता है, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का निर्माण विविध सह-अस्तित्व और विचारों तथा विचारधाओं पर अलग मत रखने के आधार पर हुआ है।

उन्होंने कहा, यही भारत को कामयाब और जीवंत लोकतंत्र बनाता है। थरूर ने कहा, भारत के नागरिक के तौर पर, हम उम्मीद करते हैं कि हम में से हर कोई बिना किसी डर के राष्ट्र महत्त्व के मुद्दों को आपके संज्ञान में ला सकता है ताकि आप उनका हल करने के लिए कदम उठा सकें। लोकसभा सदस्य ने रेखांकित किया कि मोदी ने 2016 में अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की संयुक्त बैठक में कहा था कि उनकी सरकार के लिए 'पवित्र किताब' संविधान है। थरूर ने कहा, आपकी सरकार के कुछ काम आपके बयान के उलट हैं। क्या इसका मतलब यह है कि आपने इन मौलिक मुद्दों पर अपनी राय को बदल लिया है?

गौरतलब है कि भीड़ हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर अपनी चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री को खुला पत्र लिखने वाली 49 जानी-मानी हस्तियों के खिलाफ मुजफ्फरपुर में तीन अक्तूबर को एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इन लोगों में रामचंद्र गुहा, मणि रत्नम, अदूर गोपालकृष्णन, अपर्णा सेन शामिल हैं।

भाजपा, शिवसेना ने असंतुष्ट विधायकों को नामांकन वापसी के लिए मनाया

औरंगाबाद, 8 अक्तूबर (भाषा)।

महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने अपने असंतुष्ट नेताओं को दोनों पार्टियों के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ औरंगाबाद से दाखिल अपने अपने नामांकन वापस लेने के लिए राजी कर लिया है।

सोमवार को नामांकन वापस लेने का अंतिम दिन था। इसी दिन भाजपा के मंत्री अतुल सावे, निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागडे तथा अन्य अधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ नामांकन दाखिल करने वाले असंतुष्टों ने अपने नामांकन वापस ले लिए।

सावे औरंगाबाद (पूर्व) विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं वहीं बागडे फूलंबरी सीट से चुनाव मैदान में हैं। नेताओं के समझाने-बुझाने के बाद शिवसेना की रेणुकादास वैद्य ने औरंगाबाद (पूर्व) से सावे के खिलाफ अपना नामांकन वापस ले लिया।

सावे ने कहा, 'भाजपा और शिवसेना मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को मिल कर काम करना चाहिए। हमने असंतुष्ट उम्मीदवारों को मनाने की भरसक कोशिश की और हम सफल रहे। इससे गठबंधन को औरंगाबाद में ज्यादा से ज्यादा वोट मिल सकेंगे।' उन्होंने कहा कि वे भाजपा कार्यकर्ता राजू शिंदे को नामांकन वापस लेने में मनाने में सफल नहीं हुए, जिन्होंने औरंगाबाद (पश्चिम) सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। इस सीट से शिव सेना के संजय शिरसाट चुनाव मैदान में हैं। भाजपा अपने शहर इकाई के उपाध्यक्ष बालासाहेब गायकवाड को नामांकन वापस लेने के लिए मनाने में सफल रही। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पर्चा दाखिल किया था।

राजद्रोह मामले में सरकार को दोष देना गलत : जावडेकर

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि बुद्धिजीवियों और कलाकारों के खिलाफ राजद्रोह के मुकदमे के लिए विपक्ष द्वारा मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह से गलत है और यह निहित स्वार्थों द्वारा फैलाई गई झूठी बात है।

मंत्री का कहना है इस मामले का भाजपा या केंद्र सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। सरकार के बचाव में आते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय एवं सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि एक याचिका के बाद बिहार की अदालत ने प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। कोई सरकार ने प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई है।

उन्होंने कहा कि इसका भाजपा और सरकार से कोई लेना-देना नहीं है। यह झूठी अफवाह है जिसका इस्तेमाल हमेशा मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए किया जाता है और ऐसी तस्वीर बनाई जाती है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का गला घोंटा जा रहा है।

मंत्री ने कहा, 'यह पूरी तरह से गलत है और यह निहित स्वार्थ वाले लोगों और टुकड़े-टुकड़े गिरोह द्वारा फैलाया जा रहा है।' निर्देशक अपर्णा सेन, अदूर गोपालकृष्णन और लेखक रामचंद्र गुहा समेत अन्य द्वारा जुलाई में प्रधानमंत्री को एक खुला पत्र लिखकर मॉब लिंचिंग (पीट-पीटकर हत्या) की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी। बिहार के मुजफ्फरपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्य कांत तिवारी के आदेश के बाद इन हस्तियों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। याचिका एक स्थानीय वकील सुधीर कुमार ओझा ने दर्ज कराई थी।

कर्नाटक के कांग्रेस सांसद ने भी लिखा पत्र

कहा, सार्वजनिक रुख अपनाएं असहमति स्वीकार करें

बंगलुरु, 8 अक्तूबर (भाषा)।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव गौड़ा ने 49 जानी-मानी हस्तियों पर प्राथमिकी दर्ज होने को लेकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि उन्हें सार्वजनिक रुख अपनाकर असहमति को स्वीकार करना चाहिए और देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन देना चाहिए।

उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने जिस 'नए भारत' का वादा किया था, उसमें क्या सरकार या उसकी नीतियों की आलोचना करने वाले प्रत्येक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। गौड़ा ने मोदी को लिखे पत्र में कहा, 'आपको खत लिखने वाले उन 49 भारतीय नागरिकों के खिलाफ दर्ज हुई प्राथमिकी का हम मजबूत तरीके से विरोध करते हैं।' उन्होंने पत्र में कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि आप सार्वजनिक रुख अपनाकर देश को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन दें।'

निर्देशक अपर्णा सेन, अदूर गोपालकृष्णन और लेखक रामचंद्र गुहा समेत अन्य द्वारा जुलाई में प्रधानमंत्री को खत लिख मॉब लिंचिंग (पीट-पीटकर हत्या) की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी। बिहार के मुजफ्फरपुर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्य कांत तिवारी के आदेश के बाद इन हस्तियों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। याचिका स्थानीय वकील सुधीर कुमार ओझा ने दर्ज कराई थी। खत लिखने वालों के खिलाफ राजद्रोह, धार्मिक भावनाएं आहत करने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है।

उन्होंने कहा कि जाति, विश्वास, धर्म, लिंग और राजनीतिक झुकाव से इतर लोगों के कल्याण के लिए जिम्मेदार नेता को अपनी चिंता के बारे में पत्र लिखना कबसे राजद्रोह की वजह बनने लगी? गौड़ा ने पूछा, 'आपने देश को जिस 'नए भारत' का वादा किया है, उसमें सरकार या उसकी नीतियों की आलोचना करने वालों के खिलाफ क्या प्राथमिकियां दर्ज होंगी।' उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री एक ऐसे 'नए भारत' का निर्माण करना चाहते हैं जहां देश के नागरिकों की बात न सुनी जाए और उनकी चिंताओं का निपटारा न किया जाए। गौड़ा ने कहा कि वह यह विश्वास करना चाहेंगे कि प्रधानमंत्री भी अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार का समर्थन करेंगे ताकि 'मन की बात' कहीं 'मौन की बात' न बदल जाएं।

तालाब में डूबने से दो भाइयों सहित 5 बच्चों की मौत

देवास, 8 अक्तूबर (भाषा)।

देवास जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर सोनकच्छ थाना क्षेत्र के गांव खजूरिया कंका में मंगलवार को दोपहर तालाब में नहाने के लिए गए दो सगे भाइयों सहित पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

सोनकच्छ पुलिस थाना प्रभारी अविनाश सिंह सेंगर ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गांव खजूरिया कंका के सात बच्चे नहाने के लिए गांव के पास ही बने छोटे तालाब गए थे। ये सभी बच्चे 11 से 15 साल की उम्र के थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से पांच बच्चे डूबने लगे। यह देख कर बच्चों के दो अन्य साथी ग्रामीणों को खबर देने पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्परता से पानी में डूबे पांचों बच्चों को निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

मूर्ति विसर्जन के दौरान अलग-अलग स्थानों पर आठ युवक डूबे

धौलपुर (राजस्थान), 8 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्थान के धौलपुर जिले में चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में आठ युवक डूब गए, जिनमें से पांच युवकों के शव निकाल लिए गए हैं, तीन की तलाश की जा रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कछावा ने बताया कि मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान सैंपऊ, कोलारी, राजाखेड़ा थाना क्षेत्रों में एक-एक युवक नदी में डूब गए, जबकि दिहोली थाना क्षेत्र में पांच युवक नदी में डूब गए हैं। पांच युवकों के शव बाहर निकाल लिए हैं, जबकि तीन अन्य युवकों की तलाश में प्रशासन, पुलिस और आपदा राहत कर्मियों के दल जुटे है। पुलिस ने बताया कि सैंपऊ थाना क्षेत्र में विसर्जन के दौरान पार्वती नदी में डूबे युवक अमन गौड़ का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

खबर कोना

मंगलवार को विश्व जिमनास्टिक चैंपियनशिप 2019 के मौके पर जर्मनी में कलाबाजी करती रूस की एंजलिना मेलनीकोवा।

बोपन्ना-शापोवालोव शंघाई मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

शंघाई, 8 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ीदार डेनिस शापोवालोव ने मंगलवार को कारेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव की रूसी जोड़ी पर सीधे सेटों में जीत हासिल कर शंघाई मास्टर्स युगल स्पर्धा के प्री क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय-कनाडाई जोड़ी ने शुरूआती दौर में खाचानोव और रूबलेव की जोड़ी को 6-1 6-4 से मात दी। अब इस जोड़ी का सामना बोर्ना कोरिच और रून्हाओ हुआ और लुकास्ज कुबात और मार्सेलो मेलो की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

मुंबई ने गोवा, झारखंड ने सौराष्ट्र को रौंदा

अलूर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल (113) की पहली शतकीय पारी और आदित्य तारे (86) के साथ पहले विकेट के लिए 152 रन की साझेदारी के दम पर मुंबई ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के ग्रुप ए के मैच में गोवा को 130 रन से शिकस्त दी। मुंबई ने 50 ओवर में चार विकेट पर 362 रन का बड़ा स्कोर बनाने के बाद गोवा की पारी को 48.1 ओवर में 232 रन पर समेट दिया। सत्रह साल के जयसवाल का लिस्ट ए क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरा ही मैच है। उन्होंने 123 गेंद की पारी में छह चौके और पांच छक्के लगाए। कप्तान श्रेयस अय्यर (29 गेंद में 47), सूर्यकांत यादव (21 गेंद में नाबाद 34) और शिवम दूबे (13 गेंद में नाबाद 33 रन) की अंतिम ओवर में तेज तर्रार पारी से मुंबई की टीम ने बड़ा स्कोर खड़ा किया। गोवा के लिए कौथांकर (50) ही अर्धशतकीय पारी खेल सके। यहां खेले गए ग्रुप के दूसरे मैच में उत्कर्ष सिंह के हरफनमौला खेल के दम पर झारखंड ने सौराष्ट्र को 130 रन से हराया।

किरण, राहुल डच ओपन के मुख्य ड्रा में

अलमेरे (नीदरलैंड), 8 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण जार्ज और बीएम राहुल भारद्वाज ने मंगलवार को डच ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन दौर में सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरूष एकल मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। किरण ने सीरियाई खिलाड़ी (इस समय नीदरलैंड के झंडे तले खेल रहे हैं) अराम महमूद को 21-15 21-19 से शिकस्त दी जबकि राहुल ने इंग्लैंड के हिन शुन वोंग को 21-7 21-7 से मात दी। मुख्य ड्रा में किरण का सामना जर्गले क्रायूस्ज से होगा। राहुल की भिड़ंत चीन के रेन पेंग बो से होगी। इनके बाद उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और मिथुन मंजूनाथ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

भारत को सुरक्षित रखने के लिए हर सैनिक का धन्यवाद : तेंदुलकर

हिंडन, 8 अक्तूबर (भाषा)।

महान बल्लेबाज और वायुसेना में मानद ग्रुप कैप्टन बनने वाले पहले खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भारतीय वायुसेना के 87वें स्थापना दिवस पर मंगलवार को हिंडन बेस पर हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। तेंदुलकर को 2010 में ग्रुप कैप्टन के पद से सम्मानित किया गया था। वह पत्नी अंजलि के साथ यहां वायुसेना की वर्दी में पहुंचे। इस मौके पर सेना, नौसेना और वायुसेना के प्रमुख भी मौजूद थे।

तेंदुलकर ने ट्विटर के जरीए भारतीय सैनिकों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने हिंदी में ट्वीट किया, 'वायु सेना दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं। भारत को हमेशा सुरक्षित रखने के लिए मैं देश के हर सैनिक को धन्यवाद देता हूं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा जारी स्वस्थ और स्वच्छ भारत मिशन में आपके उत्साह को देखकर मैं कामना करता हूं कि भारत हमेशा स्वस्थ, स्वच्छ और सुरक्षित रहे। जय हिंद!'

इस मौके पर वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने 51 स्कवॉड्रन और नौ स्कवॉड्रन को फरवरी में पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों पर हवाई हमले में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया। बालाकोट अभियान का हिस्सा रहे विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान और अन्य लड़ाकू विमानों के पायलटों ने फ्लायपास्ट में हिस्सा लिया।

87वें वायुसेना दिवस पर गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर वायुसेना प्रमुख राकेश कुमार सिंह भदौरिया, उनकी पत्नी आशा और साथ में सचिन तेंदुलकर

रोहित ने आशीष को हराकर उलटफेर किया, सचिन और शिव भी सेमीफाइनल में

बद्दी, 8 अक्तूबर (भाषा)।

रोहित टोकस (75 किग्रा) ने मंगलवार को चौथी एलीट पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पांचवें दिन एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदकधारी आशीष कुमार को हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष मुक्केबाज सचिन सिवाच (57 किग्रा) और शिव थापा (63 किग्रा) ने भी आसानी से अंतिम चार में स्थान सुनिश्चित किया।

रोहित ने तीसरे दौर के मुकाबले में आशीष को 4-1 से पराजित किया। शिव ने अनुभव और संयम दिखाते हुए एकतरफा मुकाबले में दिल्ली के योगेश टोकस की चुनौती 4-0 से समाप्त की। अब विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदकधारी मुक्केबाज का सामना सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अभिषेक यादव से होगा।

भारत मार्च में 373 बास्केटबॉल क्वालीफायर की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 8 अक्तूबर (भाषा)।

भारत अगले साल मार्च में तोक्यो ओलंपिक खेल 373 बास्केटबॉल क्वालीफाईंग टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। इस खेल की विश्व संस्था फीबा ने यह घोषणा की। टूर्नामेंट में कुल 40 टीमें (20 पुरुष और 20 महिला टीमें) भाग लेंगी। इसके स्थान की घोषणा बाद में की जाएगी।

इस प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय बास्केटबॉल महासंघ (बीएफआइ) के तहत किया जाएगा और अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (फीबा) इसका आयोजक करेगा। फीबा 373 ओलंपिक क्वालीफाईंग टूर्नामेंट में ओलंपिक 2020 के लिए छह स्थान (महिला और पुरुष दोनों वर्गों में तीन - तीन) दांव पर लगे होंगे। यह प्रतियोगिता तोक्यो में ओलंपिक में पदार्पण करेगी जहां महिला और पुरुष वर्ग में आठ-आठ टीमें हिस्सा लेंगी।

बीएफआइ अध्यक्ष गोविंदराज केम्पारेड्डी ने कहा, 'भारत को इस तरह की महत्वपूर्ण प्रतियोगिता की मेजबानी मिलना बहुत बड़ा सम्मान है। हमारे खिलाड़ी पहली बार खेले जा रहे 373 ओलंपिक टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।' फीबा महासचिव आंद्रियास जगकलिस ने कहा कि बंगलुरु में दो एशिया कप और हैदराबाद में 373 विश्व टूर की सफल मेजबानी ने इस टूर्नामेंट को भारत को सौंपने में अहम भूमिका निभाई।

मैरीकॉम क्वार्टरफाइनल में

विश्व स्पर्धा

उलान उदे (रूस), 8 अक्तूबर (भाषा)।

छह बार की चैंपियन एम सी मैरीकॉम (51 किग्रा) ने मंगलवार को अंतिम 16 चरण में मिली जीत के साथ विश्व महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वाार्टरफाइनल में प्रवेश किया। भारत की अनुभवी मुक्केबाज ने थाईलैंड की जुटामास जिटपोंग को 5-0 से मात दी। थाईलैंड की मुक्केबाज ने हालांकि आक्रामक मुक्कों से 36 साल की मैरीकॉम के सामने कड़ी चुनौती पेश की, हालांकि अंक नहीं जुटा सकीं।

5-0	से मात दी थाईलैंड की जुटामास जिटपोंग को
51	किग्रा वर्ग में पहला विश्व पदक हासिल करने की कोशिश में जुटी हैं मैरीकॉम
6	बार की चैंपियन हैं एमसी मैरीकॉम

तीसरी वरीय मैरीकॉम को पहले दौर में बाई मिली थी। उन्होंने पहले तीन मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लगाए और फिर मुकाबले पर शिकंजा कस लिया। मैरीकॉम 51 किग्रा वर्ग में पहला विश्व पदक हासिल करने की कोशिश में जुटी हैं। उन्होंने दूसरे दौर में तेजी पकड़ी और वह अपने जवाबी हमलों में काफी सटीक रहीं।

निराश किया स्वीटी बूरा ने

पूर्व रजत पदकधारी स्वीटी बूरा (75 किग्रा) के रूप में निराशा का सामना करना पड़ा। वह चुनौती देने के बावजूद अपने प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीय लॉरेन प्राइस से 1-3 से हार गईं। प्राइस यूरोपीय खेलों की स्वर्ण पदकधारी हैं जिन्होंने पिछली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह राष्ट्रमंडल खेलों की मौजूदा चैंपियन भी हैं।

यूरोपीय चैंपियनशिप की तीन बार की कांस्य पदकधारी प्राइस की उपलब्धियों को देखते हुए उनसे भिड़ना आसान नहीं था लेकिन स्वीटी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और कहीं भी उनसे भयभीत नहीं दिखीं। लेकिन अंत में जजों का फैसला प्राइस के पक्ष में रहा।

धवन का अर्धशतक बेकार, उत्तर प्रदेश ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया

वड़ोदरा, 8 अक्तूबर (भाषा)।

शिखर धवन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद दिल्ली को मंगलवार को यहां विजय हजारे ट्राफी के ग्रुप बी मैच में उत्तर प्रदेश से पांच विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। सीमित ओवरों में भारतीय पारी का आगाज करने वाले धवन ने 74 गेंद में 54 रन की पारी खेली जिनके बाद छठे नंबर के बल्लेबाज हिम्मत सिंह ने 77 गेंद में 64 रन बनाकर दिल्ली को 50 ओवर में आठ विकेट पर 204 रन बनाने में मदद की।

उत्तर प्रदेश ने खराब शुरूआत से उबरते हुए 29 ओवर में पांच विकेट पर 207 रन बनाकर जीत हासिल की। प्रियम गर्ग ने 52 गेंद में 79 और उपेंद्र यादव ने 62 गेंद में 57 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों में मोहसिन खान ने तीन विकेट जबकि अंकित राजपूत ने दो विकेट प्राप्त किए। एक अन्य मैच में विदर्भ ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते हरियाणा पर नौ विकेट से जीत हासिल की। विदर्भ के लिए दर्शन नलकंडे ने 25 रन देकर चार विकेट झटके।

कप्तान अमित मिश्रा का टास जीतकर बल्लेबाजी का फैसला उलटा पड़ गया और हरियाणा की टीम 30.5 ओवर में 83 रन पर सिमट गई।

जितेश शर्मा (11) का विकेट गंवाने के बाद सलामी बल्लेबाज फैज फजल (38) और कप्तान वसीम जाफर (32) ने 66 रन की साझेदारी की जिससे विदर्भ ने 20.4 ओवर में एक विकेट पर 85 रन बनाकर जीत हासिल की।

पुडुचेरी ने सिक्किम को 10 विकेट से रौंदा

देहरादून, 8 अक्तूबर (भाषा)।

तेज गेंदबाज ए राजीव (37 रन पर छह विकेट) की करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से पुडुचेरी ने विजय हजारे एकदिवसीय ट्राफी के प्लेट ग्रुप के मुकाबले में मंगलवार को सिक्किम को 10 विकेट से हराकर शीर्ष पर अपनी जगह मजबूत की। राजीव को बायें हाथ के स्पिनर सागर उदेशी का भी साथ मिला जिन्होंने महज सात रन खर्चकर तीन विकेट लिए। सिक्किम की टीम 36.3 ओवर में 112 रन पर आउट हो गई।

श्रीलंका ने पाकिस्तान से टी20 श्रृंखला जीती

लाहौर, 8 अक्तूबर (भाषा)।

भानुका राजपक्षे के अर्धशतक और नुवान प्रदीप की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका ने पाकिस्तान को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 47 रन से शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बना ली। सोमवार की रात खेले गए इस मैच में पाकिस्तान के सामने 183 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 19 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें इमाद वसीम ने सर्वाधिक 47 रन बनाए।

श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज प्रदीप ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 25 रन देकर

चार विकेट लिए। लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने 38 रन देकर तीन विकेट लिए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बायें हाथ के तेज गेंदबाज इसुरू उदाना ने 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

साथ में फुटबाल खेले धोनी और पेस

मुंबई, 8 अक्तूबर (भाषा)।

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने यहां चैरिटी फुटबाल मैच में हिस्सा लिया। धोनी का कामकाज देखने वाली कंपनी रिति स्पोर्ट्स ने सोमवार को फेसबुक पर इन दोनों खिलाड़ियों और कई अन्य की तस्वीरें साझा की। इसमें कहा गया, 'चैरिटी फुटबाल मैच के लिए मुंबई में भारतीय टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस के साथ कैप्टेन कूल महेंद्र सिंह धोनी।'

स्मिथ, वार्नर की टी20 टीम में वापसी, आस्ट्रेलिया की निगाह विश्व कप पर

सिडनी, 8 अक्तूबर (एएफपी)।

टैस्ट और एकदिवसीय टीम में जगह बनाने के बाद स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ने मंगलवार को आस्ट्रेलिया की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में भी वापसी की। आस्ट्रेलिया ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए दोनों बल्लेबाजों को 14 सदस्यीय टी20 टीम में शामिल किया है। दोनों को गेंद से छेड़छाड़ मामले में एक साल के लिए प्रतिबंधित किया गया था। इसके बाद उन्होंने टैस्ट, वनडे और अब टी20 में वापसी की है।

मुख्य चयनकर्ता ट्रेवर हॉन्स ने कहा, 'हम स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर का टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी पर स्वागत करते हैं। स्टीव सभी प्रारूपों में विश्वस्तरीय बल्लेबाज हैं जबकि वार्नर टी20 में आस्ट्रेलिया की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस साल सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलते हुए इंडियन प्रीमियर लीग में भी सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।'

जिस टी20 टीम का चयन किया गया है वह इस महीने के अंतिम सप्ताह से शुरू होने वाली श्रृंखलाओं में श्रीलंका और पाकिस्तान का सामना करेगी लेकिन हॉन्स ने कहा कि उनकी

निगाहें अगले साल के विश्व कप पर हैं जिसकी मेजबानी आस्ट्रेलिया करेगा। उन्होंने कहा, 'आस्ट्रेलिया एक साल बाद पुरुषों के टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा और हमने उसे ध्यान में रखकर इस टीम का चयन किया है।' आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच एडिलेड में 27 अक्तूबर से शुरू होगा। इसके बाद वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन नवंबर से तीन टी20 मैचों की श्रृंखला खेलेगा।

आस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है : एरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, एलेक्स केरी, पैट कमिन्स, ग्लेन मैक्सवेल, बेन मैकडरमोट, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, बिली स्टानलेक, मिशेल स्टार्क, एश्टन टर्नर, एंड्र्यू टाय, डेविड वार्नर, एडम जम्पा।

नेट सत्र के दौरान गेंद से फ्रैक्चर हुआ अंगूठा | झटका | पूजा वस्त्राकर उनकी जगह टीम में शामिल

चोटिल होने के कारण एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर मंधाना

वडोदरा, 8 अक्तूबर (भाषा)।

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगी। श्रृंखला से 23 साल की खिलाड़ी के बाहर होने से भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। रविवार को नेट सत्र के दौरान गेंद से चोटिल होने के कारण उनके दायें पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया। हरफनमौला पूजा वस्त्राकर को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन ने कहा कि एनसीए में फिजियो के आकलन के बाद ही मंधाना की वापसी के बारे में कुछ पता चलेगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह एक छोटा फ्रैक्चर है। उनकी वापसी की समयसीमा तय करना मुश्किल है क्योंकि अभी एमआरआइ नहीं हुआ है। सूजन है और एमआरआइ के लिए सूजन का कम होना जरुरी है। इसके बाद ही उनकी स्थिति का आकलन किया जा सकता है।' कप्तान मिताली राज ने कहा कि मंधाना की अनुपस्थिति अन्य खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेगी।

'यह एक छोटा फ्रैक्चर है। उनकी वापसी की समयसीमा तय करना मुश्किल है क्योंकि अभी एमआरआइ नहीं हुआ है। सूजन है और एमआरआइ के लिए सूजन का कम होना जरुरी है। इसके बाद ही उनकी स्थिति का आकलन किया जा सकता है।'

मुख्य कोच डब्ल्यूवी रमन

उन्होंने कहा, 'वह (मंधाना) एक अनुभवी खिलाड़ी हैं। लेकिन अन्य खिलाड़ियों ने घरेलू मैचों में बहुत रन बनाए हैं। यह श्रृंखला आइसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं है। इसलिए हमारे पास नए खिलाड़ियों को आजमाने का मौका है। मैं सकारात्मक हूं कि जिसे भी मौका मिलेगा वह इसका पूरा इस्तेमाल करेगा।' भारत ने सूरत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में संपन्न टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 3-1 से जीत दर्ज की थी।

मंधाना ने हालांकि श्रृंखला के दौरान संघर्ष किया और उन्होंने अपनी चार पारियों में 21, 13, 7 और पांच रन बनाए। इस श्रृंखला में भारतीय महिला टीम का पलड़ा भारी रहेगा क्योंकि टीम घरेलू परिस्थितियों से परिचित है। टीम को अनुभवी मिताली और झूलन गोस्वामी जैसे दिग्गजों का साथ मिलेगा। मंधाना की अनुपस्थिति में हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और वेदा कृष्णमूर्ति को बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टी20 श्रृंखला के छठे और अंतिम मुकाबले में 105 रन की जीत दर्ज करने के बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम भी आत्मविश्वास से लबरेज होगी।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी

कजान (रूस), 8 अक्तूबर (भाषा)।

तसनीम मीर के अलावा इशान भटनागर और तनीशा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को यहां भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए जीत दर्ज की। सतीश कुमार के और रम्या वेंकटेश की मिश्रित युगल जोड़ी भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रही।

तनीशा और इशान की जोड़ी ने अपने अभियान की शुरुआत इटली की एनरिको बारोनी और शिआरा पास्सेरी की जोड़ी को 21-12 21-10 से हराकर की। महिला एकल में तसनीम ने फिनलैंड की तुली वासिक्कानीमि को 21-4 21-8 से शिकस्त दी। अदिति भट्ट, तृषा हेगड़े और उन्नति बिष्ट भी महिला एकल के अंतिम 32 में पहुंचने में सफल रहीं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 325, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।